CMYK

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 09°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 19 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 132 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 27 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई पेज 2




भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 2024 में 260 सैंपल पॉजिटिव खेल टाइम्स



दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है सम्पादकीय



भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत पेज 12

# भारी हंगामे के बीच वीबी जी-राम जी विधेयक पारित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को विपक्ष के भारी हंगामे और विरोध के बीच विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) वीबी -जी राम-जी (विकसित भारत जी राम जी) विधेयक 2025 पारित किया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा का स्थान लेने वाले वीबी जी-राम जी विधेयक पर बुधवार मध्यरात्रि तक चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि इस विधेयक के माध्यम से महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम कर बापू के आदर्शों को जिंदा रखने का काम किया गया है। यह गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श ग्राम की स्थापना करेगा, जिसमें लोगों को सभी प्रकार की सुविधाएं उनकी पहुंच में होगी।



- लोकसभा में विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले-चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम
- निजी क्षेत्र के लिए खुले परमाणु ऊर्जा के दरवाजे, दोनों सदनों में पारित हुआ परमाणु ऊर्जा विधेयक

उन्होंने कहा कि हम किसी से भेदभाव नहीं करते हैं। बापू हमारी प्रेरणा और श्रद्धा हैं। पूरा देश हमारे लिए एक है। हमारे विचार संकीर्ण और संकुचित नहीं है। कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का जवाब सुनना ही नहीं चाहती है। उन्होंने कहा कि असल मायने में मनरेगा के फंड का दुरुपयोग किया गया है। दूसरी तरफ हमारी सरकार -शेष पृष्ठ दो पर

## मनरेगा खत्म करने की साजिश है वीबी जी रामजी

- खड़गे-प्रियंका ने कहा: बिल गरीबों के खिलाफ कांग्रेस विधेयक का करेगी विरोध

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (संशोधन) विधेयक 2025' गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है, जिसका सख्त विरोध किया जाएगा।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा में 'वीबी-जी- राम-जी (संशोधन) विधेयक 2025 के पारित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि यह बिल गरीबों के खिलाफ है। वह और उनकी पार्टी इस विधेयक का विरोध करेगी। इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा। जैसे ही इसका बोझ राज्यों पर पड़ेगा, यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी।' उन्होंने कहा कि मनरेगा को खत्म करने वाले इस विधेयक का उनका गठबंधन पूरी तरह से विरोध करेगा।

## पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

- छह लोग घायल
- बरेली से कैंची धाम जा रहे थे पर्यटक

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के भवाली में भवाली-अल्मोड़ा मोटर मार्ग में वीरवार को पर्यटकों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना में तीन पर्यटकों की मौत हो गई जबकि 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गुरुवार को करीब सुबह 9.30 बजे वाहन स्कॉर्पियो नंबर यूपी 25 डीजेड-4653 से बच्चे व चालक समेत कुल 9 पर्यटक इज्जतनगर बरेली से कैंची धाम को आ रहे थे कि भवाली पेट्रोल पंप से अल्मोड़ा मोटर मार्ग की ओर करीब 500 मीटर की दूरी पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मय एसडीआरएफ तथा फायर सर्विस मौके पर पहुंची बाद में प्राथमिक उपचार के लिए सभी को हायर सैंटर रेफर किया गया। घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जिसमें गंगा देवी (55) पत्नी भूप राम, बृजेश कुमारी पत्नी राहुल पटेल (26) निवासी ग्राम चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली तथा नैंसी गंगवार (24) पुत्री जयपाल सिंह गंगवार निवासी पीलीभीत बरेली की मौत हो गई, जबकि ऋषि पटेल उर्फ -शेष पृष्ठ दो पर

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में घना जहरीला स्मॉग, एक्यूआई 'बहुत खराब' से गंभीर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को ज्यादातर हिस्सों में जहरीले स्मॉग की घनी परते छाई रहने से दृश्यता तेजी से कम हो गई और लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा। इंडिया गेट, एम्स, अक्षरधाम, आईटीओ और बारापुला फ्लाईओवर जैसी खास जगहों से मिले दृश्यों में शहर भर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने से दृश्यता बहुत कम हो गई। दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में एक्यूआई का स्तर बहुत खराब से लेकर गंभीर तक बना रहा।

### दिल्ली में सख्ती, जगह-जगह गाड़ियों की चेकिंग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार-गुरुवार रात 12 बजे से ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप) का चौथा फेज लागू हो गया है। इसके तहत कई सख्त नियम लगाए गए है। दिल्ली में गुरुवार से सिर्फ बीएस-6 इंजन वाली गाड़ियों को एंट्री मिल रही है। इससे कम मानक वाले, दिल्ली के बाहर की गाड़ियों को शहर में आने नहीं दिया जा रहा है। इस फैसले से दिल्ली में बाहर से रोजाना आने-जाने वाली 12 लाख गाडियों पर असर पड़ा है।

### अभद्र टिप्पणी मामले में आजम दोष मुक्त

**रामपुर।** रामपुर जिले की एक अदालत ने पूर्व मंत्री मंत्री आजम खां को प्रशासनिक अधिकारियों से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में दोष मुक्त करार दिया है। मामले में अभियोजन साक्ष्य साबित नहीं कर सका। पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खां के मुकदमों की सुनवाई तेजी से चल रही है। ज्यादातर मुकदमे फैसले के करीब आ गए हैं। गुरुवार को फिर एक अन्य मुकदमे में फैसला आया।

### प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का निधन

**नोएडा।** प्रख्यात मूर्तिकार राम सुतार का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 100 वर्ष के थे। श्री सुतार के पुत्र अनिल सुतार ने अपने पिता के निधन की जानकारी दी। श्री राम सुतार ने देर रात अपने नोएडा स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका गुरुवार दोपहर को नोएडा के सेक्टर 94 स्थित श्मशान स्थल पर अंतिम संस्कार किया गया। श्री सुतार के पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।

# आवारा कुत्ते मामले में सुप्रीम कोर्ट सख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कहा: अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा, मानवता आखिर है क्या

**नई दिल्ली।** आवारा कुत्तों से जुड़े मामले में दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। दिल्ली नगर निगम द्वारा बनाए गए कुछ नियमों को अमानवीय बताने वाली आपत्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई में एक वीडियो चलाया जाएगा और पूछा जाएगा कि मानवता आखिर है क्या।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो इस मामले में पक्ष रख रहे हैं, ने बताया कि इस प्रकरण की सुनवाई के लिए गुरुवार को गठित होने वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ की बैठक रद्द कर दी गई है। इस पर न्यायमूर्ति नाथ ने स्पष्ट किया कि अब यह मामला 7 जनवरी को सूचीबद्ध किया जाएगा। अधिवक्ता सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि इस बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने कुछ ऐसे नियम बना दिए हैं जो पूरी तरह से विपरीत हैं। जब पीठ ने कहा कि वह 7 जनवरी को इस मामले पर विचार करेगी, तो सिब्बल ने कहा कि अधिकारी दिसम्बर में ही नियमों को लागू कर देंगे। उन्होंने तर्क दिया कि वे इसे लागू करेंगे और कुत्तों को हटा देंगे। उनके पास आश्रय स्थल नहीं हैं। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि कोई बात नहीं, उन्हें करने दीजिए, हम इस पर विचार करेंगे। सिब्बल ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों के पास कुत्तों के लिए आश्रय स्थल तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जो कुछ किया जा रहा है वह बेहद अमानवीय है। न्यायमूर्ति मेहता ने सिब्बल से कहा कि अगली तारीख को हम आपके हित में एक वीडियो चलाएंगे और आपसे पूछेंगे कि मानवता क्या है। सिब्बल ने जवाब दिया कि वे यह दिखाने के लिए एक वीडियो भी चलाएंगे कि क्या हो रहा था। सिब्बल ने कहा कि समस्या यह है कि आपके माननीय न्यायाधीश ने एक आदेश पारित किया है और हम उसका सम्मान करते हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि वैधानिक नियम हैं। पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 7 जनवरी को विचार करेगी। बता दें कि 7 नवम्बर को, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सर्वोच्च न्यायालय ने उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद आवारा कुत्तों को तुरंत निर्दिष्ट आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने यह भी कहा था कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। पीठ ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा जानवरों को हटाने को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। इसमें कहा गया था कि खेल परिसरों सहित संस्थागत क्षेत्रों के भीतर कुत्ते के काटने की घटनाओं की पुनरावृत्ति न केवल प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाती है, बल्कि इन परिसरों को रोके जा सकने वाले खतरों से सुरक्षित करने में प्रणालीगत विफलता को भी दर्शाती है। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों के खतरे को लेकर स्वत: संज्ञान लेते हुए दायर मामले में कई निर्देश जारी किए थे।



### रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किए बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसला सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने कहा कि कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों।

# घने कोहरे से उत्तर, पूर्वी भारत में उड़ानें प्रभावित

**नई दिल्ली।** घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण दिल्ली, चंडीगढ़, पटना और उत्तर व पूर्वी भारत के अन्य हवाई अड्डों पर उड़ान संचालन प्रभावित होने के बीच कई एयरलाइनों ने यात्रियों के लिए परामर्श जारी किया है।

एयर इंडिया ने चेताया है कि अगले कुछ दिनों में घना कोहरा दिल्ली और कई अन्य हवाई अड्डों पर परिचालन सेवा को प्रभावित कर सकता है, जिसका संभावित प्रभाव इसके पूरे नेटवर्क पर पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा कि आपकी यात्रा की बेहतर योजना में मदद करने के लिए, विशेष रूप से त्यौहारों के सीजन दौरान, हमारा अनुरोध है कि आप एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें। आपकी सुविधा के लिए एयर इंडिया ने कोहरे से संबंधित व्यवधानों को कम करने के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं। हालांकि, यदि घने कोहरे के कारण अचानक उड़ानें रद्द होती हैं या अधिक देरी होती है, तो हमारे ग्राउंड स्टाफ के सहयोगी आपकी सहायता के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे और वैकल्पिक व्यवस्थाएं करेंगे। एयरलाइन के 'फॉगकेयर' पहल के तहत, प्रभावित होने वाली उड़ानों के यात्रियों को पहले से सूचना मिलेगी और वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उड़ान बदल सकते हैं या फिर बिना किसी जुर्माने के पूरा किराया मांग सकते हैं। इंडिगो ने कहा कि उत्तर और पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों में कोहरे का पूर्वानुमान जताया गया है, जिससे दृश्यता कम हो सकती है और शुरुआती घंटों के दौरान उड़ान परिचालन की गति धीमी हो सकती है। सुरक्षा के मद्देनजर, कुछ उड़ानों में देरी भी हो सकती है या बदलाव हो सकते हैं।



- एयरपोर्ट के लिए निकलने से पहले अपनी 'फ्लाइट स्टेटस' को अच्छी तरह से देख लें :एयरलाइंस

### यूपी में 30 जिलों में घना कोहरा, कई फ्लाइट्स, ट्रेनें लेट, हेमकुंड में माइनस 20 डिग्री सेल्सियस पारा

**नई दिल्ली।** राजस्थान में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। फतेहपुर, डूंगरपुर, लूणकरणसर और नागौर में बुधवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। नागौर में सबसे कम, 3.7 डिग्री तापमान रहा। फतेहपुर में 3.8, लूणकरणसर में 4.3, डूंगरपुर में 4.9 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। उत्तर प्रदेश के 30 जिलों में गुरुवार सुबह कोहरे की मोटी परत छाई रही। प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, अमेठी, अयोध्या सहित कई जिलों में विजिबिलिटी जीरो या अधिकतम 10 मीटर रही। सड़कों पर वाहन चालकों को सामने कुछ भी नहीं दिख रहा था। यूपी में घने कोहरे के कारण बुधवार को 7 फ्लाइट्स लेट हुईं। एक उड़ान रद्द करनी पड़ी, जबकि एक अन्य को डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें घंटों देरी से चलीं। राज्य में बीते 4 दिनों में 150 से ज्यादा सड़क हादसों में 150 वाहनों की टक्कर हुई।

### दिल्ली ब्लास्ट मामले में 9वीं गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गई थी। कई अन्य घायल हो गए थे। एनआई की ओर से जारी बयान के मुताबित, आरोपी को मामला संख्या आरसी -21/2025/ एनआईए/डीएलआई के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि 10 नवम्बर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी।





प्रयागराज : कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत एमजीएनआरईजीए का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन किया।

# हर प्रकार की चुनौतियों के लिए तैयार है वायुसेना: राजनाथ सिंह

- रक्षा मंत्री ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण बताया
- अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताया

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना को प्रौद्योगिकी में निपुण, अभियानों के लिए फुर्तीली और आत्मविश्वास से लबरेज भविष्य की सेना बताते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बलों ने देश की ताकत और अभियान क्षमता का बखूबी से प्रदर्शन किया।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कमांडरों से ऑपरेशन सिंदूर से सबक लेते हुए भविष्य की हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी की लड़ाई सिर्फ हथियारों की लड़ाई नहीं है, यह विचारों, प्रौद्योगिकी और जल्द से जल्द स्थिति के अनुरूप ढलने क्षमता की लड़ाई है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त किया कि सरकार सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आर्म्ड फोर्सेज ने भारत की हाई-इम्पैक्ट, कम समय की ऑपरेशनल क्षमता दिखाई। वायुसेना की सराहना करते हुए उन्होंने कहा यह कि टेक्नोलॉजी में एडवांस्ड, ऑपरेशन में फुर्तीली, स्ट्रेटेजिक रूप से कॉन्फिडेंट और भविष्य को ध्यान में रखने वाली फ़ोर्स है, जो लगातार बदलती ग्लोबल व्यवस्था के बीच देश के हितों की रक्षा कर रही है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवादी कैंपों को नष्ट करने और 'स्ट्राइक' के बाद पाकिस्तान की गैर-जिम्मेदाराना प्रतिक्रिया को असरदार तरीके से संभालने की हिम्मत, तेजी और सटीकता के लिए वायुसेना की तारीफ़ की। वायु रक्षा प्रणाली क्षमता में लोगों के भरोसे पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर, जब दुश्मन हमला करता है, तो लोग छिप जाते हैं, लेकिन जब पाकिस्तानी सेना ने भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, तो भारत के लोग शांत रहे और अपने रोजाना के काम करते रहे।



# तलाक के लिए एक साल अलग रहना जरूरी नहीं

- दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा: पति-पत्नी को अनचाहे रिश्ते में उलझाए रखना गलत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि आपसी सहमति से तलाक लेने वाले पति-पत्नी के लिए एक साल तक अलग रहने की शर्त अनिवार्य नहीं है।

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम (एचएमए), 1955 के तहत बनाए गए इस शर्त को सही मामलों में माफ किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, पति-पत्नी को शादी के बंधन से मुक्त करने के बजाय, उन्हें एक गलत रिश्ते में उलझाए रखना गलत होगा। इससे दोनों पर अनावश्यक मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक तनाव पड़ेगा। यह स्पष्टीकरण एक डिवीजन बेंच द्वारा किए गए एक रेफरेंस के जवाब में आया, जिसमें अधिनियम के तहत आपसी सहमति से तलाक के लिए याचिका पेश करने की समयसीमा पर मार्गदर्शन मांगा गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### ईओडब्ल्यू ने फर्जी नौकरी मामले में दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आर्थिक अपराध शाखा ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरा. प में एक महिला समेत दो लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि 2024 में दर्ज प्राथमिकी से संबंधित आरोपपत्र न्यायिक फैसले के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बडगाम की अदालत में पेश किया गया। यह मामला एक लिखित शिकायत से शुरू हुआ, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के जरिहामा की रहने वाली इशरत बानो ने शिकायतकर्ता को यह कहकर कि उसका पति सरकारी उसे नौकरी दिला देगा, 11 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने यह पैसे एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। हालांकि उसे न तो कोई नौकरी मिली और न ही पैसे वापस किए गए। ईओडब्ल्यू ने शिकायत मिलने पर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि रकम आरोपी गुलजार अहमद वानी उर्फ शाहिद, जरिहामा/ लिडरवान, कुपवाड़ा निवासी के बैंक खाते में जमा की गई थी।

### धार्मिक भावनाओं को आहत करने के मामले में तीन लोग गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में बताया कि खेल्लानी के सरसी गांव में धार्मिक भावनाएं आहत करने के मामले में शामिल तीन लोगों को पुलिस ने घटना के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कहा कि डोडा थाने में कानून की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच शुरू कर दी गई है।

# कश्मीर में 20 दिसम्बर से बर्फबारी का अनुमान

**श्रीनगर, वार्ता**

■ कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी

कश्मीर में मौसम विभाग ने लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम 20 दिसम्बर से समाप्त होने का अनुमान लगाया है। श्रीनगर मौसम विज्ञान केंद्र ने गुरुवार को जम्मू- कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का 20-21 दिसम्बर को हिमपात का अनुमान कश्मीर घाटी में सर्दियों के सबसे भीषण दौर चिल्लई कलां की शुरुआत के साथ मेल खाता है। कश्मीर में नवम्बर की शुरुआत से ही लंबे समय से शुष्क मौसम है।

मौसम विभाग ने कहा कि 20-21 दिसम्बर को सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है, कश्मीर संभाग के ऊंचे इलाकों में हल्की से मध्यम बर्फबारी होगी और जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होगी। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार शुक्रवार तक आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और उत्तरी एवं मध्य कश्मीर के कुछ ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी हो सकती है। हालांकि 20 दिसम्बर की देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के ज्यादा सक्रिय होने का अनुमान है। बारिश की तीव्रता 20 दिसम्बर की देर रात से 21 दिसम्बर के दोपहर तक चरम पर रहने की उम्मीद है। 22 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहने और छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है, जबकि 23 से 29 दिसम्बर तक आंशिक रूप से या सामान्य रूप से बादल छाए रहने का अनुमान है। जबकि ऊंचे इलाकों में 30 और 31 दिसम्बर को हल्की बर्फबारी होने का अनुमान है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुपवाड़ा, बांदीपा. रा और गांदरबल जिलों के कुछ ऊंचे इलाकों में, विशेष रूप से 21 दिसम्बर को, मध्यम से भारी बर्फबारी हो सकती है। यात्रियों एवं चालकों को सलाह दी गई है कि वे मौसम अपडेट पर नजर रखें और अपनी यात्रा की योजना उसी अनुसार बनाएं तथा यातायात एवं प्रशासनिक निर्देशों का सख्ती से पालन करें। मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही होने से और बर्फबारी होने से घाटी में लंबे समय से चल रहे शुष्क मौसम की स्थिति से राहत मिलने की उम्मीद है।

# वंदे मातरम पर चर्चा कर मुद्दों से भाग रही सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है। गुरुवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है। उन्होंने कहा कि खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी। धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है। कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी घूम रहे हैं। कोडीन भैया पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। पर्यावरण को लेकर काफी चिंता है। दिल्ली का एक्यूआई क्या है। जब सब लोग सवाल उठा रहे हैं, तो बोल रहे हैं सरकारी एप पर देखिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मुद्दों को लेकर विधायको के साथ बैठक की गई है। अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में प्रदूषण की गंभीर स्थिति के कारण भारत-दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट मैच रद्द करना पड़ा, लेकिन सरकार के लोग दावा कर रहे हैं कि एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) ठीक था। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार यह एक्यूआई के आंकड़े कहां से ला रही है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार स्वतंत्र एजेंसियों के आंकड़ों को नकार कर प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे पर चर्चा से बचना चाहती है।

### फॉग नहीं बल्कि स्मांग की वजह से रद्द हुआ भारत दक्षिण अफ्रीका मैच: अखिलेश

**लखनऊ।** लखनऊ में भारत दक्षिण अफ्रीका टी20 मैच रद्द होने का परोक्ष रुप से भारतीय जनता पार्टी को जिम्मेदार ठहराते हुए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि क्रिकेट मैच न हो पाने की वजह कोहरा नहीं बल्कि प्रदूषण था, क्योंकि भाजपा सरकार ने शुद्ध हवा के लिए बनाए गए पार्कों को बरबाद कर दिया है। यादव ने बुधवार देर रात एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में आयोजित होनेवाला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है।

## खेती के साथ खिलवाड़ अब 'सामान्य अपराध' नहीं

# उप्र में खाद माफिया पर होगी रासुका में कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने खाद की कालाबाजारी के खिलाफ अब तक की सबसे सख्त कार्रवाई करते हुए साफ संदेश दिया है कि खेती और किसान हितों से जुड़ा अपराध किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर खाद माफिया के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) जैसी कठोर कार्रवाई की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि उर्वरकों की कालाबाजारी केवल आपूर्ति या प्रशासनिक लापरवाही का मामला नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा, किसान की आजीविका और प्रदेश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर अपराध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो लोग किसानों को संकट में डालकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, वे केवल कानून नहीं तोड़ रहे, बल्कि देश और प्रदेश की खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे तत्वों को 'सामान्य अपराधी' मानकर नहीं छोड़ा जाएगा। जरूरत पड़ी, तो उनके खिलाफ एनएसए जैसी कठोर धाराएं लगाई जाएंगी, ताकि वे लंबे समय तक समाज के लिए खतरा न बन सकें। योगी सरकार ने खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी और ओवररेटिंग की शिकायतों पर त्वरित एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। अब केवल नोटिस या चेतावनी देकर मामले को ठंडे बस्ते में नहीं डाला जाएगा। जिला प्रशासन को अधिकार दिया गया है कि वह मौके पर ही सख्त कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़े, यह सरकार के लिए स्वीकार्य नहीं है।

अगर कहीं भी कालाबाजारी की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी सीधे हस्तक्षेप करेंगे और दोषियों पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। योगी सरकार ने खाद की आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए सरप्राइज इंस्पेक्शन का तंत्र मजबूत किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब केवल दुकानदार ही नहीं, बल्कि निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अफसर भी जवाबदेह होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, दर सूची और वितरण प्रक्रिया की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी स्तर पर मिलीभगत या आंख मूंदने की शिकायत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ भी कार्रवाई तय है। योगी सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में डेली स्टॉक रिपोर्टिंग सिस्टम लागू किया है। इसके तहत हर खाद दुकान और गोदाम को रोजाना उपलब्ध स्टॉक, बिक्री और शेष मात्रा की जानकारी ऑनलाइन अपलोड करनी होगी। इससे न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि किसी भी जिले या ब्लॉक में संभावित कमी का पहले ही आकलन किया जा सकेगा। ऐसे में तकनीक का इस्तेमाल कर खाद माफिया की हर चाल पर नजर रखी जा रही है और समय रहते कार्रवाई की जा रही है।

### सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा भातखंडे विश्वविद्यालय: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्तिथ भातखंडे विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि भातखंडे विश्व. विद्यालय सांस्कृतिक विरासत का प्रमुख केंद्र रहा है और आने वाले समय में भी देश की सांस्कृतिक चेतना को दिशा देता रहेगा। भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ में मंगलवार को शताब्दी समारोह का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की 100 वर्ष की यात्रा के उपलक्ष्य में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

# वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में चर्चा करा सकती है सरकार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ बैठक में मुख्यमंत्री योगी, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शुक्रवार से शुरु हो रहे राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र से पहले गुरुवार को विधानभवन में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है।

इस बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा सहित विभिन्न दलों के नेता मौजूद रहे। इससे पहले शीतकालीन सत्र की रूपरेखा तय करने के लिए कार्यमंत्रणा समिति की बैठक भी बुलाई गई। सूत्रों के अनुसार सरकार 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सदन में विशेष चर्चा कराने पर विचार कर रही है। हालांकि इस संबंध में अंतिम निर्णय कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र 19 दिसम्बर से शुरू होकर 24 दिसम्बर तक चलेगा।,

सत्र की अवधि को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाए हैं। सर्वदलीय बैठक में शामिल होने जाते समय समाजवादी पार्टी के नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसी वजह से शीतकालीन सत्र को इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने सत्र की अवधि बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता से जुड़े सवालों पर विस्तार से चर्चा जरूरी है।



**सेंसेक्स** 85213.36
**निफ्टी** 26027.30



**सोना रु.** 133442
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 192222
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव सेंसेक्स 78 अंक लुढ़का

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 77.84 अंक (0.09 प्रतिशत) टूटकर 84,481.81 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी तीन अंक यानी 0.01 प्रतिशत उतरकर 25,815.55 अंक पर सपाट बंद हुआ। बाजार में आज काफी उतार-चढ़ाव देखा गया। सुबह गिरावट में खुलने का बाद संसेक्स नीचे 84,238.43 अंक और ऊपर 84,780.19 अंक तक गया। बुधवार को यह 84,559.65 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 0.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.13 प्रतिशत की बढ़त में रहा। मीडिया, ऑटो, रसायन, तेल एवं गैस और फार्मा समूहों के सूचक. ांकों में गिरावट रही, जबकि आईटी, रियलिटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांक चढ़ गए। संसेक्स की कंपनियों में सनफार्मा का शेयर पौने तीन फीसदी के करीब टूट गया। टाटा स्टील और पावरग्रिड में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, भारती एयरटेल, एलएंडटी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिदुस्तान यूनीलिवर के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। टीसीएस का शेयर लगभग दो प्रतिशत मजबूत हुआ। टेक महिंद्रा और इंफोसिस में भी डेढ़ फीसदी से अधिक की तेजी रही। एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, अडानी पोर्ट्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर हरे निशान में रहे।

# बुरा समय बीच चुका है: इंडिगो सीईओ

**नई दिल्ली।** इंडिगो के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने गुरुवार को कहा कि बुरा समय बीत चुका है और 19 साल पुरानी विमान सेवा कंपनी को सिर्फ संकट के 'तीन दिन' के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए।

एल्बर्स ने कर्मचारियों के नाम जारी एक वीडियो संदेश में कठिन समय में साथ देने के लिए कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बुरा समय अब पीछे छूट चुका है। कंपनी आज 2,200 उड़ानों का परिचालन कर रही है। यह टीमवर्क का नतीजा है। उन्होंने कहा कि अब एयरलाइंस तीन बातों पर फोकस कर रही है- खुद को मजबूत बनाना, मूल कारणों का विश्लेषण और पुनर्गठन। कंपनी ने दिसम्बर के पहले सप्ताह में पैदा संकट की जांच के लिए विदेशी विशेषज्ञ की नियुक्ति की है। साथ ही वह खुद भी विभिन्न स्थानों का दौरा कर कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे। वीडियो संदेश में एल्बर्स ने बताया है कि मूल कारणों की विश्लेषण और कर्मचारियों के इनपुट से इंडिगो पहले से कहीं मजबूत और बेहतरीन बनकर उभरेगी। हमने मिलकर 19 साल में जो बनाया है उसे सिर्फ तीन दिन (03-05 दिसम्बर) के आधाार पर नहीं आंका जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 3 दिसम्बर से 5 दिसम्बर तक और उसके बाद भी इंडिगो ने बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द कीं। सबसे बुरा हाल 05 दिसम्बर को रहा, जब 1,500 से अधिक उड़ानें रद्द की गईं। उसने इसके लिए पायलटों की फ्लाइट ड्यूटी से संबंधित नए नियमों और उसके अनुसार रोस्टरिंग में कंपनी विफलता को मुख्य कारण बताया था।

# भारत में यूपीआई से लेन-देन में 33.5 प्रतिशत की वृद्धि: वर्ल्डलाइन इंडिया

**कोलकाता, वार्ता**

भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हो रहा है। इस बात का खुलासा वर्ल्डलाइन इंडिया ने किया है। वर्ल्डलाइन इंडिया ने गुरुवार को डेटा से भरपूर एक संक्षिप्त विवरण जारी किया, जिसमें 2025 की तीसरी तिमाही में देश के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को दर्शाया गया।

इसमें यूपीआई के जरिए लेन-देन की संख्या सालाना 33. 5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 59. 33 अरब हो गई है। यह विवरण वर्ल्डलाइन की प्रमुख इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट का ही एक विस्तार है, जो इस तिमाही में पेमेंट कर्ताओं के बारे में समय पर जानकारी देता है। इस एनालिसिस में यूपीआई के लगातार दबदबे, क्यूआर आधारित व्यापार स्वीकृति में तेजी से बढ़ोतरी, कार्ड जारी करने में लगातार ग्रोथ और मेट्रो शहरों तथा उभरते भारत दोनों में डिजिटल अपनाने में गहराई को उजागर किया गया। क्यू3 2025 ने दुनिया की सबसे डायनामिक रियल टाइम पेमेंट अर्थव्यवस्था के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत किया और कहा कि यहां हर स्कैन, टैप और क्लिक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के व्यवहार को बदल रहा है। रिपोर्ट में बताया गया है कि यूपीआई ने रिकॉर्ड तोड़ने का सिलसिला जारी रखा, लेन-देन सालाना आधार पर 33.5 प्रतिशत बढ़कर 59.33 अरब हो गया और लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 74.84 लाख करोड़ रुपये हो गया है। व्यक्ति से कारोबारी (पी2एम) लेन.देन व्यक्ति से व्यक्ति (पी2पी) से आगे रहे, जो रोजमर्रा के खुदरा लेन-देन में यूपीआई के दबदबे को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार पी2एम लेन-देन 35 प्रतिशत बढ़कर 37. 46 अरब हो गया और पी2पी 29 वृद्धि के साथ 21.65 अरब लेन-देन हो गया है। औसत टिकट साइज घटकर 1,262 रुपये (1,363 रुपये से) हो गया, जो रोजमर्रा के सामान, खाना, हेल्थकेयर की जरूरी चीजों और हाइपरलोकल कॉमर्स जैसे छोटे लेने-देन के लिए बढ़ते इस्तेमाल को दिखाता है। भारत में 70.90 करोड़ सक्रिय यूपीआई क्यूआर हो गए हैं, जो जुलाई 2024 से 21 प्रतिशत ज्यादा हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**भारी हंगामे...** ने विकास कार्यों पर खर्च करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से किसानों और गरीबों का कल्याण होगा। उन्होंने कहा कि नरेगा को महात्मा गांधी के नाम के साथ शुरू नहीं किया गया था। उन्होंने 2009 के चुनावों से पहले वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा था। उन्होंने कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) ने अपने कार्यकाल में इस पर सिर्फ 2.13 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जबकि मोदी सरकार ने 2014 से इस पर 8.53 लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि पहले इसमें भ्रष्टाचार था, लेकिन मोदी सरकार ने इसे भ्रष्टाचार मुक्त बनाया है। ग्रामीण विकास मंत्री ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार अपनी मर्जी से योजनाओं के नाम बदल देती है। इस आरोप का जवाब देते हुए उन्होंने नेहरू गांधी परिवार के सदस्यों के नाम पर कई कल्याणकारी कार्यक्रमों की सूची गिना दी और तर्क दिया कि कांग्रेस का राजनीतिक फायदे के लिए नाम जोड़ने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने कांग्रेस पर महात्मा गांधी के आदर्शों को धोखा देने का भी आरोप लगाया और कहा कि पार्टी ने भारत के बंटवारे को स्वीकार किया और आजादी के बाद कांग्रेस को भंग करने की गांधी की बात को नजर. अंदाज किया। कांग्रेस ने खुद गांधीवादी सिद्धांतों को खत्म कर दिया। उधरसंसद ने गुरुवार को परमाणु ऊर्जा से जुड़े एक अहम विधेयक को मंजूरी दे दी। राज्यसभा ने सिविल परमाणु क्षेत्र में निजी भागीदारी का रास्ता खोलने वाले श्भारत के रुपांतरण के लिए नाभिकीय ऊर्जा का संधारणीय दोहन और अभिवर्द्धन (शांति) विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक बुधवार को लोकसभा से पारित हो चुका है। अब मौजूदा कानून को बदलने के लिए लाए गए विधेयक पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र परमाणु ऊर्जा पर सरकार का एकाधिकार खत्म करने की ओर कदम बढ़ा देगा। विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए परमाणु ऊर्जा विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि परमाणु ऊर्जा 24गुणा 7 विश्वसनीय बिजली आपूर्ति का स्रोत है, जबकि अन्य नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों में यह निरंतरता नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा तंत्र से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। जितेंद्र सिंह ने विकिरण को लेकर जताई जा रही आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि अब तक आम जनता के लिए किसी भी प्रकार के विकिरण-संबंधी खतरे की कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने केंद्र सरकार को आगाह किया कि परमाणु क्षेत्र में सार्वजनिक उपक्रमों की कीमत पर निजी कंपनियों को बढ़ावा देना राष्ट्रीय हित में नहीं है। उन्होंने फांस का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां परमाणु ऊर्जा पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में है। रमेश ने विदेशी तकनीक के बजाय भारत के स्वदेशी 700 मेगावाट के रिएक्टरों को मानक बनाने और देश के विशाल थोरियम भंडार के उपयोग पर जोर दिया। वहीं, भाजपा सांसद किरण चौधरी ने बिल का समर्थन करते हुए इसे आधुनिक परमाणु कानून बताया, जो कड़े सुरक्षा मानकों के साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करेगा।

**पर्यटकों का...** यूवी (7) पुत्र राहुल पटेल, स्वाति (20) पत्नी भूप राम, अक्षय (20) पुत्र ओमेंद्र, राहुल पटेल (35) पुत्र भूप राम निवासीगण चावण पोस्ट मुडिया थाना इज्जतनगर बरेली, करन (25) पुत्र जितेंद्र निवासी गुजरात तथा ज्योति (25) पत्नी करन निवासी गुजरात घायल हो गए। घाटना किस वजह से हुई इसका अभी स्पष्ट कारण पता नहीं चल पा रहा है।

# सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा: गडकरी

**नई दिल्ली, वार्ता**



केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद करने वालों को अब पुलिस से पूछताछ या अन्य किसी तरह की परेशानी का सामना करना नहीं पड़ेगा और उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा।

गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि सरकार ने ऐसे प्रावधान किए हैं, जिससे सड़क दुर्घटना में घायल होने वाले लोगों को चिकित्सीय सहायता देने या अस्पताल पहुंचाने वालों को अब पुलिस परेशान नहीं करेगी और वे किसी तरह के कानूनी पचड़े में भी नहीं पड़ेंगे। घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी जाएगी। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने बताया कि घायलों के अस्पताल पहु. चने पर तुरंत उनका इलाज शुरू हो सके, इसके लिए अस्पतालों को तत्काल डेढ़ लाख रुपये तुरंत प्रतिपूर्ति के रूप में दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि देश में प्रति वर्ष पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें करीब डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु हो जाती है। इनमें अधिक युवा अधिक होते हैं। उन्होंने कहा कि इन दुर्घटनाओं में घायल होने वालों को यदि तत्काल चिकित्सीय मदद पहुंचाई जाए, तो 50 हजार लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने सांसदों से अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरुकता अभियान चलाने की अपील की और उनसे सुझाव भी मांगे। केन्द्रीय मंत्री ने अध्यक्ष ओम बिरला से सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की दिशा में विचार-विमर्श करने के लिए सदन में चर्चा कराने की भी मांग की और कहा कि इससे देश भर के सांसदों के सुझाव लेकर बेहतर उपाय निकाले जा सकेंगे। बिरला ने इस पर सदस्यों से कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों खासकर युवाओं को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करें। उन्होंने कहा कि वह अगले सत्र में इस गंभीर समस्या पर सदन में विस्तृत चर्चा कराने की कोशिश करेंगे और उनका मानना है कि सबके सुझावों-विचारों से अच्छे परिणाम सामने आ सकेंगे।

### टोल टैक्स भुगतान प्रणाली का किया जा रहा है सरलीकरण: गडकरी

**नई दिल्ली।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोक सभा में बताया कि नई नीति में टोल टैक्स उसी स्थान से लगेगा, जहां से कोई वाहन सड़क पर प्रवेश करेगा। गडकरी ने प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में बताया कि नई नीति में अब किसी वाहन को सड़क पर प्रवेश करने वाले स्थान से ही अगले नाके पर टोल टैक्स देना होगा। यदि कोई वाहन 15 किलोमीटर चलने के बाद ही किसी टोल नाके पर पहुंच जाता है, तो उसे इतनी ही दूरी का टोल टैक्स देना होगा।

उन्होंने बताया कि नई नीति के प्रावधानों के अनुसार 15 रुपये में भी एक टोल नाके को पार किया जा सकेगा। अब ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वाहनों को टोल नाकों पर कतार नहीं लगानी पड़े और गाड़ियां 80 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से भी टोल नाके पार कर सकेंगी। उनके वाहन की नंबर प्लेट और फास्ट टैग को नाके पर रिकॉर्ड करने के बाद टैक्स स्वत: कट जाएगा। उन्होंने कांग्रेस के दीपेन्द्र हुड्डा के प्रश्न के उत्तर में बताया कि हरियाणा में 12 वर्षों में सबसे ज्यादा सड़कें बनाई गई हैं, इसीलिए वहां सबसे ज्यादा टोल नाके हैं। हरियाणा और पंजाब में यातायात सघनता भी सबसे ज्यादा है। जहां ज्यादा नई सड़कें बनेंगी, वहां टोल नाके भी अधिक होंगे। गडकरी ने बताया कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत का कार्य कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 703 प्रस्तावित है और व्यवहार्यता रिपोर्ट का अध्ययन किया जा रहा है।

# कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण को एआई आधारित तकनीक का करें उपयोग : सीएम

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए राजस्व वसूली बढाने के निर्देश,बाहर के वाहनों से ग्रीन सेस की वसूली जल्द शुरू करने के निर्देश**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में वित्तीय वर्ष 2025-26 की राजस्व प्राप्ति की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राजस्व वसूली बढ़ाने पर विशेष ध्यान देते हुए तय लक्ष्य समय पर पूरे किये जाएं। संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी एवं जिलाधिकारियों द्वारा जनपदों में इसकी नियमित निगरानी की जाए। कर चोरी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए एआई आधारित तकनीक का अधिकतम इस्तेमाल किया जाए। निबंधन एवं रजिस्ट्रेशन से संबंधित सभी कार्यों का डिजिटाइजेशन किया जाए। सब रजिस्ट्रार कार्यालयों का जिलाधिकारियों एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। रजिस्ट्री के दौरान संपति का उचित मूल्य दर्ज हो इसकी जाँच के लिए संपतियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया जा जाए।

प्रदेश से बाहर के वाहनों से ग्रीन सेस लेने की कार्यवाही में लेटलतीफी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने परिवहन विभाग को ग्रीन सेस की वसूली जल्द शुरू करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखते हुए राज्य के हित में वन संपदा का सही उपयोग किया जाए। तराई क्षेत्रों में कमर्शियल प्लांटेशन तथा जड़ी-बूटियों के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए ठोस योजना बनाई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के समग्र विकास के लिए राजस्व में बढोतरी करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के "इस दशक को उत्तराखंड का दशक" बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए संसाधन वृद्धि को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विशेष श्रेणी के राज्यों में उत्तराखंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है। साथ ही, खनन सुधारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य को 200 करोड़ की केंद्रीय प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है, जो राज्य के सही दिशा में बढ़ने का परिचायक है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए ₹24,015 करोड़ का कर राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें अब तक 62 प्रतिशत से अधिक प्राप्ति हो चुकी है। उन्होंने संबंधित विभागों से आगामी अवधि में लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए समन्वित और सक्रिय प्रयास किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार दीर्घकालिक आर्थिक सुदृढ़ता के लिए पूंजीगत निवेश पर विशेष बल दे रही है। पूंजीगत व्यय में 34 प्रतिशत की वृद्धि की गई है, जिससे राज्य में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति मिलेगी और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि वित्तीय प्रबंधन को आधुनिक और उत्तरदायी बनाने के लिए नीति सुधार, नवाचार तथा नई तकनीकों पर निरंतर ध्यान दिया जाना जरूरी है। पारदर्शिता, जवाबदेह और जनहित में ठोस परिणाम देने वाला प्रशासन हमारा उद्देश्य है।बैठक में मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई, सचिव दिलीप जावलकर, युगल किशोर पंत, सी. रविशंकर, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. रंजन कुमार मिश्रा अपर सचिव श अहमद इकबाल, सोनिका, हिमांशु खुराना, अनुराधा पाल, डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, मनमोहन मैनाली, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

# सहकारी बैंकों में एनपीए वसूली को चलाएं विशेष अभियान: डॉ. रावत



**सहकारिता मेलों की तैयारी के लिए अधिकारियों को दिये निर्देश**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभागीय कार्यप्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में राज्य सहकारी बैंक के बढ़ते एनपीए (छवद-च्मतवितउपदह ।ेमजे) को गंभीर विषय बताते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बड़े एनपीए खातों की शीघ्र बैठक आयोजित कर प्रभावी वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान विभागीय मंत्री ने 21 सहकारी समितियों से संबंधित एसआईटी जांच के आदेशों के क्रम में अब तक की गई कार्रवाई की विस्तृत जानकारी ली और जांच प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।माननीय मंत्री ने आगामी दिनों में देहरादून, ऊधम सिंह नगर एवं टिहरी जनपद में आयोजित होने वाले सहकारिता मेलों की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाएं तथा इन तीनों जनपदों में सहकारिता मेले भव्य एवं सुव्यवस्थित रूप में आयोजित किए जाएं, जिससे सहकारिता आंदोलन की उपलब्धियां आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

डॉ. रावत ने कहा कि सहकारिता विभाग राज्य की आर्थिक एवं ग्रामीण विकास व्यवस्था की रीढ़ है और विभाग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, अनुशासन एवं जनविश्वास सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्तीय अनियमितताओं पर कठोर कार्रवाई तथा सहकारिता गतिविधियों को सुदृढ़ बनाना सरकार की प्राथमिकता है।बैठक में निबंधक सहकारिता डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर निबंधक ईरा उप्रेती , आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक नीरज बेलवाल, एम पी त्रिपाठी, उप निबंधक रमिंद्री मंदरवाल, प्रबंध निदेशक प्रदीप महरोत्रा, अनु सचिव सुरेंद्र दत्त बेलवाल सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी एवं सहका. रिता संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# वन्यजीव हमलों पर केंद्र गंभीर, राज्यों के माध्यम से यथासंभव मदद : भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** केंद्र सरकार वन्यजीव हमलों को लेकर गंभीर है और राज्यों के माध्यम से यथासंभव मदद कर रही है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा में उत्तराखंड में जंगली जानवरों के हमलों का मुद्दा उठाया।

अंतरिक्त प्रश्न 208 के अंतर्गत उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से इसको लेकर जानकारी मांगी है।केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की तरफ से बताया गया कि उत्तराखंड राज्य सहित देश के विभिन्न भागों से समय-समय पर मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की सूचना मिलती रहती है। इस संघर्ष में भालू और तैदुए सहित विभिन्न वन्य पशु शामिल हैं। हालांकि, मानव-पशु संघर्ष को कम करने सहित वन्यजीवी का प्रबंधन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। मंत्रालय देश में वन्यजीवों और उनके पर्यावासी के प्रबंधन के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं वन्यजीव पर्यावासों का विकास और बाध और हाथी परियोजना के तहत राज्य सरक. ारी और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। जिसमें सहायता प्राप्त कार्यप्रणाली में प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों की खरीद, जंगली जानवरी को फसल लगे खेती में प्रवेश करने से रोकने के लिए कांटेदार तार की बाड़, सौर ऊर्जा से चलने वाली बिजली की बाड़ जैव-बाड़ सीमा पर दीवारे आदि जैसी भौतिक का निर्माण और स्थापना, मवेशियों की चोरी फसल की क्षति, जान माल की हानि सहित जंगली जानकरी द्वारा किए गए नुकसान के लिए मुआवजा शामिल है। इसके अलावा, मंत्रालय ने दिसंबर, 2023 में इन योजनाओं के तहत जंगली जानव. रों के हमाली से मृत्यु या स्थायी अशक्तता की स्थिति में अनुग्रह राशि को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया। जंगली जानवरों द्वारा किए नुकसान की प्रकृति के अनुसार दी जा रही मदद में मृत्यु या स्थाई अशक्तता में 10 लाख रुपए, गंभीर चोट में 2 लाख रुपए, मामूली चोट में 25 हजार रुपए, संपत्ति या फसल हानि में राज्य सरकारें अपने नियमों के तहत कार्रवाई कर सकते हैं।

# 23 दिसम्बर से शुरू होगी मुख्यमंत्री चैंपियंस ट्रॉफी : रेखा आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** खेल महाकुंभ इस साल नए प्रारूप में मुख्यमंत्री चौंपियंस ट्रॉफी 2025-26 के नाम से आयोजित किया जाएगा और इसकी शुरुआत 23 दिसंबर से होने जा रही है। गुरुवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने सचिवालय में प्रेसवार्ता के दौरान यह जानकारी दी। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि यह प्रतियोगिता न्याय पंचायत, विधानसभा, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तरीय चार चरणों में आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता दौरान कुल 26 खेल स्पर्धाएं आयोजित होंगी जिनमें इस बार परंपरागत खेलों को भी जगह दी गई है। चौंपियनशिप का समापन 28 जनवरी को किया जाएगा और इस दिन मुख्यमंत्री चौंपियंस ट्रॉफी के साथ विजेता को ध्5 लाख की धनरा. शि भी दी जाएगी। चौंपियन का





**न्याय पंचायत, विधानसभा क्षेत्र, संसदीय क्षेत्र और राज्य स्तरीय, चार चरणों में स्पर्धा, कुल 26 खेल स्पर्धाएं होंगी, ट्रॉफी विजेता को मिलेंगे 5 लाख**

निर्णय उनके द्वारा जीते गए मेडल के आधार पर प्रदान किए गए अंकों के योग से किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त सांसद ट्रॉफी जीतने वाली टीम को 2 लाख और विधानसभा ट्रॉफी जीतने वाली टीम को ध1 लाख की नगद इनाम धनरा. शि दी जाएगी।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि नेशनल रिकॉर्ड तोड़ने पर खिलाड़ी को 1 लाख की अतिरिक्त इनाम राशि दी जाएगी।

## दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए अलग प्रतियोगिता

इसके साथ-साथ प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए एथलेटिक्स, बैडमिंटन और तैराकी की स्पर्धा अलग से आयोजित की जाएगी। खेल मंत्री ने बताया कि इस श्रेणी के लिए भी रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए गए हैं।

## बिना जूते, ट्रैकसूट ना हो कोई खिलाड़ी

खेल मंत्री रेखा आर्या ने सचिवालय स्थित एनआईसी कार्यालय में सभी जनपद के जिलाधिकारी के साथ इस आयोजन को लेकर एक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। उन्होंने सभी जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि ट्रायल और खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ी के पास जूते और ट्रैकसूट हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साथ ही सर्दी से खिलाड़ियों का बचाव करने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने, हर खेल स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को तैनात करने, आवश्यकता पड़ने पर खिलाड़ियों को रात में ठहराने और भोजन आदि की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

खेल मंत्री ने बताया कि चौंपियनशिप के लिए रजिस्ट्रेशन 14 अक्टूबर से शुरू कर दिए गए थे, अभी तक 1 लाख 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी अपना पंजीकरण करा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 22 दिसंबर तक खुले रहेंगे। प्रेस वार्ता में विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा और निदेशक खेल और युवा कल्याण आशीष चौहान आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखंड के चार होनहारों को मिला राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** ऊर्जा निगम की ओर से आयोजित राष्ट्रीय स्तर की चित्रकला में प्रतियोगिता में उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। राज्य में आयोजन की नोडल एजेंसी टीएचडीआईएल के सीएमडी सिपन कुमार ने छात्र-छात्राओं की इस कामयाबी पर खुशी जाहिर की है। कहा कि यह पहल युवा पीढ़ी में ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। प्रदेश की प्रतिष्ठा और पहचान दिलाने में भी कंपनी को भूमिका इस तरह के प्रयासों से प्रतिबद्धता को उजागर करती है।

टीएचडीआईएल के कारपोरेट संचार विभाग के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. एएन त्रिपाठी के मुताबिक यह प्रतियोगिता ऊर्जा मंत्रालय के ऊर्जा दक्षता ब्यूरो की ओर से आयोजित हुई थी, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण चित्रकला प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में महाम. हिम ने यह भी कहा कि ऊर्जा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आमजन के लिए यह बेहद महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने जोर दिया कि ऊर्जा की बचत करने का अर्थ महज कम उपयोग करना नहीं, ऊर्जा का बुद्धिमान से, जिम्मेदारी से और कुशलता से उपयोग करना है।

वहीं, केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है, जोकि वैश्विक तापमान वृद्धि को 2सी से नीचे रखने के लक्ष्य के अनुरूप है। उन्होंने ऊर्जा दक्षता में सुधार की प्रभावशाली दर के साथ भारत की तीव्र आर्थिक वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि उत्तराखंड से ग्रुप ए में कुमारी पीहू रीन और मास्टर रिदम दास और ग्रुप बी में कुमारी इशिता और कुमारी शताशी वत्स को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया है। मौके पर विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक नीरज वर्मा, एजीएम एके विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य विभाग में 1 जनवरी से बायोमेट्रिक अनिवार्य

**विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश, विभागीय नोडल अधिकारी करेंगे आंवटित जनपदों की स्वास्थ्य इकाईयों का निरीक्षण'**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर की चिकित्सा इकाईयों में आगामी 1 जनवरी से बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू की जायेगी। इस संबंध में स्वास्थ्य महा. निदेशक को बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दे दिये गये हैं। इसके अलावा चिकित्सा इकाईयों में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर व सुगम बनाने के दृष्टिगत स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों को जिलों का भ्रमण कर निरीक्षण करने को भी कहा है।

सूबे के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को शासकीय आवास पर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने प्रदेशभर के सभी राजकीय चिकित्सालयों में चिकित्सकों, पैरामेडिकल, तकनीकी एवं अन्य समस्त स्टॉफ की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की अनुपस्थिति को लेकर शिकायतें मिल रही है। जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के सुधारीकरण के दृष्टिगत सभी चिकित्सा इकाईयों में 1 जनवरी 2026 से बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है। यह भी निर्णय लिया गया है कि उपस्थिति के आधार पर ही अधिकारियों एवं कार्मिकों का वेतन अहरण किया जायेगा। विभागीय मंत्री ने अस्पतालों का स्थलीय निरीक्षण के लिये पूर्व में नामित नोडल अधिकारियों को संबंधित जिलों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सुविधाओं का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। बैठक में विशेषज्ञ चिकित्सकों का पृथक कैडर बनाने, केन्द्रीकृत क्रय कार्पोरेशन का गठन करने, स्वास्थ्य इकाईयों वार्ड ब्वाय, तकनीकी संवर्ग के पदों को भरने, स्वास्थ्य केन्द्रों में सफाई की उचित व्यवस्था बनाये रखने, मेडिकल कॉलेजों व जिला चिकित्सालयों में मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाये रखने, चिकित्सा इकाईयों में प्रत्येक दिवस के अनुसार चादर बदलने, स्वास्थ्य कार्यकर्ता व स्वास्थ्य पर्यवेक्षक को पांच साल की सेवा के उपरांत एक बार जनपद परिवर्तन करने संबंधी कैबिनेट हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।बैठक में सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, अपर सचिव रोहित मीणा, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा, निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. अजय आर्य, निदेशक स्वास्थ्य शिखा जंगपांगी, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉ. आर.एस. बिष्ट सहित राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### महाराज ने की भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से शिष्टाचार भेंट



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स देहरादून/नई दिल्ली।** उत्तराखण्ड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंच कर भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट कर उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंच कर पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें उत्तराखंड की जनता, भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों की ओर से सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।महाराज ने कहा कि भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन का नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मार्गदर्शन भारतीय जनता पार्टी के जनसेवा व राष्ट्रनिर्माण की यात्रा को नई दिशा प्रदान करेगा और भाजपा सरकार की लोक-कल्याणकारी नीतियों संगठन के विच. ारों को दृढ़ता से जन-जन तक पहुँचाएंगे।

### 21वां वार्षिक समारोह सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो ऋषिकेश।** खैरीकलां स्थित निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी (एनजीए) 21वां वार्षिक समारोह सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मनमोह लिया। उन्होंने विकसित भारत थीम पर आधारित नृत्य नाटिका भी प्रस्तुत की।गुरूवार को आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक महंत बाबा राम सिंह महाराज, प्रबंधक संत बाबा जोध सिंह महाराज और दून इंटरनेशनल स्कूल देहरादून के अध्यक्ष डॉ. डीएस मान ने किया। इसीबीच सरस्वती वंदना एवं गुरबाणी शबद कीर्तन ने वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। वहीं, समारोह में छात्र-छात्राओं के भांगड़ा नृत्य के बाद कार्यक्रम स्थल दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता सुनाई दिया। प्रधानाचार्य डॉ. सुनीता शर्मा ने विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ज्ञान दीपक का भी समारोह में विमोचन किया गया। वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों सलोनी राजभर, रितु कुमारी और सिया कटारिया को पुरस्कार व नकद राशि से सम्मानित किया गया। कक्षा 10 की छात्राओं तन्वी पोखरियाल, वैष्णवी और दीपिका को भी विशेष सम्मान दिया गया। कॉक ट्रॉफी के लिए श्रवण सदन के विद्यार्थियों को विजेता घोषित कर ट्रॉफी दी गई। समारोह में आईआईटी खड़गपुर की असिस्टेंट प्रोफेसर रिचा चोपड़ा, विस्टा माइंड फाउंडेशन की निदेशक डॉ. इंदु वर्मा, दीपमाला कोठियाल, सरदार गुरजिंदर सिंह, अमृतपाल डंग, डॉ. एसके वर्मा, सत्येंद्र, एसएन सूरी, रेनू सिंह, डॉ. अजय शर्मा, चरणजीत सिंह, सरदार हरमन सिंह, सरदार बलविंदर सिंह, विनोद बिजल्वाण, सोहन सिंह कैंतुरा, दिनेश पैन्यूली, ललिता कृष्णा स्वामी, अनिता रतूड़ी, स्वाति पांडे, सरदार दलजीत सिंह गुलाटी, चमन पोखरियाल, शबनम देवी आदि मौजूद रहे।

# शिकायतों और समस्याओं का समाधान समय सीमा के अंदर करें : जोशी

**कैबिनेट मंत्री ने जनसुनवाई कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं बड़ी संख्या में फरियादियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, पेंशन, आवास से संबंधित शिकायतें रखीं निर्देश**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को अपने कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान दूर दराज ग्रामीणों एवं शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, पेंशन, आवास एवं अन्य सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याएं और शिकायतें मंत्री के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान कैबिनेट मंत्री जोशी ने प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने शेष लंबित समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर समाधान सुनिश्चित करने को कहा। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया जाए तथा समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि विभागीय समन्वय के माध्यम से जनता से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य कर रही है। जनसुनवाई जैसे कार्यक्रम जनता और सरकार के बीच सेतु का कार्य करते हैं, जिससे आमजन की समस्याएं सीधे सरकार तक पहुंचती हैं और उनका त्वरित समाधान संभव हो पाता है।

# प्रदेशाध्यक्ष भट्ट ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष से मुलाकात कर दी बधई



**27 में जीत की हैट्रिक का भरोसा दिलाया**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने गुरुवार को दिल्ली राष्ट्रीय कार्यालय में पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात कर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने उम्मीद जताई कि आपके कुशल एवं दूरदर्शी नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक समर्थ एवं प्रभावी बनेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं आपके नेतृत्व में पार्टी की जीत के अश्वमेघ का घोड़ा बंगाल, तमिलनाडु होते हुए यूपी उत्तराखंड में सफलता से प्रवास करेगा। उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को सांगठनिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए विश्वास दिलाया कि उत्तराखंड में पार्टी जीत की हैट्रिक लगाएगी। इस दौरान उनके साथ राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कल्पना सैनी, विधायक प्रदीप बत्रा व पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी मौजूद रहे।

# सीएम ने कसी अधिकारियों पर नकेल एआई तकनीक से रुकेगी कर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को देहरादून में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में राज्य की राजस्व प्राप्ति की वर्तमान स्थिति का गहन विश्लेषण किया गया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में निर्देशित किया कि राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों को हर हाल में समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि कर चोरी रोकने के लिए पारंपरिक तरीकों के बजाय अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का



अधिकतम उपयोग किया जाए ताकि सिस्टम में पारदर्शिता आए और राजस्व का नुकसान न हो।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने निबंधन और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और आम जनता की सुविधा के लिए सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए जिलाधिकारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को नियमित रूप से इन कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने को कहा गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि संपत्तियों की रजिस्ट्री के दौरान उनके वास्तविक मूल्य का अंकन सुनिश्चित करने के लिए संपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए, ताकि

**■ वित्तीय वर्ष 2025-26 के राजस्व लक्ष्यों को समय पर भेदने के लिए मुख्यमंत्री सख्त**

**उत्तराखंड के दशक को साकार करने के लिए राजस्व वृद्धि पर जोर, निबंधन कार्यों के डिजिटाइजेशन और ग्रीन सेस वसूली पर सीएम सख्त**

स्टांप शुल्क में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे। परिवहन विभाग को भी निर्देशित किया गया है कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए ग्रीन सेस की वसूली तत्काल प्रभाव से शुरू की जाए।

आर्थिक आंकड़ों पर बात करते हुए बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 24,015 करोड़ रुपये का कर राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 62 प्रतिशत से अधिक की प्राप्ति की जा चुकी है। बैठक में कड़े वित्तीय अनुशासन और सामूहिक उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। इस महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक में टिहरी गढ़वाल से जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और जिला कार्यालय की राजस्व टीम ने वर्चुअल माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जिले की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

# मनरेगा को खत्म करने की साजिश पर कांग्रेसियों में उबाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** मनरेगा कानून को खत्म करने की साजिश के विरोध में गुरूवार को कांग्रेस ने हिंडोलाखाल में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार ने महात्मा गांधी नेशनल रूरल एंप्लॉयमेंट गारंटी एक्ट को खत्म करने के लिए एक बिल लाकर एक खतरनाक कदम उठाया है।

भाजपा सरकार का यह निर्णय रोजगार के अधिकार कानून को कमजोर करने और भारत के सबसे माने जाने लोक कल्याणकारी कानून से महात्मा गांधी का नाम और उनके मूल्यों को मिटाने की एक सोची समझी राजनीतिक चाल है। कहा कि मनरेगा योजना यूपीए सरकार द्वारा

**■ हिंडोलाखाल में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया**

बनाई गई एक ऐसी योजना थी। जिससे गरीब से गरीब व्यक्ति को एक साल में 100 दिन का गारंटी रोजगार मिलता था। पिछले कुछ वर्षो से मनरेगा को खत्म करने की साजिश केंद्र सरकार द्वारा की जाती रही है। कहा कि तीन-तीन साल से ग्राम सभाओं में मनरेगा के मैट्रियल का पैसा केंद्र सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। कहा कि मनरेगा कानून एक संघर्ष से पैदा हुआ था और और इस कानून में हर हाथ को काम दो, काम का पूरा दाम दो का वादा था। कहा कि मनरेगा कानून ने ग्रामीण भारतीयों को काम मांगने का कानूनी अधिकार दिया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति का 100 दिन का रोजगार पक्का किया। कहा कि मनरेगा का नाम बदलना भाजपा आरएसएस का गांधी के प्रति लंबे समय से चले आ रही बेचौनी और विश्वास को दिखाता है और रोजगार गारंटी कानून को खत्म करना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का लोगों पर केंद्रित कल्याणकारी कानून से जुड़ाव मिटाने की एक कोशिश है। इस अवसर पर उत्तम सिंह असवाल, शशि प्रकाश भट्ट, मकान सिंह चौहान, डॉ जितेंद्र उनियाल, राजेंद्र सिंह भंडारी, केशवानंद तिवारी, गणेश झिल्डियाल, सुभाष लिंगवाल, गिरीश कुमार, मंगल सिंह रौथाण, उमेद सिंह, चंदन दास, नाम दास, मनवीर चंद, सुशील दास, डॉ सोहन सिंह, प्रताप चौहान, अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# तटों को गोवा बीच के नाम से प्रसारित करने पर उठाएं सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** अलकनंदा व गंगा नदी के किनारे बने छोटे छोटे तटों को गोवा बीच के नाम से प्रसारित करने को लेकर विशेषज्ञों ने सवाल खडे किए है। विशेषज्ञों के अनुरूप इन तटों का नाम गोवा बीच का नाम रखा जाना सैर सपाटे तक सीमित रखना है। बता दें कि श्रीनगर से महज 18 किमी दूर अलकनंदा नदी तट पर एक कृत्रिम तट है, जिसे गोवा बीच के नाम से प्रचारित, प्रसारित किया जाता है।

हाल में बैकुंठ चतुर्दशी मेले के दौरान यहां साहसिक खेल गतिविधियां भी आयोजित हुई थीं। गढ़वाल विश्वविद्यालय के पर्यटन विभाग के परियोजना अधिकारी डा. सर्वेश उनियाल का कहना है कि उत्तराखंड जो देवभूमि के नाम से प्रसिद्ध है वहां के नदी तटों का नाम गोवा बीच रखा जाना आश्चार्यजनक है। क्योंकि ये स्थान प्राकृतिक, धार्मिक व सांस्कृतिक महत्व के स्थान है।

डा उनियाल का कहना है कि अलकनंदा या गंगा तटों के नाम धार्मिक व सांस्कृतिक रूप से रखा जाए, ताकि यहां पहुंचने वाले सलीके के साथ सैर कर सके। पर्यटक व श्रद्धालु इन स्थलों को सैर सपाटे का स्थान न मानकर सलीके से यहां पहुंचकर योग, ध्यान व स्नान कर सके। जिससे कि संस्कृति आगे बढ़ती रहे व देश विदेश से श्रद्धालु यहां पहुंचे।

# परिवहन विभाग का शिकंजा, पंद्रह वाहनों का कटा चालान

**नई टिहरी।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन अब सख्त मूड में नजर आ रहा है। जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल के स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग ने जनपद के विभिन्न हिस्सों में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ एक विशेष और व्यापक अभियान छेड़ दिया है। इसी कड़ी में गुरुवार को टिहरी और बौराड़ी क्षेत्र में विभाग की प्रवर्तन टीम ने औचक निरीक्षण करते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया, जिससे नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया।

# बलात्कारी युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** मनेरी थाना पुलिस ने युवती के साथ बलात्कार व गर्भवती करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। बता दें कि अक्टूबर 2025 में एक युवती द्वारा कोतवाली मनेरी पर एक युवक के विरुद्ध शादी का झांसा देने, बलात्कार कर गर्भवती करने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस द्वारा युवक के विरुद्ध धारा 69 बीएनएस के तहत बलात्कार का मामला दर्ज किया गया था।

मामले की गम्भीरता को देखते पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी, श्रीमती कमलेश उपाध्याय ने पुलिस अधिकारियों को उक्त मामले मे आरोपी युवक की गिरफ्तारी तथा



त्वरित कानूनी कर्रवाई के सम्बन्ध में सख्त हिदायत दी गयी थी।

उक्त प्रकरण मे विवेचना के दौरान पुलिस द्वारा पीडिता, गवाहों के बयान तथा साक्ष्यों के आधार पर मामले को 64 बीएनएस(बलात्कार के केस)' मे तरमीम किया गया तथा आरोपी युवक को आज 18.12.2025 को मनेरी झरने के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के उपरान्त जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम उप निरीक्षक हिमानी पंवार, अपर उप निरीक्षक सुरेंद्र रावत, मुख्य आरक्षी नरविंद रावत ,आरक्षी संजय असवाल आदि मौजूद रहे है।

## एक नजर .......

### विधानसभा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से की शिष्टाचार भेंट

**कोटद्वार।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने गुरुवार को दिल्ली स्थित भारतीय जनत पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के नव नियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचय कराते हुए कुमाऊँ अंचल की पारंपरिक लोककला ऐपण से सुसज्जित, स्थानीय म हिलाओं द्वारा हस्तनिर्मित शॉल भेंट करते हुए आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनेगा। बताते चलें कि एक दिन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट के दौरान उत्तराखंड के लोकपर्व रम्माण पर आधारित पुस्तक भेंट की थी।

### जंगल से सटी आबादी क्षेत्र में लाइट लगाने की मांग

कोटद्वार। नगरनिगम कोटद्वार के अंतर्गत वार्ड नंबर-33, हल्दूखाता मल्ला में मालन नदी व कोटद्वार रेंज के जंगल से सटी आबादी क्षेत्र में एलटी लाइन नहीं होने के कारण कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। हालत यह है कि मार्ग पर अंधेरा पसरने से जंगली जानवरों के हमले का खतरा बना हुआ है। क्षेत्रवासी लगातार स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग करते आ रहे हैं। भाबर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर-33 हल्दूखाता मल्ला वार्ड लैंसडौन वन प्रभाग के कोटद्वार रेंज के जंगल से सटा हुआ है। यहां पूरब दिशा में में जहां मालन नदी है। वहीं, दक्षिण दिशा में बिजनौर वन प्रभाग के जंगल से सटा हुआ है। वार्ड के जंगल से सटे इलाके में सुरक्षा दीवार नहीं होने से हाथी, गुलदार समेत अन्य जंगली जानवरों की धमक बनी रहती है। गुरूवार को पूर्व प्रधान दीपा देवी ने बताया कि लैंसडौन वन प्रभाग के जंगल से इन दिनों वार्ड में गुलदार की धमक बनी हुई है। वहीं, बिजनौर वन प्रभाग से हाथी भी वार्ड में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। क्षेत्रवासी जंगल से सटे इलाके में 10 बिजली के पोल लगाने व उन पर स्ट्रीट लाइटें लगाने की मांग लंबे समय से उठा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं पार्षद जे पी बहुखंडी ने बताया कि नगर निगम से 15 स्ट्रीट लाइट व ऊर्जा निगम से 10 बिजली के पोल की डिमांड की गई हैं जो वन सीमा से सटे क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर लगवाई जाएंगी।

### कोटद्वार पहुंचने पर प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए शिक्षक जगदीश राठी का स्वागत

**कोटद्वार।** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रांतीय अधिवेशन में प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए शिक्षक जगदीश राठी के गुरुवार को कोटद्वार पहुंचने पर एसोसिएशन के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के नव निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एसोसिएशन हमेशा से प्रतिबद्ध है। कहा कि अपने पद के दायित्वों का निर्वहन वे ईमानदारीपूर्वक करेंगे। शैलशिल्पी विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि एसोसिएशन प्रदेशभर के अनुसूचित जाति एवं जनजाति शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। इस अवसर पर एसोसिएशन के पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष एवं संरक्षक भारत भूषण शाह, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सोहनलाल, संस्थापक सदस्य सुरेंद्र शमशेर जंग व राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार के छात्रसंघ अध्यक्ष विकास कुमार मौजूद रहे।

### रेनबो स्कूल के ध्रुव नेगी और उदित शर्मा बनेंगे लेफ्टीनेंट

श्रीनगर। रेनबो पब्लिक स्कूल के दो छात्रों ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल के छात्र रहें ध्रुव नेगी ने भारतीय सेना के अंतर्गत जेंटलमैन कैडेट के रूप में चयन प्राप्त किया है। ध्रुव अब 4 वर्षीय बी.टेक कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और इसके पश्चात लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना में कमीशन होंगे। साथ ही विद्यालय के ही उदित शर्मा ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पुणे में चयन होकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की सप्रधानाचार्य डा. रेखा उनियाल ने दोनों विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि दोनों छात्रों के अनुशासन, मेहनत और राष्ट्रसेवा के जज्बे ने आज विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कहा कि दोनों छात्रों की उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

# प्रशासन का चला डंडा, पेट्रोल पंप पर एसडीएम की छापेमारी

**नई टिहरी।** जनसामान्य को मिल रही सुविधाओं की गुणवत्ता परखने और व्यवस्थाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी टिहरी संदीप कुमार ने अपनी टीम के साथ नगर पालिका परिषद नई टिहरी क्षेत्र के अंतर्गत बौराड़ी स्थित यातायात फिलिंग स्टेशन और विभिन्न कॉमन सर्विस सेंटरों (सीएससी) का औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की इस अचानक हुई छापेमारी से संबंधित संचालकों में हड़कंप मच गया।

# बंद पड़ी परियोजनाओं की टनल को गंगोत्री हाईवे से जोड़ने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भटवाडी/ उत्तरकाशी :** भागीरथी घाटी नदी प्रधिकरण के उपाध्यक्ष रामसुंदर नौटियाल ने नई दिल्ली में सड़क एवं परिवहन मंत्रालय राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात कर उत्तरकाशी की भागीरथी घाटी क्षेत्र में 2010 से बंद पड़ी जल विद्युत परियोजनाओं की सुरंगों को गंगोत्री हाईवे पर आवाजाही के वैकल्पिक मार्ग के तौर पर विकसित करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सामरिक दृष्टि से भारत -चीन सीमा को जोड़ने एवं तीर्थाटन की दृष्टि से गंगोत्री धाम को जोड़ने में

गंगोत्री हाईवे के इस अतिसंवेदनशील हिस्से को अगर टनल से जोड़ दिया जाए तो आवाजाही साल



भर और सुरक्षित बनी रहेगी।

गुरूवार श्री नौटियाल ने नई दिल्ली में सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा से मुलाकात कर गंगोत्री हाईवे पर उत्तरकाशी से भैरोंघाटी तक ऑल वेदर रोड़ परियोजना के अवशेष हिस्से में शीघ्र चौड़ीकरण शुरू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यात्रा सीजन के दौरान स्थानीय लोगों के साथ ही देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भारी जाम से जूझना पड़ता है जिसका असर यात्रियों की यात्रादिवसों और स्थानीय पर्यटन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि हाईवे के चौड़ीकरण के बाद यात्रियों की संख्या में उत्तरोतर हो रही वृद्धि के बावजूद भी लोगों की आवाजाही सुगम बनी रहेगी साथ ही सीमा तक सेनाओं की आवाजाही भी सरल होगी।

वहीं, उपाध्यक्ष भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण रामसुंदर नौटियाल ने राज्य मंत्री सड़क एवं परिवहन मंत्रालय अजय टम्टा से 2010 में भागीरथी नदी में बन रही परियोजनाओं के लिए निर्मित टनल को गंगोत्री हाईवे के वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग के लिए इन टनल का निर्माण पूरा करने की मांग की। उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी की भागीरथी घाटी में भागीरथी नदी पर निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं पर साल 2010 में रोक लगा दी गई थी, जबकि परियोजनाओं का काम 70 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका था जिसके लिए भटवाड़ी से सुक्की के बीच कई जगहों पर सुरंगों का निर्माण किया गया जिन्हें परियोजना बंद होते ही खुला छोड़ दिया गया, यह सुरंगें भी काफी हद तक पूरी हो चुकी थी। साथ ही यह संपूर्ण क्षेत्र सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होने के साथ ही गंगोत्री यात्रा का मार्ग भी है और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र होने के कारण बारिश में गंगोत्री हाईवे कई जगहों पर बाधित हो जाता है जिससे यात्रा के साथ ही सीमा पर सैनिकों की आवाजाही भी बाधित होती है। सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा ने भागीरथी नदी घाटी की इन अधूरी टनल में आवाजाही की संभावनाओं, ऑल वेदर रोड से जोड़ने की संभावनाओं को लेकर मंत्रालय के अधिकारियों के साथ विचार विमर्श का आश्वासन देने के साथ ही प्रकरण को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी चर्चा करने का आश्वासन दिया।

# शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर उक्रांद ने उठाए सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड क्रान्ति दल ने सरकार पर उत्तराखंड में बढ़ते बन्यजीव हमलों के प्रति उदासीनता का आरोप लगाया। उक्रांद ने सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुये कहा कि प्रदेश भर में मानव बन्य जीव संघर्ष के लिये सरकार दोषी है। सरकारी अमला पूरी तरह अपनी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम साबित हो रहा है।उत्तराखंड क्रान्ति दल के जिला कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुये उत्तराखंड क्रान्ति दल के नव नियुक्त केन्द्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली व जिलाध्यक्ष सूरत सिंह झिक्वाण ने प्रदेश व जनपद में तमाम अव्यवस्थाओं पर सरकार की नाकामी उजागर करते हुये कहा कि राज्य सरकार पहाड़ वासियों के प्रति उदासीन है। उक्रांद केन्द्रीय महामंत्री देवेन्द्र चमोली ने कहा कि राशन कार्ड सत्यापन का मामला हो या वोटर लिस्ट गहन पुनरिक्षण का प्रकरण हो आम जनता परेशान हैं। सरकार के सभी कार्यक्रम असंमजस पूर्ण है। उक्रांद जिलाध्यक्ष सूरत सिंह झिक्वाण ने कहा कि जनपद की विकास योजनाएं पार्टी विशेष के नेताओं की भेंट चढ़ गयी। बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सब पार्टी विशेष के ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने तक सिमित हो गयी। विधायक स्वयं ठेकेदारियों में मस्त हैं। उक्रांद केन्द्रीय संगठन मंत्री विष्णु कांत शुक्ला ने कहा कि जनपद में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, पीएमजीएसवाई केवल कुछ चुनिंदा ठेकेदारों की जागीर बन कर रह गये। जनता के प्रति इनकी कोई जवाबदेही नहीं है। केन्द्रीय मंत्री बलबीर चौधरी ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया कि एक ओर अतिक्रमण के नाम पर स्थानीय लोगों को परेशान किया जा रहा तो दूसरी तरफ जिला प्रशासन की शह पर सुमेरपुर में सभी पर्यावरणीय मानकों को ताक पर रखकर बहुत मंजिला इमारत बन रही है।

। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन रणबीर सिंह, जिला महामंत्री अजीत सिंह भंडारी, दीप प्रकाश भट्ट, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह रावत, महेश अवस्थी, रवि राणा, राय सिंह पंवार, उपेन्द्र पंत, विक्रम सिंह फर्स्वाण, सहित अन्य मौजूद थे।

# एनडीपीएस कोर्ट ने दो चरस तस्करों को सुनाई कठोर कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिले में मादक पदार्थों की तस्करी कर युवा पीढ़ी को नशे के दलदल में धकेलने वाले अपराधियों के खिलाफ न्यायपालिका ने कड़ा रुख अपनाया है। इसी क्रम में विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) अमित कुमार सिरोही की अदालत ने चरस तस्करी के एक गंभीर मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। अदालत ने सबूतों और गवाहों के आधार पर एक तस्कर को दस वर्ष और दूसरे को आठ वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोनों अपराधियों पर भारी भरकम जुर्माना भी लगाया गया है। न्यायालय ने अपने आदेश में स्पष्ट किया है कि यदि दोषी जुर्माने की राशि अदा करने में विफल रहते हैं, तो उन्हें तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। यह फैसला नशा तस्करों के लिए एक कड़ा संदेश माना जा रहा है। बताया कि घटना वर्ष 2019 की है, जब पंचायत चुनावों के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क था। 14 अक्तूबर 2019 की देर रात करीब 12 बजे लंबगांव थाना पुलिस कौड़ार पुलिस चौकी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान के चलते अवैध चरस बरामद हुई। जांच में आरोपियों की पहचान फूल सिंह पुत्र कलम सिंह और धर्म सिंह पुत्र रतन सिंह के रूप में हुई, जो उत्तरकाशी जिले की पट्टी गाजणा के ग्राम सिरी के निवासी थे। तलाशी के दौरान पुलिस को फूल सिंह के कब्जे से एक किलोग्राम और धर्म सिंह के कब्जे से डेढ़ किलोग्राम चरस मिली थी। कड़ाई से पूछताछ करने पर तस्करों ने कबूला कि वे यह खेप मुनाफे के लालच में बेचने के लिए ऋषिकेश ले जा रहे थे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

# मांस में मरी मकड़ी मिलने से हिंदू संगठनों ने काटा हंगामा

**■ एक कैंटेनर में मिली मरी मकड़ी , खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तरकाशी के एक मीट की दुकान में मांस में मखी और मकड़ी मिलने पर हंडकम मंच गई जिसके बाद हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा काटा । घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस और सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी मौके पर पहुंच कर खराब मांस को जब्त कर बेचने वाले दुकानदार के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

गुरूवार को हिन्दू संगठनों को जब इस बात की भनक लगी तो



उन्होंने स्वयं जोशियाडा में पहुंच कर कंटेनर चौक किया जिससे पता चला कि वह मांस खराब है । उन्होंने इस बात की जानकारी सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दी। जिसके बाद विभाग हरकत में आया और आनन-फानन में मौके पर पहुंचे । जांच में मांस खराब पया गया और खराब मांस को पुलिस कोतवाली उत्तरकाशी लाया गया जिसके बाद खराब मांस को दफनाया गया और मीट बेचने वाले दुकानदार पर कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

बता दें कि जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में मांस की दुकानों में कटा मांस पौड़ी जिले के श्रीनगर से कंटेनर पर सडा - गला मांस पहुंचा जा रहा।

इधर घटना की सूचना पर सीओ जनक सिंह पंवार के समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा।

पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार ने ने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में जिन लोगों को लाइसेंस मिले है उनको मांस श्रीनगर साल्ट हाउस से आता है। लेकिन जिस कंटेनर से मांस लाया गया वह ठीक नहीं है न तो उसमें आईस है । उसमें मखी आदि चीजें देखी गई ।

वहीं सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी उत्तरकाशी अश्वनी सिंह ने बताया कि हिन्दू संगठनों ने मीट-मांस के तीन कैंटीनर पकड़े गए जिसमें मांस कटा हुआ था जिसकी गुणवत्ता परेखी गई एक कैंटेनर में मरी हुई मकड़ी पाये जाने के चलते मांस को दफना दिया या गया और उन पर नियमानुसार कार्यवाही चल रही है।

इधर हिंदू संगठन के दिनेश पंवार ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका क्षेत्र में मांस की दुकानों को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में बाहरी जनपदों से कटा हुआ मांस आ रहा है । जिसकी गुणवत्ता ठीक नहीं है । फ्रिज में न बर्फ डाला गया और साथ में मक्खियों से पूरा कंटेनर भर पड़ा था ।

# अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना लोकतांत्रिक व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुदप्रयाग।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव पायल सिंह की अध्यक्षता में ग्राम डांगी में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर "विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को अल्पसंख्यक समुदायों के संवैधानिक अधिकारों, सरकारी योजनाओं, नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता, तथा नालसा हेल्पलाइन नंबर के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने विभागीय कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, वहीं तहसील/राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने राजस्व से संबंधित विषयों पर जानकारी देते हुए आमजन की समस्याओं के समाधान को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। पैराविधिक कार्यकर्ताओं ने अल्पसंख्यक अधिकारों, समानता एवं भेदभाव से संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर एक प्रभावशाली ""नुक्कड़ नाटक"' प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह पर सकारात्मक प्रभाव डाला।

संदेश दिया गया कि अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा करना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है तथा प्रत्येक व्यक्ति को न्याय तक समान पहुंच प्राप्त है। प्राधिकरण सचिव पायल सिंह ने "विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस" के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की सुरक्षा, सम्मान तथा समान अवसर के उद्देश्य से मनाया जाता है।

सचिव महोदया ने यह भी कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों सहित समाज के सभी कमजोर एवं वंचित वर्गों को नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है तथा ऐसे जागरूकता शिविरों के माध्यम से न्याय को आमजन तक पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित लोगों की विधिक समस्याओं को सुना गया तथा उनके समाधान को लेकर आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया।

# भालू के हमले में दो महिलाएं घायल

## चौखुटिया ब्लाक के जमणिया और चौकुड़ी गांव में दहशत में लोग, घायल महिलाएं हायर सेंटर रेफर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** चौखुटिया ब्लाक के जमणिया और चौकुड़ी गांव में गुरुवार सुबह भालू ने एकाएक दो महिलाओं पर हमला कर दिया। दोनों महिलाएं पास के जंगल में चारा-पत्ती लेने गई हुई थी। घायल दोनों महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार विकासखंड चौखुटिया के जमणिया गांव में गुरुवार सुबह महिलाएं मवेशियों के लिए चार-पत्ती लेने जंगल गई हुई थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे भालू ने 26 वर्षीय चंपा देवी हमला पर हमला कर दिया। हो हल्ला करने के बाद महिला की किसी तरह जान बच सकी। इसके बाद कुछ ही दूरी पर भालू ने चौकुड़ी निवासी 36 वर्षीय गीता देवी पर भी हमला कर दिया। अन्य महिलाओं के शोर मचाने पर भालू भाग गया। हमले में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। ग्रामीणों की मदद से घायल महिलाओं को सीएचसी सेंटर पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। इधर, डा. सागर ने बताया कि महिलाओं के चेहरों में गेहरे निशान बने हुए है। बताया कि बेहतर उपचार के लिए महिलाओं को हायर सेंटर रेफर किया गया है। जमणिया और चौकुड़ी गांव दो महिलाओं पर भालू के हमले के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना के बाद वन विभाग की टीम ने गांव में डेरा जमा दिया है। वहीं, विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र में सघन गस्त की जा रही है। क्षेत्र में अनावश्यक उगी झाड़ियों का कटान किया जा रहा है। विभाग ने लोगों से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गा को अकेला न छोड़ने की अपील की है। मानव-वन्यजीव संघर्ष संबंधित या किसी भी वन्यजीव की गतिविधि पाए जाने पर तुरंत हेल्पलाईन नंबर 1800-890-9715 पर संपर्क करने की भी अपील की। घटना की सूचना मिलते ही डीएफओ दीपक सिंह अस्पताल पहुंच गए। जहां उन्होंने दोनों घायल महिलाओं को हाल जाना। इसके अलावा गीता देवी को तीस हजार और चंपा देवी को बीस हजार की नकद सहायता धनराशि प्रदान की गई।

### कपकोट के कई गांवों में भालुओं का आतंक

**बागेश्वर।** कपकोट के कई गांवों में ऑन दोनों जंगली सुअरों के साथ साथ अब भालुओं का आतंक भी बना हुआ है। लोग भालू के डर से जंगल एवं अन्य गंतव्य को जानने में डर रहे हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य चलकाना गैरखेत कपकोट भावना गढ़िया ने जानकारी हुए बताया कि बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में भालुओं का काफी आतंक बना हुआ है। लोग आवाजाही करने में डर रहे है। उन्होंने वन विभाग से जल्द भालुओं को क्षेत्र से दूर करने की मांग की है। इधर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज गढ़िया ने बताया कि विधान सभा कपकोट के चलकाना, लखमारा, पुड़कुनी, हरसिला, कफोली, गैरखेत, गोलना, सीमा, नान कन्यालिकोट आदि क्षेत्रों में इन दोनों दिन दहाड़े जंगली भालू घूम रहे है। भालुओं के डर से स्कूली बच्चे विद्यालय, ग्रामीण महिलाएं मवेशियों के लिए चारा पत्ती काटने जंगल, तथा लोग एक गांव से दूसरे गांव नहीं आ-जा पा रहे हैं। उनका कहना है कि भालू अभी कभी अवधि वाले क्षेत्रों में भी दिखाई दे रहे हैं।

# दहेज हत्या मामले में पति, सास व ननद बरी

**काशीपुर।** न्यायालय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दहेज हत्या के एक मामले में पति, सास और ननद को दोषमुक्त कर दिया है। मामला अंजू देवी की मृत्यु से जुड़ा था, जिनकी शादी अप्रैल 2021 में शिवम कुमार से हुई थी। 19 नवंबर 2021 को मृतका के पिता ने मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए मुक. दमा दर्ज कराया था। अभियोजन ने 12 गवाह पेश किए, जबकि बचाव पक्ष ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि शरीर पर मारपीट के कोई निशान नहीं थे और मृत्यु फांसी से हुई प्रतीत होती है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने पति शिवम कुमार, सास मीना देवी और ननद आंचल को बरी कर दिया।

# कांग्रेस की बैठक में सगठन की मजबूती पर दिया बल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए आगामी विधान सभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने पर मंथन हुआ। इसके साथ ही जिले दोनों विधान सभा बागेश्वर विधान सभा प्रभारी गो. बिंद विष्ट एवं नरेंद्र कोरंगा वही कपकोट विधान सभा प्रभारी विनोद पाठक व ललित बिष्ट को प्रदेश संगठन द्वारा जिम्मेदारी सौंपे जाने पर उनका स्वागत किया गया। गुरुवार को मंडलसेरा में आयोजित कांग्रेस कमेटी की बैठक में जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने कहा कि कांग्रेस अपने नैतिक सिद्धांतों एवं आचरण के लिए जानी जाती है। उन्हीं आदर्शवादी आचरण के साथ संगठन आगे भी कार्य करता रहेगा। लगभग चार घंटों तक हुई बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी को मजबूत करने पर बल दिया गया। साथ ही प्रत्येक ब्लाक से सक्रिय एवं जेष्ठ कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारणी में स्थान देने की बात हुई। जिले के दोनों विधान सभाओं में प्रत्येक बूथ पर बीएलए प्रगति पर चर्चा और विचार विमर्श हुआ। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष लोकमणि पाठक, निवर्तमान जिलाध्यक्ष भगत डसीला, सुनील भंडारी, ललित गिरी, मनोज साह, चामू सिंह देवली, हरीश जोशी, बालकृष्ण, महेश पंत सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर चर्चा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कोतवाली पुलिस में गुरुवार को विश्व अल्पसंख्यक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, उत्तराखंड हज से नामित सायरा सिराज को साल भेंट कर सम्मानित किया गया। कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम में सीओ जीडी जोशी ने अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को उनके अधिकार बताए। इसके उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से अल्पसंख्यकों के संवैधानिक अधिकारों के साथ कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार छात्रवृत्ति, लघु ऋण, शिक्षा ऋण आदि योजनाओं से विकास कार्य कर रही है। यहां भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष रजा अंसारी, अल अंजुमन सेवा समिति अध्यक्ष हाजी नूर खान, अख्तर हुसैन, सलिम अख्तर, अमन अंसारी, जब्बार खान, बाबर अंसारी, आकि, यासर खान, सद्दाम हुसैन, निजाम कुरैशी, यावर अन्सारी, अनस अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# 'स्वच्छ एवं सुरक्षित काशीपुर' के लिए मेयर से मिलाया हाथ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर को स्वच्छ एवं सुरक्षित शहर बनाने के उद्देश्य से रोटरी क्लब कॉर्बेट काशीपुर ने मेयर दीपक बाली के साथ मिलकर एक जागरूकता अभियान की शुरुआत की।

इस अभियान के अंतर्गत शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाए गए, जिनके माध्यम से नागरिकों को यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि काशीपुर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इस अवसर पर सभी रोटेरियनों द्वारा मेयर दीपक बाली के अथक, निरंतर और समर्पित कार्यों की खुले मंच से सराहना की गई। रोटरी सदस्यों ने कहा कि स्वच्छता, सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं को लेकर मेयर द्वारा किए जा रहे प्रयास काशीपुर के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अभियान के दौरान यह संदेश भी दिया गया कि हमें न केवल स्वयं अपने आसपास की सड़कों और गलियों को साफ रखना है, बल्कि अपने बच्चों को भी स्वच्छता और सुरक्षा का महत्व सिखाना है, ताकि वे जिम्मेदार नागरिक बन सकें। इस अभियान का नेतृत्व रोटरी क्लब कॉर्बेट काशीपुर के अध्यक्ष डॉ. रवि सहोता ने किया। कार्यक्रम में सुरुचि सक्सेना, दीपिका गुड़िया, सुखविंदर सिंह, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. अनिल लड्डा, डॉ. नवप्रीत सहोता, अंकित राजवंश, ओंकार एवं हर्ष बजाज उपस्थित रहे।

# शहर में बनाए जाएंगे 10 वेंडिंग जोन: मेयर

## जनता के लिए नगर निगम द्वारा बनाई जा रही 68 दुकानों की नीलामी आज और कल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने पत्रकार वार्ता में कहा कि नगर निगम क्षेत्र में निष्प्रोज्य पड़ी भूमियों को अनावश्यक अतिक्रमण से मुक्त रखे जाने हेतु एवं आय के संसाधन बढ़ाये जाने की दृष्टि से दुकानों के निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया है। श्री बाली ने बताया कि 500 दुकानों के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित करते हुये नगर निगम की आय में 100 करोड़ की वृद्धि के मापदण्ड को मानकर प्रथम चरण में गुरूद्वारे रोड पर आनन्द नर्सरी के पास 32 दुकाने, नमन स्वीटस कोर्ट रोड के सामने 08 दुकाने तथा कुण्डेश्वरी रोड साई मंदिर से आगे 28 दुकानों सहित कुल 68 दुकानों के निर्माण और उसके लिये 19 एवं 20 दिसम्बर 2025 को नीलामी हेतु तिथि नियत की गई है। उपरोक्त प्रथम चरण की दुकानों के निर्माण से नगर के चहुमुखी विकास, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट, जल निक. ासी एवं सड़क नाली आदि हेतु प्रतिवर्ष 50 लाख किराये के रूप में तथा दुकानों के नीलाम के साथ 15 करोड़ की एकमुश्त आय का अनुमान हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के सहयोग से नगर के विकास हेतु लगातार धरातलीय कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि10 स्थानों पर वैण्डिंग जोन बनाये जाने की कार्य योजना के प्रथम चरण में 17 दिसम्बर को सभी विभागीय अधिकारियों एवं आर्किटेक्ट के साथ 05 स्थानों का चयन करते हुए वैडिंग जोन बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इन स्थानों पर वैडिंग जोन की स्थापना के पश्चात अन्य 5 स्थानों पर वैडिंग जोन बनाये जाने की कार्यवाही के लिये स्थान चयन की प्रक्रिया के निर्देश जारी किये गये हैं। महापौर बाली ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार केवीआर हॉस्पिटल से बिजनेस इन होटल तक तथा वहां के बाद परमानंदपुर तक होने वाले सड़क के सौंदर्य कारण एवं चौड़ीकरण के लिए किसी भी प्राइवेट भवन को नहीं तोड़ा जाएगा। कुछ लोग इस तरह की भ्रांतियां फैला रहे हैं लेकिन वह सब गलत है मैं 1 इंच तोड़फोड़ नहीं होने दूंगा। जनता किसी के भी बहकावे में न आए।



# आयकर विभाग ने किया संवाद कार्यक्रम

**काशीपुर।** आयकर विभाग की ओर से करदाता सेवाओं को सुदृढ़ करने और कर प्रशासन में हुए हालिया परिवर्तनों की जानकारी देने के लिए संवाद हुआ। बाजपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में उद्योगों, व्यापारिक संगठनों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर पेशेवरों, केजीसीसीआई और चिकित्सकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता अपर आयुक्त आयकर, हल्द्वानी जितेंद्र कुमार सोनकर ने कर अनुपालन और प्रशासनिक सुधारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, केजीसीसीआई अध्यक्ष पवन अग्रवाल, सीए एसोसिएशन अध्यक्ष कुलभूषण गर्ग, डॉ. यशपाल रावत, सीए सौरभ अग्रवाल, आदेश, अधिवक्ता विपिन अग्रवाल, आयकर अधिकारी सुधीर कुमार, राहुल कुमार, संदीप कुमार चतुर्वेदी, अमित कुमार चौधरी आदि मौजूद रहे।

# बारिश में ध्वस्त सड़क अभी तक खस्ताहाल

## मंडरसेरा बाईपास मोटर मार्ग की सुध नहीं ले रहा प्रशासन, जनता आक्रोशित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मंडलसेरा बाईपास मोटर मार्ग बारिश के सीजन में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी थी। ये सड़क आज भी खस्ताहाल हालत में है। स्थानीय लोगों ने शासन प्रशासन पर झूठे आश्वासन देने के आरोप लगाने शुरू कर दिए है।

मंडलसेरा उत्तरी वार्ड में आर्मी कैंटीन से विवेकानंद विद्या मंदिर तक बाईपास मोटर मार्ग हर साल बरसात के सीजन में लोगों को खासा परेशान करती है। गत वर्ष मोटर में कुंती गधेरा, और ढुंगंगाड नाले का सारा पानी इसी सड़क में पूरी तरह फैल गया था। जिसमें हालात नदी नाले जैसे बन गए थे। बारिश के सीजन में कई लोग के घर खतरे की जद में आ गए थे। तब शासन प्रशासन ने मौका मुआयना कर शीघ्र सड़क के सुधारीकरण का लोगों आश्वासन दिया था। इसी सड़क के संबंध में जिले के दोनों विधायकों प्रभारी मंत्री सहित अन्य नेताओं ने तत्कालीन जिलाधिकारी एवं विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की थी। बैठक में निर्णय लिया गया जल्द से जल्द सड़क में सुधारीकरण एवं दोनों नालों का स्थानीय समाधान निक. ाला जाएगा। ताकि भविष्य में जल भाव की स्थिति पैदा न हो। लेकिन वर्तमान तक सड़क में सुधारीकरण तो दूर लोगों के घरों से बहने वाले पानी के लिए नाली तक नहीं बन पाई है। सड़क में आज भी जगह जगह पर मिट्टी के पगडंडियां बनी हुई हैं। जिसमें चलने वाले दो पहिया वाहन स्वामियों को जान जोखिम में डालकर आवाजाही करनी पड़ रही है।

स्थानीय लोगों ने एक बार फिर शासन प्रशासन को सड़क की याद दिलाई है। उन्होंने कहा कि बरसात के सीजन को गए हुए लगभग 6 माह बीतने को है। तब से सड़क को देखने के लिए कोई नहीं पहुंचा है। लोगो ने कहा कि यदि जल्द सड़क में सुधारीकरण का कार्य नहीं किया जाता है तो वे समस्त लोगों के साथ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

# जिला सहकारी विकास समिति की बैठक

**बागेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक ली। बैठक में एमपैक्सों के कंप्यूटराइजेशन, अनाज भंडारण, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, किसान समृद्धि केंद्र, जन सुविधा केंद्र तथा किसान उत्पादक संगठनों की प्रगति की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने शेष एमपैक्स को ई-पैक्स में परिवर्तित किए जाने, गरुड़ एवं कपकोट में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा डंगोली सहकारी समिति के क्षतिग्रस्त भवन के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 18 एमपैक्स में से 07 ई-पैक्स बन चुकी हैं।

जनपद में 01 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र आरे में संचालित है। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में 15 समितियां संचालित हैं तथा जनपद में 01 किसान उत्पादक संगठन अपुण बाजार, गरुड़ में कार्यरत है।

**संबंध-विच्छेद**

मेरा पुत्र दीपक कुमार मेरे कहने-सुनने में नहीं है। मैं पुत्र दीपक कुमार को चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में दीपक कुमार के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**गुड्डू गुप्ता पुत्र श्री लखी चंद**
निवासी- गली नं. 20ए शिवाजीनगर, ऋषिकेश, जिला देहरादून।

**सूचना**

मेरा पुत्र दानवीर प्रसाद मेरे कहने सुनने में नहीं है, लिहाजा मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं। उसके द्वारा किए गए किसी कृत्य/लेनदेन के लिए मैं उत्तरदायी नहीं हूंगी।

श्रीमती भागीरथी देवी पत्नी स्व0 विध्यालाल ग्राम वागी, पोस्ट किंसुर, पट्टी विचला लंगूर, पौड़ी गढवाल

**खोया - पाया सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक इकरारनामा महादा बैय रजि. बही नं.1, जिल्द नं. 464/638 के पृष्ठ सं. 70/587-592, दस्तावेज नं. 4452 दिनांक 16.11. 2009 उप निबंधक लक्सर, जो बीर सिंह पुत्र राजपाल सिंह नि. खेड़ी मुबारिकपुर लक्सर से कराया हुआ है, वास्तव में कहीं गुम हो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।

**श्रीमती रेखा पत्नी नरेश कुमार**
नि.- वार्ड नंबर 5 लकसरी, नगर पालिका लक्सर तह. लक्सर, हरिद्वार।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नः U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 989 **ई-निविदा सूचना** दिनांक 18.12.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद), यूजेवीएनलि० पशुलोक, बैराज, ऋषिकेश, इच्छुक निविदादाताओं से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
निविदा सं0 : 15/2025-26/अधि0अभि0(सिविल/यूजेवीएनल/पशुलोक बैराज।
कार्य का नामः-बिन सुपर पैसेज हेतु जानपदीय सुरक्षात्मक कार्य।
अनुमानित लागतः ₹ 44,37,048.34 (जीएसटी अतिरिक्त)।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 18.12.2025के 17:00 बजे से
वेबसाइट पर निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 07.01.2026 के 17:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल "https://uktenders.gov.in" देखें।

**अधिशासी अभियन्ता (जानपद)**

" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGCO25866 | वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांक-991 **निविदा सूचना** दिनांक- 18/12/2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (सिविल), मनेरी भाली-।।, चिन्यालीसौड़ इच्छुक निविदादाताओं से मुहर बन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**1. निविदा संख्या 22/अधि.अभि. (सिविल)/ एमबी-।।/चिन्यालीसौड़/2025-26**
**2. निविदा संख्या 23/अधि.अभि. (सिविल)/ एमबी-।।/चिन्यालीसौड़/2025-26**
**1. कार्य का नामः-** मनेरी भाली द्वितीय चरण के धरासू विद्युत गृह उत्तरकाशी में 15 KLD STP के कवरिंग एवं सम्बन्धित जानपदीय कार्य।
**2. कार्य का नामः-** मनेरी भाली द्वितीय चरण के धरासू विद्युत गृह उत्तरकाशी में डिवॉटरिंग सम्प की पेंटिंग का कार्य।
**1. अनुमानित लागत :** ₹ 8,36,079.00 (GST अतिरिक्त)
**2. अनुमानित लागत :** ₹ 10,03,189.00 (GST अतिरिक्त)
**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथिः** 19.12.2025 सांय 5:00 बजे से
**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथिः** 12.01.2026 प्रातः 11:00 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

**अधिशासी अभियन्ता (सिविल), एम.बी.-।।, चिन्यालीसौड**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# समय पर पूर्ण हों काम: डीएम



**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने ग्राम घिरौला में स्थित विकास खंड बागेश्वर/कपकोट अंतर्गत काण्डा ग्राम समूह (पंपिंग) पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर योजना की प्रगति, तकनीकी पक्षों एवं कार्य की गुणवत्ता का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने पेयजल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेयजल योजना के निर्माण एवं क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को निर्बाध एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। अत: सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण किए जाएं। सहायक अभियंता बीएस रौतेला ने बताया कि कांडा पेयजल योजना सबसे बड़ी योजना है 89 गाँव इसमें शामिल हैं काफी बड़े क्षेत्र में फैली है, विभाग की ओर से गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण कर जल्दी जलापूर्ति प्रारंभ हेतु पूरा प्रयास किया किया जा रहा है।

# काशीपुर बार एसासिएशन चुनाव हेतु मतदान 24 को

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** बार एसोएिशन काशीपुर की वर्ष 2026-27 की कार्यकारिणी के चुनाव हेतु प्रक्रिया शुरू हो गई है। चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कृष्ण ने बताया कि गुरूवार प्रातः साढ़े 10 बजे से सायं 4 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन किये गये तथा 19 दिसम्बर शुक्रवार को भी प्रातः साढ़े दस से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री एवं नामांकन किये जायेंगे।

19 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की जांच एवं आपत्ति दोपहर एक बजे से अपराहन 3 बजे तक होगी तथा नाम वापसी 3 बजे से सायं 4 बजे तक होगी। 20 दिसम्बर को प्रातः प्रत्याशियों की सूची जारी की जायेगी। 24 दिसम्बर को प्रातः 08. 30 बजे से अपहरान 02.30 बजे तक मतदान होगा तथा इसी दिन अपराहन 03.30 बजे से मतगणना होगी और रात में विजयी प्रत्याशी की घोषणा की जायेगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् दुगडडा पौडी गढ़वाल**

पत्रांक 1399 / ति०ला०को० / 2025-26 दिनांक- 18/12/2025

**अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना**

सौन्दर्यीकरण के दृष्टिकोण से दुगडडा नगर क्षेत्रान्तर्गत विद्युत पोलो पर लगाये जाने हेतु तिरंगा लाईटे क्रय किये जाने के लिये उत्तराखण्ड शासन वित (वे०आ० - सा०नि०) अनुभाग - 7 संख्या 47 / xxvii (7)32(1)/2025 देहरादून दिनांक 13.08.2025 ( उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2025 के नियम 3.3 के अन्तर्गत 3.3.2) के अनुसार दरें आपूर्तिकर्ता फर्मो / व्यक्तियों से मोहरबन्द कोटेशन फर्म के लैटर पैड पर दिनांक 29.12.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। जो उसी दिन सांय 3:00 बजे कोटेशन समिति द्वारा खोली जायेंगी। कोटेशन तिथि को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस निर्धारित तिथि मानी जायेगी। कोटेशन के साथ रू० 100/ का स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट लगा व जी०एस०टी० पंजीयन पत्र संलग्न करना अनिवार्य है। कोटेशन के साथ **रू० 10000/- की धरोहर राशि** बतौर FDR/CDR/NSC जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् दुगडडा के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है। सशर्त एवं कालातीत कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेंगी। कोटेशन बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। अन्य शर्ते/जानकारी कोटेशन दिवस से पूर्व कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस को ज्ञात की जा सकती है।

| क. सं. | कार्य का नाम / विवरण | दर प्रति नग |
|---|---|---|
| 1 | दुगडडा नगर क्षेत्रान्तर्गत विद्युत पोलो पर लगाये जाने हेतु 18 मीटर लम्बाई वाली तिरंगा लाईटे क्रय किये जाने का कार्य। | |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् दुगडडा,**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् दुगडडा,**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड - विकास भवन द्वितीय तल, नई टिहरी।**

पत्रांक-1237/ग्रा०नि०वि० / निविदा सूचना / 2025-26 दिनांक -12.12. 2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या०-05/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की सीलबन्द निविदायें निम्न तालिका के कॉलम 9 के अनुसार पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक31.12.2025 को 2.00 बजे अपरान्ह तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन सांय 3:00 बजे अधोहस्ताक्षारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 30.12. 2025 को सायं 4:00 बजे तक निर्धारित मूल्य का ई-चालान लेखाशीर्षक **0515008000100** (जिस पर कार्य का नाम अंकित हो,ही मान्य होगा )एवं जी०एस०टी० शुल्क का चालान GST NO .05MRTR01108C1DJ में ई चालान के माध्यम से शुल्क जमा करा कर ई चालान की प्रति प्रखण्ड कार्यालय टिहरी में उपलब्ध कराकर प्राप्त की जा सकती है।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | विकास खण्ड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत(लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | रा०प्रा०वि० तिखोन में 01 कक्षा कक्ष पुनर्निर्माण | थौलधार | 10.50 | 21000.00 | 1500+18% जी.एस.टी | 45 दिन | 06 माह | ई0 एवं उच्चतर (भवन निर्माण कार्य हेतु) |
| 2 | रा०उ०मा०वि०झिंवाली में सुरक्षा दीवार का निर्माण। | प्रतापनगर | 10.50 | 21000.00 | 1500+18% जी.एस.टी | 45 दिन | 04 माह | "तदैव" |

**नोटः-** 1- निविदा की शर्तें की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड टिहरी।**

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी देगी 250 करोड़ रुपये की सालाना स्कॉलरशिप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसंबर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उच्च शिक्षा को सभी वर्गों तक पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए 250 करोड़ रुपये की सालाना स्कॉलरशिप देने की घोषणा की है। यह घोषणा चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर के सलाहकार प्रो. (डॉ. ) आर.एस. बावा ने हरिद्वार प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान की। उन्होंने बताया कि यह स्कॉलरशिप यूनिवर्सिटी के एडमिशन-कम-स्कॉलरशिप प्रोग्राम 'चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट' (सीयूसीईटी-2025) के माध्यम से प्रदान की जाएगी।

प्रो. बावा के अनुसार, इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य उन हजारों मेधावी छात्रों को आर्थिक सहायता देना है, जो उच्च शिक्षा का खर्च वहन करने में सक्षम नहीं हैं। कुल 250 करोड़ रुपये में से 200 करोड़ रुपये चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, मोहाली और 50 करोड़ रुपये चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लखनऊ कैंपस के लिए निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक छात्र यूनिवर्सिटी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर सीयूसीईटी-2025 के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इस अवसर पर प्रो. बावा ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी की शैक्षणिक उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में यूनिवर्सिटी ने 104 देशों के 1,500 संस्थानों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए दुनिया की टॉप 2 प्रतिशत प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटियों में स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भारत की प्राइवेट यूनिवर्सिटियों में इंजीनियरिंग, टेक्नोलॉजी, कंप्यूटर साइंस, मैकेनिकल इंजीनियरिंग और केमिस्ट्री जैसे विषयों में पहला स्थान प्राप्त किया है।

प्लेसमेंट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 और 2025-26 में यूनिवर्सिटी के छात्रों को देश-विदेश की नामी कंपनियों से शानदार जॉब ऑफर्स मिले हैं। उत्तराखंड के 267 छात्रों को नवंबर 2025-26 तक प्लेसमेंट ऑफर प्राप्त हुए हैं, जिनमें हरिद्वार के 48 छात्र शामिल हैं। पिछले दो वर्षों में उत्तराखंड के कुल 543 छात्रों को नौकरी के प्रस्ताव मिले हैं।




खेलों के क्षेत्र में भी चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। वर्ष 2024 में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में सर्वाधिक 71 पदक जीतकर यूनिवर्सिटी माका ट्रॉफी जीतने वाली देश की पहली प्राइवेट यूनिवर्सिटी बनी। यूनिवर्सिटी अपने छात्र एथलीट्स को 6.5 करोड़ रुपये के सालाना बजट के साथ स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप प्रदान करती है, जिसमें डाइट, कोचिंग, हॉस्टल और अन्य सुविधाएं मुफ्त दी जाती हैं। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी शिक्षा, रोजगार और खेलों के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।

# वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता सुनील दत्त शर्मा का निधन

■ **निष्ठावान कार्यकर्ता और सज्जनता के धनी थे दिवंगत सुनील दत्त शर्मा-कार्तिक कुमार चेयरमैन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसम्बर कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता कनखल निवासी सुनील दत्त शर्मा का हृदय की गति रुकने से निधन हो गया। सुनील दत्त शर्मा के निधन से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। मानव अधिकार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कार्तिक कुमार चेयरमैन ने सुनील दत्त शर्मा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सुनील दत्त शर्मा निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता और सज्जनता के धनी व्यक्ति थे। उनके निधन से सभी को गहरा आघात लगा है। कार्तिक कुमार चेयरमैन ने कहा कि ईश्वर दिवंगत सुनील दत्त शर्मा की आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और उनके परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। दुख की इस घड़ी में कांग्रेस संगठन उनके परिवार के साथ खड़ा है।



# थाना कनखल में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना कनखल में दिनांक 18 दिसंबर 2025 को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा एक जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके समाधान के लिए संवाद किया गया। इस अवसर पर अल्पसंख्यकों के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभप्रद योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रशासन सदैव तत्पर है।



# बेरोजगार युवाओं व किसानों को ऋण में प्राथमिकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसंबर 2025 ख्र जनपद के बेरोजगार युवाओं, किसानों एवं कमजोर वर्ग के लोगों को विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत बैंकों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर ऋण उपलब्ध कराया जाए। यह निर्देश मुख्य विकास अधिकारी ललित नारायण मिश्रा ने जिला कार्यालय सभागार में आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति/जिला सलाहकार समिति (क्स्त्ब/क्ब्ब) की समीक्षा बैठक में उपस्थित बैंक प्रबंधकों को दिए। बैठक की समीक्षा के दौरान कई बैंकों के शाखा प्रबंधक/प्रतिनिधि अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीओ ने लीड बैंक अधिकारी/एलडीओ (देहरादून), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को निर्देश दिए कि अनुपस्थित बैंकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि डीएलआरसी बैठकों में सभी बैंक पूर्ण तैयारी के साथ सक्षम अधिकारियों को ही भेजें, जिन्हें आवेदनों की समुचित जानकारी हो। सीडीओ ने पात्र लाभार्थियों के आवेदनों को शीर्ष प्राथमिकता से स्वीकृत करने, ऋण देने में अनावश्यक आपत्तियां न लगाने तथा अस्वीकृति की स्थिति में आवेदकों को स्पष्ट सूचना देने के निर्देश दिए। ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो) की समीक्षा करते हुए 40 प्रतिशत से कम सीडी रेशियो वाली शाखाओं को ऋण वितरण बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' के तहत आयोजित बहुउद्देशीय शिविरों में बैंकों को स्टॉल लगाने और योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने को कहा गया। डेटा अपलोड में किसी भी प्रकार की विसंगति न हो, इसके भी निर्देश दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने बताया कि 30 सितंबर 2025 तक जनपद में प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 28,69,961 बचत खाते खोले जा चुके हैं, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत 6,51,017, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत 1,66,857 तथा अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1,54,570 लाभार्थियों को जोड़ा गया है। बैठक में एलडीओ आरबीआई (देहरादून) सीरज कुमार अरोड़ा, डीडीएम नाबार्ड अखिलेश डबराल, महाप्रबंधक उद्योग उत्तम कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी गोपाल सिंह भंडारी, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, सहायक निदेशक मत्स्य गरिमा मिश्रा, सहायक निदेशक डेयरी ओंकार नाथ सहित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक/प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# स्वच्छ हरिद्वार अभियान निरंतर जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसंबर 2025 ख्र मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर एवं क्लीन जनपद बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने सभी जिलास्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर सफाई व्यवस्था की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों के अनुपालन में जनपद में 30वें दिन भी शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। बीएचईएल नगर प्रशासक संजय पवार ने बताया कि चिन्मय डिग्री कॉलेज चौक, भेल टाउनशिप, भगत सिंह चौक से एचआरडीसी चौराहा तक डिवाइडर पर पेड़ों की छंटनी एवं सफाई, पेंटागन मॉल व डिस्पेंसरी के पास सफाई कार्य कराया गया। खंड विकास अधिकारी बहादराबाद मानस मित्तल ने लक्सर हाईवे क्षेत्र में कूड़ा एकत्रीकरण हेतु हिम विलेज एनजीओ से विचार-विमर्श एवं भागतनपुर आबिदपुर में प्लास्टिक कचरा संग्रहण की जानकारी दी। अपर परियोजना निदेशक डीआरडीए नलिनीत घिल्डियाल ने महिला समूहों द्वारा ब्लॉक लक्सर के अकोड़ा कलां व डूंगरपुर ग्राम पंचायत में सफाई एवं स्वच्छता शपथ दिलाए जाने की सूचना दी। विकास खंड अधिकारी लक्सर प्रवीण भट्ट ने अलावलपुर व महतोली क्षेत्रों में सफाई कार्य की पुष्टि की, वहीं जिला आबकारी अधिकारी कैलाश चंद्र बिंजोला ने मदिरा दुकानों पर सफाई कराए जाने की जानकारी दी। आरएम सिडकुल कमल कफलतिया ने सिडकुल स्थित राजा बिस्कुट फैक्ट्री के आसपास सफाई कार्य किए जाने की सूचना दी। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के स्वच्छ हरिद्वार के संकल्प का असर धरातल पर दिखाई देने लगा है, जहां शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अभियान की निरंतर निगरानी स्वयं अधिकारी मौके पर पहुंचकर कर रहे हैं।



# जिला सैनिक परिषद की त्रैमासिक बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसम्बर 2025: कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पीआर चौहान की अध्यक्षता में जिला सैनिक परिषद की चतुर्थ त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर डॉ. सरिता पंवार (सेवानिवृत्त) ने किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों व पूर्व सैनिकों का स्वागत करते हुए पिछली बैठक के बिंदुओं की समीक्षा एवं की गई कार्यवाही की जानकारी दी। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा उठाए गए शहीद स्मारक हेतु भूमि चिन्हांकन, शहीद कैप्टन जगदीश चंद्र भट्ट की स्मृति में शहीद द्वार निर्माण, भूमि अधिग्रहण मुआवजा, रास्तों पर अतिक्रमण, भूमि क्रय तथा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा जैसे विषयों पर चर्चा की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं जिला सैनिक कल्याण कार्यालय को नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही के निर्देश देते हुए पूर्व सैनिकों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी अधिकारियों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी, सहायक मुख्य चिकित्साधिकारी, पुलिस विभाग के निरीक्षक, पूर्व सैनिक एवं ब्लॉक प्रतिनिधि सहित जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।



# अखाड़ परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने की निरंजन पीठाधीश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी से भेंट

## सनातन परम्परा, अखाड़ा व्यवस्था एवं आगामी कुम्भ के संदर्भ में विचार-विमर्श किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने श्री दक्षिण काली मंदिर पहुंचकर लंबे प्रवास के बाद हरिद्वार लौटे निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज से भेंट की।

भेंट के दौरान स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज एवं श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने सनातन परम्परा, अखाड़ा व्यवस्था एवं आगामी कुम्भ के संदर्भ में विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर निरंजनी अखाड़ के महामंडलेश्वर स्वामी राघवेंद्र भारती महाराज भी मौजूद रहे।

स्वामी कैलाशानन्द गिरि महाराज एवं श्रीमहंत रविन्द्र पूरी महाराज ने पूर्व में संपन्न हुई अखाड़ों की बैठकों, अखाड़ा परिषद के निर्णयों तथा वर्तमान में अखाड़ों के समक्ष उपस्थित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की और अखाड़ों की एकता, सनातन परम्पराओं की रक्षा, संत समाज की भूमिका तथा धार्मिक आयोजनों के सुव्यवस्थित संचालन पर विशेष बल दिया। इस दौरान हरिद्वार कुम्भ को लेकर भी गहन चर्चा हुई। कुम्भ मेले को और अधिक दिव्य एवं भव्य स्वरूप प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा किए जा रहे विकासात्मक एवं व्यवस्थागत कार्यों की भी समीक्षा की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात व्यवस्था तथा संत-महात्माओं के लिए आवश्यक संसाधनों को लेकर भी विचार किया।

अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी एवं निरंजनी पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी महाराज ने कहा कि सभी अखाड़ों के समन्वय, सहयोग एवं सहभागिता से हरिद्वार कुम्भ मेले को पारंपरिक गरिमा के अनुरूप भव्य और दिव्य स्वरूप में आयोजित किया जाएगा। कहा कि कुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति की वैश्विक पहचान है, जिसे दिव्यता, भव्यता और अनुशासन के साथ सम्पन्न करना समस्त संत समाज का दायित्व है।



# विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर थाना सिडकुल में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 18 दिसंबर 2025 को विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर थाना सिडकुल परिसर में अल्पसंख्यक समुदाय के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुस्लिम एवं सिख समुदाय के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही, जहां अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित जानकारीपूर्ण पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी संभ्रांत व्यक्तियों का सूक्ष्म जलपान के माध्यम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की फोटोग्राफी कर अल्पसंख्यक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। गोष्ठी के दौरान उपस्थित व्यक्तियों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा की, जिनके समाधान को लेकर थाना सिडकुल पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की गई तथा आयोजन को सकारात्मक और सराहनीय बताया गया।



# बीएचईएल में राजभाषा कार्यान्वयन पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 18 दिसम्बर: भारत सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीएचईएल हरिद्वार में 48 विभागीय राजभाषा समितियों के अध्यक्षों, सचिवों एवं सह सचिवों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में लगभग 80 प्रतिभागियों ने वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एवं सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति हरीश सिंह बगवार के नेतृत्व में राजभाषा नीति से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों, राष्ट्रपति के आदेश, राजभाषा अधिनियम एवं वार्षिक कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श कर भावी कार्ययोजना तय की। इस अवसर पर उप प्रबंधक (राजभाषा) शशी सिंह एवं राजभाषा अधिकारी योगेंद्र प्रसाद ने समिति पदाधिकारियों के दायित्वों व कर्तव्यों के साथ राजभाषा नियमों की विस्तृत जानकारी दी। चर्चा सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान कर सुझाव भी आमंत्रित किए गए। उल्लेखनीय है कि बीएचईएल हरिद्वार में हिंदी के प्रयोग, प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर कार्यशालाएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे कर्मचारियों द्वारा स्वप्रेरणा से हिंदी में कार्य की निरंतर वृद्धि हो रही है। यह संगोष्ठी संस्थान के व्यावसायिक हितों के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रभावी निष्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



# धूमधाम से मनाया गया अलवर वाले बाबा का अवतरण दिवस

## बाबा ने लाखों लोगों को दिखाई जीवन जीने की राह-स्वामी श्याम सुंदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्यामपुर कांगड़ी स्थित श्री श्याम बैकुंठ धाम में अलवर वाले बाबा रामगोपाल शर्मा महाराज का 116वां अवतरण दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर श्री श्याम बैकुंठ धाम के परमाध्यक्ष स्वामी श्याम सुंदर महाराज की अध्यक्षता में संत समागम का आयोजन किया गया। जिसमें सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष और बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन शामिल हुए।

संत समागम के दौरान श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते स्वामी श्याम सुंदर महाराज ने कहा कि त्याग, तपस्या और सेवा की प्रतिमूर्ति अलवर वाले बाबा रामगोपाल शर्मा महाराज ने अपने तपोबल से लाखों भक्तों के कष्ट दूर कर भटके हुए लोगों को जीवन की सही राह दिखाई। श्री बालाजी दरबार संभापुर दिल्ली तथा श्याम वैकुंठ धाम कांगड़ी मे उनका आशीर्वाद और तपोबल विद्यमान है। श्रद्धा और विश्वास के साथ माथा टेकने वाले भक्तों को आज भी बाबा का आशीर्वाद प्राप्त होता है। संत समागम का संचालन करते हुए महामंडलेश्वर डा.स्वामी राजेश्वर दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन अलवर वाले बाबा रामगोपाल शर्मा सिद्ध महापुरूष थे। उनका पूरा जीवन मानव कल्याण के लिए समर्पित रहा। सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते मानव कल्याण में योगदान का संकल्प लेना चाहिए। स्वामी सत्यव्रतानंद एवं स्वामी अमृतानंद ने कहा कि भारत संतों और सिद्ध महापुरूषों की भूमि है। ब्रह्मलीन अलवर वाले बाबा रामगोपाल शर्मा ने समाज को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान प्रदान कर कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने में अहम भूमिका निभायी।

इस अवसर पर महंत कमलेशानंद सरस्वती, महंत गोपाल महाराज, महंत अरूण दास, महंत पवनदेव, महंत रामेश्वर गिरी, महंत महानंद सरस्वती, महंत वीरेंद्र गिरी, स्वामी कमल मुनि, महंत आराधना गिरी, साध्वी महंत तृप्तानंद सरस्वती, साध्वी महंत सुखप्राप्ति सरस्वती, साध्वी अमृता भारती सहित अनेक संत महापुरूष एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। अशोक त्यागी, मोहित वालिया, डा. विनय मिश्र, राकेश वालिया, महेन्द्र चौहान, प्रदीप सिंघल, पंडित दीपक तिवाड़ी, आशीष मेहरा, अरविन्द, जाकिर हुसैन, रितेश, त्रिलोचन सिंह, अश्वनी शर्मा, आचार्य सुनील ओझा ने फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया।



## 9 विद्यार्थियों का नामी कंपनी में चयन

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के 9 विद्यार्थियों का चयन लॉन्चड ग्लोबल लिमिटेड में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में पल्लवी लोहानी (बी.एससी ऑनर्स एग्रीकल्चर), निधि पटेल (बी.एससी एग्रीकल्चर), निशा यादव (एम.एससी फूड एंड न्यूट्रिशन), महक शर्मा (बी.टेक सीएसई), प्रेक्षा रावत और वैष्णवी (बी.टेक एमई), शिवांश भट्ट और कृतिका (बी.टेक सिविल इंजीनियरिंग), तथा सुब्रत अग्रवाल (बी.टेक आईपीई) शामिल हैं। इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के बाद रुपये 7 लाख वार्षिक वेतन और अन्य सुविधाएं दी जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने निदेशालय के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

## युवाओं हेतु अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण का अवसर

**शांतिपुरी।** औद्योगिक क्षेत्र पंतनगर में युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप के माध्यम से ऑन-जॉब ट्रेनिंग का अवसर उपलब्ध कराया गया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम टाटा मोटर्स लिमिटेड, पंतनगर यूनिट में संचालित किया जाएगा, जिसका संचालन क्वेस कॉर्प लिमिटेड के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 12वीं पास, बी.ए. पास-आउट एवं आईटीआई पास युवाओं को अप्रेंटिसशिप स्टूडेंट ट्रेनी के रूप में चयनित किया जाएगा। आयु सीमा 18 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है।

# 50 पाउच देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 17 दिसंबर 2025 को सिडकुल पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 50 पाउच देशी शराब (किन्नू मार्का) के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत महिंद्रा चौक स्टेडियम के पास से गौरव पुत्र सुशील निवासी गढ़ मीरपुर, थाना रानीपुर, जनपद हरिद्वार (वर्तमान पता: ऐल्प्स कॉलोनी, रोशनाबाद, सिडकुल) को पकड़ा। इस संबंध में अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिडकुल में मुकदमा अपराध संख्या 633/25 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।



# ज्वालापुर में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 18/12/2025 को विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर कोतवाली ज्वालापुर में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर जितेन्द्र चौधरी एवं प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर कुन्दन सिंह राणा के नेतृत्व में अल्पसंख्यक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्र के अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों एवं संभ्रांत व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया, जहां सहायक पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित महानुभावों का कुशलक्षेम पूछा गया तथा उन्हें शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आमजन की विभिन्न समस्याओं की जानकारी लेकर उनका मौके पर ही निराकरण किया गया। गोष्ठी में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर द्वारा उपस्थित लोगों को उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों तथा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 29 एवं 30 के अंतर्गत प्रदत्त शैक्षिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों और कानूनी संरक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों ने इस आयोजन एवं समस्याओं के समाधान को लेकर कोतवाली ज्वालापुर पुलिस की सराहना की।

# अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** थाना कनखल क्षेत्र में एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में चलाए जा रहे नियमित चेकिंग अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कनखल पुलिस ने 17 दिसंबर 2025 को चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को अवैध 315 बोर तमंचा एवं एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था, जिसे समय रहते गिरफ्तार कर संभावित वारदात को टाल दिया गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोपाल पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम तुगलपुर थाना खानपुर, हाल निवासी शनिदेव चौक जगजीतपुर के रूप में हुई है, जिसे मातृसदन गोपाल बस्ती वाली रोड जगजीतपुर से दबोचा गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कनखल पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है।



## कनरा में पूर्व पैरामिलिट्री समिति की हुई बैठक

**अल्मोड़ा।** पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण समिति की गुरुवार को कनरा गांव में बैठक हुई। बैठक में पैरामिलिट्री बोर्ड व पैरामिलिट्री कोष के गठन की मांग की उठाई गई। वहीं, समिति की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें चतुर सिंह बिष्ट को अध्यक्ष और बहादुर सिंह को सचिव चुना गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने कहा कि ड्यूटी के दौरान शहीद पैरामिलिट्री जवानों को अब भी शहीद का दर्जा नहीं दिया जा रहा है। जबकि जवानों को शहीद का दर्जा देने की जरूरत है। उन्होंने सैनिक कल्याण बोर्ड की तर्ज पैरामिलिट्री बोर्ड व सेना झंडा कोष की तर्ज पर पैरामिलिट्री कोष की स्थापना करने, सेवानिवृत्त जवानों को एक्स मैन का दर्जा देकर सुविधा देने समेत कई मांगों को उठाया। इसके अलावा बैठक में समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा**
**प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# एक शातिर चोर, चोरी के माल व नकदी सहित दबोचा

## दो लाख 15 हजार की नगदी, जेवरात, ताला तोड़ने में प्रयुक्त सरिया, एक 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद

**गिरफ्तार अभियुक्त स्मैक व कसीनो में जुआं खेलने का आदी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खटीमा में लगातार हुई चोरियों के मामले में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने एक शातिर चोर को नगदी व चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया।

अगस्त 2025 में आदर्श कॉलोनी निवासी अनुहारिका चौहान पत्नी प्रिंस कुमार के घर से चोरों द्वारा जेवरात व 4000 की नगदी चोरी मामले में तथा नवंबर 2025 में आदर्श कॉलोनी निवासी हीरालाल पुत्र बेचन लाल के घर से कीमती जेवरात व आवश्यक दस्तावेज चोरी मामले में थाना खटीमा में अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिनके द्वारा रात्रि में गश्त व छुप छुप कर चोरों पर नजर रखी जा रही थी और सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे थे। इस कार्यवाही में भूड़ महोलिया में आम के बगीचे से गुरुवार को सुबह के समय दौड़ाकर अज्ञात चोर को गिरफ्तार किया गया। वहीं जेवरात बिक्री से प्राप्त 2,15000 रुपये, सफेद धातु की गले की चेन, एक ब्रेसलेट, दो प्रतिमाएं, दो जोड़ी बिछुए, ताला तोड़ने में प्रयुक्त सरिया, 315 बोर का एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह स्मैक पीने व नेपाल में कसीनों में जुआं खेलने का आदी है। वहीं उसने बताया कि पिछले अगस्त माह में उधार लिए पैसे कसीनों में हारने के बाद जब वह नेपाल से वापस आ रहा था तो वह खटीमा में उतरकर आदर्श कॉलोनी में अनुहारिका चौहान के बंद मकान का ताला तोड़कर सोने की चैन, अंगूठी, कान की बाली व 4000 रुपये नगद चोरी किए।

वहीं उसने बताया कि विगत सितंबर माह में भी उसके द्वारा आदर्श कॉलोनी में चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं हुआ। अभियुक्त ने बताया कि विगत नवंबर माह में पुनः उसके द्वारा आदर्श कॉलोनी में हीरालाल के बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर सोने, चांदी के जेवरात व दस्तावेज चोरी किए गए। उसने बताया कि जेवरातों को नेपाल में किसी सुनार को बेचकर उसने धनराशि प्राप्त की थी।

पहले मुकदमे से संबंधित 85000 रुपये एवं दूसरे मुकदमे से संबंधित 130000 रुपये, सफेद धातु की गले की चेन, एक ब्रेसलेट, दो प्रतिमाएं व दो जोड़ी बिछुए बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त राजकुमार राठौर उम्र 24 वर्ष पुत्र राम अवतार, राज विहार कॉलोनी, आरके टेंट हाउस रोड, थाना मुखानी, जिला नैनीताल, हाल निवासी जगतपुरा, ट्रांजिट कैंप, उधम सिंह नगर का रहने वाला है।

गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ थाना खटीमा व थाना मुखानी में विभिन्न गंभीर धाराओं में सात अलग-अलग मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र शाह, एसएसआई ललित मोहन रावल, एसआई भूपेंद्र सिंह रसवाल, एसआई किशोर पंत, नाथ सिंह, कांस्टेबल मोहन बोरा, कमल पाल, ललित कन्याल, पूरन सिंह, रवि भट्ट, एसओजी कांस्टेबल भूपेंद्र आर्या, राजेंद्र कश्यप तथा नीरज शुक्ला शामिल रहे।

# हॉस्पिटल समेत तीन स्थानों पर पकड़ी बिजली चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उपखंड अधिकारी अन्नू अरोड़ा की जानकारी के अनुसार, विद्युत वितरण खंड रुद्रपुर की टीम ने 15 दिसंबर को अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध रूप से बिजली चोरी करते हुए उपभोक्ताओं को पकड़ा। पहली कार्रवाई खेड़ा क्षेत्र में फैशन फुटवियर के पास की गई, जहां फरीद पुत्र अहमद हुसैन के परिसर में 1.224 किलोवाट विद्युत भार की चोरी पाई गई। दूसरी कार्रवाई कृष्णा हॉस्पिटल, डिल्लो फार्म किच्छा बाईपास, रुद्रपुर में की गई। यहां नितिन अग्रवाल पुत्र विजय कुमार द्वारा 3.492 किलोवाट विद्युत भार की चोरी की जा रही थी। तीसरे मामले में खेड़ा, रुद्रपुर निवासी फैदान अली पुत्र महमूद फरीद के परिसर में 0.302 किलोवाट विद्युत भार की चोरी पकड़ी गई। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

# अंतर्राष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विद्यार्थियों को किया जागरूक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**केलाखेड़ा।** अंतरराष्ट्रीय अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के प्रतिजागरूक किया।

बता दे कि अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर ने नगर के एमजीएन इंटर के एक सेमिनार का आयोजन किया। इस अवसर पर प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर ने देश में अल्पसंख्यक अधिकारों संरक्षित करने के लिए संविधान में दिए गए अधिकारों से अवगत कराया और इस दिवस को मनाने के लिए पीछे के कारण को बताया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों को सराहना की । योगेंद्र कुमार ने जन्म, जाति, लिंग नस्ल के प्रति आधार पर विभेद को कानूनी अपराध और संविधान विरुद्ध बताया। इसके अलावा संविधान के प्रस्तावना का अर्थ समझाते हुए छात्रों को जागरूक किया । इस अवसर मो. मेहराज, लुबीना पारूल, प्रबंधक निजाम अख्तर, प्रधानाचार्य मो. फहीम अख्तर, अध्यापकगण, मो. हनीफ, मो ताहिर, रिजवान, नुसरा, जावेद अख्तर आदि लोग उपस्थित थे।

# जाने-माने स्पोर्ट्समैन, रेफरी एवं प्रमुख व्यवसायी विनोद सिंह मेहता का निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** क्षेत्र के जाने-माने स्पोर्ट्समैन, फुटबॉल रेफरी, प्रमुख व्यवसायी तथा सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे विनोद सिंह मेहता उर्फ 'विनोद दा' का मुंबई में निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही लोहाघाट सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुंबई में हुए उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में परिजन, परिचित और शुभचिंतक उपस्थित रहे।

स्व. विनोद सिंह मेहता मूल रूप से रेगडु के चाख मेहता गांव के निवासी थे। वे लंबे समय तक लोहाघाट के चांदमारी मोहल्ले में निवासरत रहे और स्थानीय खेल गतिविधियों से गहराई से जुड़े रहे। खेलों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिचय इस बात से मिलता है कि वे राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट के पीटीए अध्यक्ष भी रहे। हाल के वर्षों में वे मुंबई में रह रहे थे, जहां उनका परिवार एवं भाई निवास करते हैं।

उनके निधन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह माहरा, नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, भाजपा कार्यकर्ता सतीश चंद्र पांडे, आनंद मेहता, शिक्षक लक्ष्मण सिंह मेहता, ग्राम प्रधान जगत सिंह मेहता, कल्याण सिंह मेहता, धन सिंह मेहता, शिव मंदिर कमेटी रेगडू के गोविंद मेहता, केंद्रीय विद्यालय लोहाघाट के पूर्व प्रधानाचार्य वासुदेव ओली सहित अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं शैक्षिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। क्षेत्र ने एक सादगीप्रिय, कर्मठ और समाजसेवी व्यक्तित्व को खो दिया है।

# 27 फरवरी से शुरू होगा उत्तर भारत का प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेला

## 109 दिनों तक चलेगा यह मेला, डीएम ने की व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** उत्तर भारत का प्रमुख धार्मिक आयोजन पूर्णागिरि मेला इस वर्ष 27 फरवरी से प्रारंभ होकर 15 जून तक आयोजित किया जाएगा। 109 दिनों तक चलने वाले इस मेले की शुरुआत इस बार परंपरा से हटकर होली से पूर्व एकादशी से की जा रही है, जबकि पूर्व वर्षों में यह मेला मुख्य होली के बाद टीके के दिन से आरंभ होता था।



मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी कमलेश बिष्ट ने किया। बैठक में मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्णागिरि मेला ऐसा आयोजन है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु मैदानी क्षेत्रों से आते हैं।

यह हमारे लिए अतिथियों के स्वागत और मेजबानी का अवसर है, इसलिए व्यवस्थाएं अतिथि भाव के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, प्रकाश व्यवस्था और यातायात जैसी सभी व्यवस्थाओं को अप-टू-डेट रखने के निर्देश दिए। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, ठुलीगाड़ से भैरव मंदिर तक शटल सेवा के माध्यम से टैक्सी संचालन, भंडारा आयोजन के लिए निर्धारित स्थल, अनुमति के बाद ही आयोजन।

टनकपुर के एसडीएम आकाश जोशी को मेला मजिस्ट्रेट एवं जिला पंचायत के एएमए कुलदीप बिष्ट को मेला अधिकारी नियुक्त किया गया। डीएम ने कहा कि लक्ष्य यह है कि श्रद्धालु यहां से सुखद अनुभव और अच्छी यादें लेकर लौटें, ताकि भविष्य में और अधिक श्रद्धालु पूर्णागिरि मेला एवं चंपावत जनपद की ओर आकर्षित हों सके।

सीएमओ डा. देवेश चौहान ने बताया कि पूरे मेला अवधि में दो एम्बुलैंस यहां अपनी सेवाएं देंगी। इसके अलावा चिकित्सा सुविधा का भी पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी, उपाध्यक्ष पुष्पा विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, पूर्णागिरि मंदिर समिति अध्यक्ष किशन तिवारी, उपाध्यक्ष नीरज पांडे, पूर्व अध्यक्ष भुवन पांडे, सहित एडीएम केएन गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, सीओ शिवराज सिंह राणा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश चौहान तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# लोहाघाट में वन-वे ट्रैफिक पर बंटी राय

**व्यापारियों का विरोध, आमजन ने बताया जाम व दुर्घटनाओं से राहत का उपाय**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से शुरू की गई वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर नागरिकों की राय बंटी हुई नजर आ रही है। जहां व्यापारी वर्ग इसे अपने व्यापार के लिए नुकसानदेह बता रहा है, वहीं आम नागरिक इसे जाम और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम मान रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर नगर क्षेत्र में आज से 31 दिसंबर तक वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत स्टेशन बाजार से डांग बंगाल रोड़, शिवालय रोड, मीना बाजार होते हुए जयंती भवन तक सिंगल ट्रैफिक की व्यवस्था लागू की गई, जिससे लोगों को लगभग दो किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद वर्मा, व्यापार संघ अध्यक्ष मनीष जुकरिया सहित व्यापारियों ने इस व्यवस्था को व्यापार विरोधी बताते हुए सीओ एसएस राणा एवं प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई। जिसका विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने व्यापारियों की बातों का समर्थन किया।

दूसरी ओर मोहन जोशी, गोविंद नाथ, रमेश कापड़ी, नारायण पुजारी, राम सिंह बोहरा, जितेंद्र कुमार सहित कई नागरिकों ने वन-वे व्यवस्था के समर्थन में आवाज उठाई। उनका कहना है कि पूर्व में जब यह व्यवस्था लागू थी, तब न तो जाम लगता था और न ही दुर्घटनाएं होती थीं। पुलिस का कहना है कि पूर्व में भी यही व्यवस्था लागू रही है, जिससे यातायात में उल्लेखनीय सुधार हुआ था। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए यह व्यवस्था नगर हित में आवश्यक है।

# एमपीआइसी की दो बच्चों का बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज की दो छात्र-छात्राओं का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 69 वें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि इन छात्र छात्राओं ने राज्यस्तर पर अल्मोड़ा में प्रतिभाग किया था। कक्षा 8 की बालिका कृतिका नेगी का चयन यू-14 बालिका वर्ग में हुआ है। ये 19 से 23 दिसंबर शहदोल, मध्य प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी, जबकि कक्षा 7 में अध्ययनरत बालक आयुष रावत का चयन यू-14 बालक वर्ग में हुआ है ये 23 से 28 दिसंबर तक जबलपुर मध्य प्रदेश में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इस वर्ष राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता अल्मोड़ा में आयोजित की गई थी। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खेल अध्यापक प्रकाश रावत, प्रबंधक विनय जिन्दल, प्रधानाचार्य संजीव शर्मा, शिक्षक राजीव शर्मा, शिवेन्द्र चंद, कैलाश त्रिपाठी, केके फुलेरा, दीप नारायण, रजनीश आर्या, सर्वेश मालिक, प्रदीप रावत, श्याम मेहरा, नीरज राज आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# युवक ने लगाया पालिका के नाम पर वाहन शुल्क मांगने और मारपीट करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** एक युवक ने कुछ युवकों द्वारा अवैध रूप से नगर पालिका के नाम पर वाहन का शुल्क मांगने और शुल्क देने के बाद भी गाली गलौच कर जान से मारने की नियत रखते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुए लूटपाट करने का आरोप लगाया है।

अरमान पुत्र मुनाजिर निवासी भोजपुर तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह अपने वाहन को लेकर मरम्मत करवाने के लिए अपने साथी मोहम्मद अली के साथ रामनगर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए आया था।

वह जैसे ही बैराज नए पुल के समीप छोटे पुल पर पंहुचा तो मौके पर खड़े तीन लोगों द्वारा वाहन को जबरन रुकवा लिया गया। वाहन को रुकवाने का कारण पूछने पर तीनों व्यक्तियों द्वारा कहा गया कि हम नगर पालिका के टेंडर में वाहनों से प्रवेश शुल्क धनराशी वसूलने का कार्य करते हैं। तीनों व्यक्तियों को 100 रुपये दे दिए। उन लोगों द्वारा 200 रुपये की धनराशी मांगी गई। विरोध करने पर तीनों लोगों द्वारा गाली गलौच शुरू कर दी। उसके बाद लोहे की रोड व ईटो से जान से मारने की नियत रखते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित व्यक्ति के पास 60,000 रुपये की धनराशि को तीनों व्यक्तियों द्वारा लूट लिया और जान से मारने की धमकी दी। सिर में लोहे की रोड से हमला होने के कारण चार टांके आए हैं और उसके साथी के शरीर में भी काफी गुम चोटे आई है। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित व्यक्ति के परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# एनयूजे-आई रामनगर ने एसएसपी सीओ, कोतवाल को सम्मानित किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नैनीताल जनपद के पुलिस कप्तान डा. मंजूनाथ टीसी के नगर में प्रथम आवगमन पर एनयूजे-आई के नगराध्यक्ष डा. जफर सैफी व मीडियाकर्मियों के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

विगत दिवस रामनगर कोतवाली प्रांगण मे समपन्न हुए एक कार्यक्रम मे नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया की रामनगर शाखा के नगराध्यक्ष डा. जफर सैफी, जिला सचिव राजीव अग्रवाल मोनू, नगर उपाध्यक्ष नाजिम सलमान, चन्द्रसैन कश्यप, नगर सचिव जुगेश अरोरा बंटी, नदीम वारसी के द्वारा उत्कृष्ट कार्यो के लिए नैनीताल के एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी, रामनगर सीओ सुमित पाण्डे और रामनगर कोतवाल सुशील कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, एसएसपी पीआरओ हेमा ऐथानी, प्रांतीय उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, कांग्रेस नेता प्रैम जैन, एसएसआई महेश प्रसाद, मालधन चौकी इचार्ज धर्मेन्द्र कुमार आदि सहित बड़ी संख्या मे पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कांग्रेसियों ने बिहार के मुख्यमंत्री के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** मुस्लिम समुदाय के दर्जनों व्यक्तियों ने एकजुट होकर क्षेत्र के कांग्रेसी विधायक आदेश चौहान वह नगर अध्यक्ष इफ्तिखार बबलू के नेतृत्व में जसपुर तहसील पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उप जिला अधिकारी को सौंपा ।ज्ञापन में कहा गया की समाचार चौनलों में व सोशल मीडिया के माध्यम से ज्ञात हुआ है कि बिहार राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सम्मान समारोह के दौरान एक महिला के साथ दुर्व्यवहार किया गया है जो की अशोभनीय है और देश की आधी आबादी का अपमान है उन्होंने घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को उनके पद से बर्खास्त करने की राष्ट्रपति से मांग की है इस मौके पर कांग्रेस के नगर अध्यक्ष इफ्तार बबलू, कांग्रेसी नेता जाकिर नूरी, नाजिम मेंबर, नफीस कादरी, हिमांशु नंबरदार, सर्वेश चौहान, अतिकुररहमान, सुखदेव सिंह समेत दर्जनों कांग्रेसी नेता व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# मदरसा गौसिया में तालीमी बेदारी कॉफ्रेंस और जश्ने सिद्दीके अकबर का आयोजन

**आज के जमाने में तालीम के साथ-साथ तरबियत भी है बहुत जरूरी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मदरसा गौसिया में तालीमी बेदारी कॉन्फ्रेंस और जश्ने सिद्दीके अकबर का आयोजन किया गया, जिसमें के स्टूडेंट्स और उनके पेरेंट्स ने खास तौर पर हिस्सा लिया। सुबह 10 बजे हजरत हाफिज और कारी इसरार अहमद साहिब ने पवित्र कुरान की तिलावत की। मुहम्मद मुजम्मिल मुहम्मद अकील और मदरसे के दूसरे स्टूडेंट्स ने नात पाक पेश कीं। जबकि मैनेजमेंट का काम हजरत हाफिज अब्दुल बासित अजहरी साहिब ने किया। मीटिंग में विद्वानों ने मौजूदा हालात को देखते हुए अलग-अलग टॉपिक पर बात की।



हजरत अल्लामा इरफान- उल-हक कादरी (मदरसा गौसिया इस्लामनगर खटीमा के संस्थापक) ने मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में तालीम की कमी और उसका समाधान शीर्षक के तहत सार्थक भाषण देते हुए कहा कि इस दौर में लोग शिक्षा तो ले रहे हैं, लेकिन शिक्षा के साथ तरबियत पर ध्यान नहीं देते, जिससे पूरा समाज तबाही और बर्बादी की दहलीज पर आ खड़ा हुआ है। तरबियत के बिना शिक्षा का कोई महत्व नहीं है, बल्कि तरबियत के बिना शिक्षा का मकसद पूरा नहीं हो सकता। हजरत अल्लामा मुफ्ती फरयाद आलम साहिब कबिला (खतीब और इमाम रजा मस्जिद खटीमा) ने बच्चों की परवरिश में माता-पिता की भूमिका विषय पर चर्चा करते हुए कहा: आज माता-पिता अपने बच्चों को मदरसे में भेजकर सोचते हैं कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी पूरी कर दी है, हालांकि उनकी जिम्मेदारी दिन-रात एक ही है, अपने बच्चों की हर हरकत, अच्छी और बुरी हरकत पर नजर रखना और उन्हें झूठ बोलने, धोखा देने और नैतिकता को बिगाड़ने वाली दूसरी चीजों से दूर रखना और समय-समय पर उन्हें चेतावनी देते रहना। हजरत हाफिज मौलाना इरशाद हुसैन तहसीनी साहिब किबला ने बच्चों को असातिजा और टीचरों का आदर उके बारे में सलाह देते हुए बहुत ही दिल को छू लेने वाला भाषण दिया। यहां मोहफिज रजा मिस्बाही, हजरत मुफ्ती सईद अनवर इरशादी, खालिद हुसैन, हाफिज जफरुद्दीन साहब, मौलाना अमान-उल-हक कादरी, हाफिज इरशाद हुसैन मुशाहिदी, कारी इसरार अहमद, हाफिज मुहम्मद रजा, अदील मौलाना अदील फैयाजी, मौलाना जावेद अहमद, हाफिज इसरार अहमद, मौलाना रजी मरकजी के अलावा मदरसा गौसिया और मदरसा फातिमा जहरा के बड़ी संख्या में छात्र भी मौजूद थे।

# नागरिकों को कोतवाली में विधिक जानकारी प्रदान की गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर जसपुर कोतवाली में एक सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न जनप्रतिनिधियो व क्षेत्रीय नागरिकों ने भाग लिया इस अवसर पर जसपुर पुलिस/ जनप्रतिनिधियों ने अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्तियों को उनके अधिकारों व कानून के बारे में विधिक जानकारी प्रदान की इस अवसर पर जसपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह,अल्पसंख्यक आयोग से नामित चरणजीत सिंह और अभिषेक सुखिया उपस्थित रहे प्रोग्राम के दौरान ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने भी बैनर के साथ स्पीच देकर लोगों को जागरूक किया।

# मवेशी से टकराई बाइक, दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नैनीताल मार्ग पर बरहैनी पुलिस चौकी के समीप गुरुवार को एक बाइक मवेशी से टकरा गई। जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से उपचार हेतु उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार को समय करीब साढ़े तीन बजे ग्राम सुल्तानपुर ठाकुरद्वारा (उप्र) निवासी 35 वर्षीय मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल गफ्फार अपने साथी 32 वर्षीय मोहम्मद अली पुत्र बाबू खान के साथ हल्द्वानी से फनीचर का कार्य करके वापस अपने घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी बीच बरहैनी पुलिस चौकी के पास अचानक सामने आई मवेशी से उनकी बाइक टकरा गई। हादसे में दोनों सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही बरहैनी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को एक निजी वाहन से बाजपुर के सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया है कि हादसे में मवेशी को भी चोटें आई हैं।

# फैज ए आम इंटर कॉलेज में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** नगर के प्रसिद्ध व प्राचीन फैजेआम इंटर कॉलेज में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम व अल्पसंख्यक अधिकारों की विधिक जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्कूल परिसर में क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों / गणमान्य व्यक्तियों/ अभिभावकों ने पहुंचकर बच्चों व अध्यापकों का मनोबल बढ़ाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर लगभग शाम 4:00 बजे तक समापन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने अनेक दीनी नाते व दीन की जानकारी मौके पर मौजूद बच्चों को दी। कुरआन पाक की आयतों का तर्जुमा सहित जानकारी प्रदान करने पर मौके पर मौजूद अतिथि गणों ने बच्चों को ईनाम देकर पुरस्कृत किया।

इसके पश्चात अनेकों रंगारंग देश भक्ति गीत/ कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिससे माहौल राष्ट्रमय बन गया। मौके पर मौजूद स्कूल प्रधानाचार्य / शिक्षाविदों/ विद्वानों/ गणमान्य व्यक्तियों व कॉलेज के स्टाफ ने बच्चों को विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की जानकारी बड़े विस्तृत रूप में प्रदान की।

कार्यक्रम में बोलते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रईस अहमद ने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए कहा और उन्हे शिक्षा के साथ-साथ अपने हक और अधिकारों से सम्बन्धित विधिक जानकारी हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य डा. मोहम्मद रईस अहमद, क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद नौशाद, कांग्रेस नेता जाकिर नूरी, नगर अध्यक्ष इफ्तहार बबलू, हिमांशु नंबरदार, सर्वेश वत्सल, रईस अहमद, अशरफ तस्लीम, अनीस अहमद, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद राशिद, शराफत हुसैन, हामिद हुसैन समेत सैकड़ों की संख्या में अभिभावकगण, विद्यार्थी, गणमान्य व्यक्ति व क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।



# मनरेगा का नाम बदलने पर गरजे सुमित हृदयेश

## शहर विधायक ने केन्द्र सरकार के कदम को महात्मा गांधी के सम्मान पर चोट बताया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार का मनरेगा योजना का नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है। मनरेगा जैसी ऐतिहासिक और जनकल्याणकारी योजना को विक. सित भारत-जी राम जी नाम देना दुर्भाग्यपूर्ण है। मनरेगा के तहत ग्रामीण और शहरी गरीबों को मिलने वाला 100 दिन का रोजगार अब घटाकर केवल 60 दिन कर दिया गया है, जिससे आम जनता की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। यह बात कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने भाजपा प्रवक्ता व विशेषज्ञों को खुली बहस का निमंत्रण दिया। गुरूवार को नैनीताल रोड स्थित होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए विधायक सुमित हृदयेश ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना को



लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर निशाना साधा और कहा कि भाजपा अपने 50 प्रवक्ताओं और विशेषज्ञों के साथ खुली बहस कराए, कांग्रेस पूरी मजबूती से तथ्यों के साथ जवाब देने को तैयार है। विधायक सुमित हृदयेश ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों, संघर्ष और योगदान का खुला अपमान है।

मनरेगा देश के गरीब, मजदूर और ग्रामीण तबके के लिए केवल एक योजना नहीं बल्कि जीवनरेखा रही है और इसके मूल स्वरूप से छेड़छाड़ करना पूरी तरह जनविरोधी कदम है। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा के अंतर्गत कार्यों की संस्तुति ग्राम प्रधान और ग्राम सभा के माध्यम से होती थी, जिससे स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार रोजगार उपलब्ध होता था। लेकिन अब केंद्र सरकार इस व्यवस्था को समाप्त कर मनरेगा के कार्यों को दिल्ली से संचालित करने की योजना बना रही है, जहां से यह तय किया जाएगा कि मनरेगा लागू होगा या नहीं। यह न केवल पंचायती राज व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास है, बल्कि ग्रामीण आत्मनिर्भरता पर भी गहरा आघात है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बदलाव वास्तव में पहाड़ों को खाली कराने की एक साजिश है। यह योजना पहाड़ों से पलायन रोकने की नहीं, बल्कि पलायन को और तेज करने की स्कीम बनती जा रही है। आरोप लगाया कि केंद्र सरकार लगातार गरीब विरोधी फैसले ले रही है। पहले मनरेगा में 90:10 के अनुपात में केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी थी, लेकिन अब इसे बदलकर केंद्र सरकार 60 प्रतिशत और राज्य सरकार 40 प्रतिशत खर्च वहन करेगी। इससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा और विकास कार्य प्रभावित होंगे। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे अपने संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज बुलंद करें और जनविरोधी नीतियों का डटकर विरा. ेध करे। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष मधु सांगुड़ी, शोभा बिष्ट, हेमंत बगड़वाल, एनबी गुणवंत, हरीश मेहता, सुहैल सिद्दीकी, जाकिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करें: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गुरूवार को सर्किट हाउस काठगोदाम में उद्योग मित्र की बैठक लेते हुए अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान करने के दिए निर्देश। बैठक में मुख्य रूप से ओद्योगिक आस्थान क्षेत्रों में सड़क, वैकल्पिक मार्ग, पानी, बिजली, विद्युत सबसस्टेशन निर्माण, जीएसटी रिफंड आदि की समस्यायें उद्यमियों द्वारा उठाई गई। जिला. धिकारी ने सभी संबंधित अधिका. रियों को आपसी समन्वय बनाकर सकारात्मक कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि औद्योगिक ईकायों में कोई भी कार्य किया जाता है वह क्वालिटी इंड्रस्ट्री के मानकों के अनुसार हो। इसके लिए अधिकारी उद्यमियों के साथ समन्वय बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा जिन योजनाओं पर आंगणन का प्रस्ताव बनाने है विभागीय समन्वय के साथ शीघ्र कार्य कराया जाए। बैठक में जिला उद्योग केन्द्र



द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के उपादान स्वीकृति के लिए कुल 41 प्रकरण कमेटी सामने रखे गए। जिनका समिति द्वारा संस्तुति के लिए प्रस्तुत किया गया। बैठक में सूर्या गांव साततال मोटर मार्ग निर्माण हेतु 26.96 लाख का स्वीकृति के लिए प्रस्ताव लोनिवि नैनीताल द्वारा शासन को प्रेषित किया गया था। बैठक में उद्यमियों द्वारा विद्युत स्मार्ट मीटर लगने से उनके बिलों बृद्धि का मामला रखा जिसपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को टैक्निकल टीम के साथ समन्वय कर उद्यमियों की विद्युत की समस्या का समाधान शीघ्र कराने के निर्देश दिये। बैठक में अवगत कराया कि भीमताल आणु नाले के दिशा परिवर्तन काफी समय से विद्युत पोल शिफ्टिंग नहीं होने के कारण लम्बित थी, जिस पर अधिशासी अभियंता सिचाई विभाग ने बताया कि विद्युत विभाग को पोल शिफ्टिंग के लिए धनराशि आवंटित की जा चुकी है शीघ्र ही कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। बैठक में अध्यक्ष हिमालयन चैम्बर आरसी बिलोला, सचिव मनोज ढांका, मलय तिवारी, दीपक कुमार अग्रवाल के साथ ही महाप्रबंधक उद्योग पल्लवी गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान के साथ ही विद्युत, सिचाई, सड़क, जलसंस्थान के अधिकारी रहे।

# फांसी लगाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा में रहने वाले एक व्यक्ति ने बीते बुधवार को फांसी का फंदा बनाकर अपनी जान दे दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मदद से व्यक्ति को फंदे से उतारकर उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्ट कराके शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार जवाहरनगर राजपुरा बनभूलपुरा निवासी 24 वर्षीय अभिषेक यहां पत्नी व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहता था। गुजर-बसर के लिए अभिषेक गुब्बारे बेचने का काम करता था। बताया जाता है कि अभिषेक और उसकी पत्नी के बीच अकसर किसी ना किसी बात को लेकर विवाद होते रहते थे। एक बार फिर विवाद हुआ तो पत्नी नाराज होकर जवाहर नगर अपने मायके चली गई।

नाराज पत्नी को मनाने और वापस घर लाने के लिए बुधवार को अभिषेक अपनी ससुराल पहुंचा, और उसने भरपूर कोशिश की, लेकिन पत्नी ने साथ लौटने से इंकार कर दिया। पत्नी ने उसे जाने को कहा और कहा कि वह खुद घर आ जाएगी। पत्नी के इस व्यवहार से अभिषेक आहत हुआ और घर पहुंचकर उसने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। कुछ घंटो बाद जब पत्नी घर पहुंची तो पति को फंदे से लटका देख वह भौंचक रह गई। चिखपुकार सुनकर आस-पास के लोग एकत्र हो गए और सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। परिजनों व पुलिस अभिषेक को फंदे से नीचे उतारा और बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्ट कराके शव परि. जनों को सौंप दिया।

# बैंक में ज़मीन बंधक बनाकर लोन लिया, फिर बेच दी, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक युवक ने बैंक में जमीन को बंधक रखकर 12.50 लाख रुपये का ऋण लिया और बाद में धोखाधड़ी से उसी जमीन को बेच दिया। जब बैंक ने ऋण नहीं चुकाने पर नोटिस भेजे, तो बाद में पता चला कि आरोपी ने उस भूमि को किसी और को बेच दिया था। बैंक प्रबंधक ने पुलिस में तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की।

लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर न्यायालय की शरण ली। जिसके बाद न्यायालय ने पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिए। जानकारी के अनुसार नैनीताल बैंक लिमिटेड की उदयलालपुर शाखा की प्रबंधक डिंपल गुंसाई ने न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज के समक्ष प्रार्थना

### बैंक शाखा प्रबंधक की तहरीर को पुलिस ने किया अनसुना

पत्र दाखिल किया। उन्होंने बताया कि आरोपी दानिश सिद्दीकी ने 18 अप्रैल 2022 को नवाड़खेड़ा स्थित 1698 वर्ग फीट जमीन को बैंक में बंधक रखकर 12.50 लाख रुपये का ऋण लिया। ऋण न चुकाने पर 28 अक्टूबर 2022 को बैंक ने उसके ऋण खाते को गैर निष्पादित परिसंपत्ति घोषित कर दिया। बाद में बैंक को जानकारी मिली कि दानिश सिद्दीकी ने 19 मार्च 2024 को उक्त जमीन को धोखाधड़ी से मो. मूसा नामक व्यक्ति को बेच दी। इससे बैंक को वित्तीय नुकसान हुआ। डिंपल गुंसाई ने सीओ हल्द्वानी और एसएसपी नैनीताल को प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद, मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता एमसी पाठक ने बताया कि न्यायालय द्वितीय अपर सिविल जज, विशाल ठाकुर ने प्रार्थना पत्र के आधार पर पुलिस को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया।

# 70 जरूरतमंद बच्चों को वितरित किए स्वेटर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा जूनियर हाई स्कूल फतेहपुर में हर वर्ष की भांति जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। इस वर्ष संस्था द्वारा कुल 70 बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने बच्चों को कुमाऊंनी भाषा के



संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कुमाऊंनी हमारी समृद्ध लोकभाषा है, जिसे नई पीढ़ी तक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे भविष्य में संस्था द्वारा कुमाऊनी भाषा के संरक्षण के लिए आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें। इस अवसर पर बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए 10 विद्यार्थियों ने कुमाऊंनी भाषा में कविता पाठ एवं भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक पीसी पंत, संरक्षक नीरजा बोरा, उपाध्यक्ष तनुजा पांडे, नंदा पांडेय, कोषाध्यक्ष ममता भट्ट, सचिव विद्या जोशी, संयुक्त सचिव शशि जोशी, उप सचिव अंजू पांडेय, सदस्य पूर्णिमा पांडेय, पुनीता पांडेय, मोहन जोशी, संयोजक ईश्वर भट्ट, मंजू आर्या, दयाकिशन आदि मौजूद रहे।

## चैकिंग के दौरान बाइक चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चैकिंग के दौरान बीती रात्रि चोरगलिया पुलिस ने एमवीआर बैरियर के पास एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से चोरी की गई बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपी चोर के खिलाफ हल्द्वानी, मुखानी व चोरगलिया में मुकदमें दर्ज है और पूर्व में कई बार जेल की हवा खा चुका है। जानकारी के अनुसार बीती बुधवार की रात्रि चोरग. लिया प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम एमवीआर बैरियर चोरगलिया के पास वाहन चैकिंग कर रही थी तभी चैकिंग के दौरान एक युवक संदिग्ध अवस्था में आता दिखाई दिया जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया और वाहन के कागजात मांगे लेकिन वह टालमटोली करने लगा। सख्ती से पूछताछ करने युवक ने बाइक चोरी की बात कबूल की। पूछताछ के दौरान पकड़े गए युवक ने अपना नाम लक्ष्मण मौर्य पुत्र कुंवर सैन निवासी कुमाऊ कालोनी जवाहर ज्योति दमुवाढुंगा काठगोदाम बताया। पकड़े गए शातिर चोर के खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली, मुखानी व चोरगलिया में मुकदमें दर्ज है और कई बार जेल की भी हवा खा चुका है। टीम में प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह, एसआई सुनील गोस्वामी, हैड कांस्टेबल मंजीत सिंह, कांस्टेबल भारत भूषण, चंदन सिंह शामिल रहे।

## सट्टा लगाते सटोरिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से सट्टे की पर्चियां, पैन व नगदी बरामद की है। जानक. ारी के अनुसार बीते बुधवार की रात्रि बनभूलपुरा प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त कर रही थी। तभी कांस्टेबल लक्ष्मण राम व शिवम कुमार ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए मो. शावेज पुत्र फिदा हुसैन निवासी नईबस्ती ठोकर बनभूलपुरा को रंगेहाथ गिरफ्तार किया जिसके पास से सट्टा पर्ची, पैन, गत्ता, व 1680 रुपये की नगदी बरामद की है। सटोरिये के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

# फुटबॉल: बराबरी पर रहीं टीमें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल लामाचौड़ हल्द्वानी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवन-ए-साइड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन गुरुवार को 12 मुकाबले खेले गए।

बालिका वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में क्वींस और आर्यमान विक्रम बिरला की टीमें निर्धारित समय तक गोल रहित बराबरी पर रही। इसके बाद पेनाल्टी शूटआउट में आर्यमान विक्रम बिरला ने 2-1 से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अब उसका मुक. ाबला सिंथिया स्कूल से होगा जो लगातार जीत दर्ज करते हुए पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी है। वहीं



सब जूनियर वर्ग (कक्षा 1 से 5) के बालक वर्ग में डॉन बॉस्को ने पेनाल्टी शूटआउट में क्वींस को 1-0 से तथा शिवालिक ने बीएलएम को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग के मुकाबलों में बीएलएम ने पेनाल्टी शूटआउट में आर्यमान विक्रम बिरला को 1-0 से, शिवालिक ने क्वींस को 4-0 से तथा इम्पिरियम ने सिंथिया को 1-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस अवसर पर सेंट लॉरेंस के प्रबंधक अनिल जोशी, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मुकेश पाल, विपिन पांडेय, शिवालिक स्कूल के प्रबंधक रमेश शर्मा, इम्पिरियम स्कूल के प्रबंधक करण गंगोला, हेरिटेज के प्रबंधक श्यामल दास सहित खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# उत्तरायणी मेले को आकर्षक व सुव्यवस्थित बनाने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर हल्द्वानी द्वारा 7 जनवरी से 15 जनवरी तक आयोजित होने वाले उत्तरायणी मेले की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक मंच परिसर में कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई, जिसमें मेले के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मंच के संरक्षक हुकम सिंह कुंवर ने कहा कि उत्तरायणी मेले को अधिक आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेले में पहाड़ के नए और उभरते कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा अवसर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आकर्षक सांस्कृतिक झांकियों के निर्माण पर जोर देते हुए पर्वतीय जनता से अधिक से अधिक झांकियां लाने की अपील की। मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल ने जानकारी दी कि 14 जनवरी को उत्तरायणी मेले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही मंच का एक प्रतिनिधिमंडल देहरादून जाकर मुख्यमंत्री को विधिवत आमंत्रण पत्र सौंपेगा। बैठक में संस्थापक सदस्य भुवन जोशी, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तौलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनौली, बृजमोहन बिष्ट, धर्म सिंह, ललित सिंह, दीपक सुयाल, आनंद सिंह अधिकारी मौजूद रहे।

# उधारी मांगने पर दंपति को पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक डॉक्टर परिवार को अपना ही उधारी का पैसा मांगना भारी पड़ गया। एक साजिश के तहत महिला डॉक्टर, उनके पति और बेटे को बुलाकर उनपर जानलेवा हमला कर दिया गया। न सिर्फ परिवार को मारने की कोशिश की, बल्कि उनके साथ लूटपाट भी की गई। एक साल से न्याय की गुहार लगा रहे पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अब मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार मानपुर उत्तर रामपुर रोड निवासी डा. रश्मि सक्सेना के अनुसार उनके घर में पुताई का काम करने वाले दिलीप ने अपना मकान बनाने के नाम पर अलग-अलग किश्तों में उनसे करीब 1 लाख 63 हजार रुपये उधार लिए। उनके घर का काम अधूरा छोड़कर दिलीप चोरी-छिपे बागजाला क्षेत्र में मकान बनाता रहा। आरोप है कि कई बार कहने के बाद ना तो काम पूरा किया

### एक साल बाद पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

गया और न ही पैसे लौटाए। तहरीर में पीड़िता का आरोप है कि 16 सितंबर 2024 को दिलीप और उसकी पत्नी ने उन्हें दुर्गा सिटी सेंटर के पास कैफे में पैसे लौटाने की बात कहकर उन्हें वहां बुलाया। आरोप है कि जब वह वहां पहुंचे तो वहां पर दिलीप का बेटा अजय, उसकी पत्नी बिपाशा और उनके साथ आए 10-12 लोगों मौजूद थे जिन्होंने उनपर हमला कर दिया। महिला डॉक्टर का आरोप है कि उनके पति को बेरहमी से पीटा, जबकि उनके बेटे को भी पीटा गया और वह अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। आरोप है कि हमले के दौरान उनसे जबरन दो अंगूठी और एक मंगलसूत्र छीन लिया। पीड़िता ने कहा कि जब इस मामले को लेकर वह भोटिया पड़ाव चौकी पहुंचे लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की बल्कि आपस में समझौता करने की बात कहीं। अब पुलिस ने एक साल बाद इस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर जांच की जा रही है।

## नो एंट्री में घुसे 11 वाहनों के चालान

**हल्द्वानी।** यातायात पुलिस ने नो एंट्री जोन में घुसे 11 मालवाहन वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनके चालान काटे हैं। साथ ही सभी वाहन चालकों को कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया गया। इसके अलावा कोहरे के कारण सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने वाहनों में रिफ्लेक्टर भी लगाए। यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा ने बताया कि मुखानी थाना क्षेत्र के पीलीकोठी और आनंदपुर इलाके में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रतिबंधित क्षेत्र में बड़े वाहनों को लाने वाले चालकों पर जुर्माना लगाया गया। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि यदि उन्होंने भविष्य में फिर से नियमों का उल्लंघन किया, तो उनकी गाड़ी सीज कर दी जाएगी।

# नियमितिकरण, निगम बचाने पर मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन की द्वितीय चरण की प्रांतीय बैठक गुरुवार को हल्द्वानी बस स्टेशन परिसर में संपन्न हुई। बैठक में परिवहन निगम की वर्तमान स्थिति को लेकर मंथन किया गया। इस दौरान कर्मचारियों के हित और निगम को बचाने को लेकर दो प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। पहले प्रस्ताव में समिति द्वारा सरकार को स्फ़ारिश की गई वर्तमान कट ऑफ डेट को दिसंबर 2018 के स्थान पर दिसंबर 2025 किए जाने की मांग रखी गई। साथ ही परिवहन निगम में कार्यरत विशेष श्रेणी, संविदा एवं उपनल कर्मचारियों को नियमित किए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। दूसरे प्रस्ताव में परिवहन निगम के निदेशक मंडल की पिछली बैठक में



निगम प्रबंधन द्वारा निगम के ढांचे में संशोधन को लेकर प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रदेश स्तर पर विरोध करने का निर्णय लिया गया। इस प्रस्ताव में समूह-ग के नियमित पदों को आउटसोर्स किए जाने की सिफारिश शामिल थी जिसका कर्मचारियों ने कड़ा विरोध किया। इसके अलावा बैठक में बसों की शीघ्र खरीद, समय पर वेतन भुगतान, पुराने बंद पड़े मार्गों को पुनरू सुचारू करने तथा प्रदेश के सभी बस स्टेशनों पर डग्गामारी पर प्रभावी रोक लगाए जाने की मांग उठाई गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कमल पपनै, महामंत्री अशोक चौधरी, उपाध्यक्ष बलदेव सिंह, एलडी पालीवाल, गोपेश्वर श्रीवास्तव, आनंद बिष्ट, मनिंदर सिंह, केपी सिंह, हरेंद्र कुमार, परमजीत सिंह, जितेंद्र कुमार, डीएल साह, मनोज भट्ट, शशिकांत गौतम, जलील अहमद, नितिन दीक्षित, जित. ेंद्र धनिक, मुकेश शर्मा, कौशल यादव, धर्मपाल, धीरज गुप्ता, साजिद अली, दिनेश दुम्का, नरेश पाल, सतीश उपाध्याय, प्रकाश बिष्ट, सूरज बाबू, कैलाश कांडपाल, संदीप बिष्ट, भुवन भट्ट, एसपी सिंह, संजय श्रीवास्तव, कमल बिष्ट, जावेद अली, पंकज जोशी, महेंद्र पाल सिंह, अखिल जोशी, मो. हारून, लवकेश कुमार, दीपक कुमार, हरजिंदर सिंह, उमेश चौधरी, अख्तर चौधरी, चिमन लाल, केसर सिंह, आनंद अधिकारी, जमील खान सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# आधार केन्द्रों पर एसडीएम का छापा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** डीएम के निर्देश पर शहर में संचालित आधार नामांकन एवं अद्यतन केंद्रों के निरीक्षण के लिए एक विशेष निरीक्षण अभियान किया गया। आधार केंद्रों पर अधिक भीड़ एवं आमजन को हो रही असु. विधा को देखते हुए एसडीएम राहुल शाह ने गुरुवार को शहर के विभिन्न आधार केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग तहसील आधार केंद्र में पहुंच रहे हैं, जबकि हल्द्वानी तहसील क्षेत्र में अन्य कई आधार केंद्र भी संचालित हैं। एसडीएम राहुल शाह ने इंडसइंड बैंक (दुर्गा सिटी सेंटर) आधार केंद्र, डाकघर आधार केंद्र तथा तहसील आधार केंद्र का निरीक्षण किया। यह तथ्य संज्ञान में आया कि अन्य अधिकांश आधार केंद्रों पर प्रतिदिन लगभग




30-40 आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जबकि तहसील आधार केंद्र पर प्रतिदिन 100 से अधिक आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, जिसके कारण अत्यधिक भीड़ एवं लंबी कतारें लग रही हैं। इस स्थिति के समाधान के लिए एसडीएम ने तहसीलदार हल्द्वानी को निर्देशित किया है कि तहसील परिसर में हल्द्वानी तहसील में संचालित सभी आधार केंद्रों की सूची प्रमुख रूप से प्रदर्शित की जाए ताकि अधिक भीड़ होने की स्थिति में लोग अन्य नजदीकी आधार केंद्रों पर जाकर आधार अद्यतन/नामांकन की सुविधा प्राप्त कर सकें। साथ ही, अन्य सभी आधार केंद्रों को भी अपने-अपने परिसरों में आधार केंद्र के सम्बंध में पर्याप्त प्रचार-प्रसार (सूचना पट्ट, साइन बोर्ड) सुनिश्चित करने के निर्देश दिये, जिससे आमजन को अपने निकटतम आधार केंद्र की जानकारी प्राप्त हो सके और आवेदनों का संतु. लित वितरण किया जा सके। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि सभी सम्बंधित एजेंसियों को भीड़ प्रबंधन, सूचना प्रसार तथा आधार केंद्रों के सुचारु संचालन के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में भी आधार केंद्रों की नियमित निगरानी की जाएगी ताकि आम नागरिकों को निर्बाध एवं सुविधाजनक आधार सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके।

### यहां-यहां पर बनवा सकते हैं आधार

हल्द्वानी तहसील में संचालित आधार केन्द्रों की सूची 1. बंधन बैंक, हल्द्वानी 2. तहसील परिसर, हल्द्वानी (दो केंद्र) 3. डाकघर, काठगोदाम 4. प्रधान डाकघर, हल्द्वानी (दो केंद्र) 5. इंडसइंड बैंक, दुर्गा सिटी सेंटर 6. सुंदरपुर रैक्वाल, दौलतपुर गौलापार 7. बाल विकास ब्लॉक कार्यालय, हल्द्वानी (शहरी) 8. बाल विकास ब्लॉक कार्यालय, हल्द्वानी (ग्रामीण) 9. डाकघर, भोटियापड़ाव हल्द्वानी 10. केनरा बैंक, हल्द्वानी

# डा. राकेश चन्द्र रयाल ने लिया देहदान का संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानवीय मूल्यों, सामा. जिक चेतना और वैज्ञानिक सोच को सशक्त करने की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के पत्रका. रिता एवं मीडिया स्कूल के निदेशक प्रो. डा. राक. ेश चंद्र रयाल ने अपने जीवन के बाद देहदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने इसके लिए विधिवत शपथ पत्र भरते



हुए मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी एवं दून मेडिकल कॉलेज देहरादून को अपनी देह दान करने का निर्णय लिया है। उनका यह कदम चिकित्सा शिक्षा, शोध एवं भावी चिकित्सकों के प्रशिक्षण के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रो. डा. रयाल ने कहा कि देहदान मानव सेवा का सर्वोच्च रूप है। इससे चिकित्सा विज्ञान को मजबूती मिलती है और समाज में मृत्यु के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विक. सित होता है। उन्होंने कहा कि यदि उनके इस निर्णय से समाज में जागरूकता बढ़ती है, तो यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि होगी। प्रो. डा. रयाल ने हल्द्वानी में देहदान के क्षेत्र में कार्य कर रही अनमोल संकल्प सिद्धि फाउंडेशन की सराहना करते हुए कहा कि संस्था सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उन्हें इस क्षेत्र में प्रो. संतोष मिश्रा से भी विशेष प्रेरणा मिली है और भविष्य में सभी लोग मिलकर इस सामाजिक अभियान को आगे बढ़ाएंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सीरीज अपने नाम करने उतरेगा भारत

## अमदाबाद में बुमराह की होगी वापसी, संजू का खेलना तय, सीरीज का आखिरी मैच आज

**अहमदाबाद, वार्ता।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच शुक्रवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला अहमदाबाद में खेला जाएगा।

भारतीय टीम इस सीरीज में फिलहाल 2-1 से आगे चल रही है। भारत के पास वनडे के बाद टी-20 सीरीज जीतने का भी अच्छा अवसर है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच लखनऊ में खेला जाने वाला चौथा मुकाबला कोहरे के कारण रद्द हो गया था। यह सुनिश्चित है कि भारत अब इस सीरीज को हार नहीं सकता है जो मुख्य कोच गौतम गंभीर के लिए राहत की बात होनी चाहिए क्योंकि टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। कुछ समय पहले तक विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे सूर्यकुमार की फार्म भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने टी-20 में इस साल 20 मैचों में 18 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया। इस दौरान उन्होंने 14.20 के औसत से 213 रन बनाए। दूसरी तरफ, उपकप्तान शुभमन गिल पिछले मैच में अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे जिससे उनका अंतिम मैच में खेलना संदिग्ध है। भारतीय टीम किसी तरह का जोखिम लेना उचित नहीं समझेगी क्योंकि उसके पास शीर्ष क्रम में संजू सैमसन के रूप में एक अच्छा विकल्प मौजूद है। सैमसन निचले क्रम में बल्लेबाजी के लिए कभी भी सही विकल्प नहीं थे। उन्होंने सलामी बल्लेबाज के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि मध्यक्रम में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इसके अलावा भारतीय टीम संतुलित नजर आती है क्योंकि दोनों आलराउंडर हार्दिक पांड्या और शिवम दुबे अब तक खेले गए तीनों मैचों में अंतिम एकादश में शामिल रहे हैं। तेज गेंदबाजी आक्रमण में अर्शदीप सिंह अपनी लय में आ रहे हैं, जबकि हर्षित राणा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। इस बीच निजी कारणों से तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाने वाले जसप्रीत बुमराह चौथे मैच से पहले टीम से जुड़ गए हैं। अब देखना दिलचस्प होगा कि बुमराह की वापसी के बाद हर्षित को प्लेइंग-11 में मौका मिलता है या नहीं। अहमदाबाद की पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल मानी जाती है जो इस सीरीज में भारत के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती के लिए चुनौती पेश करेगी। इस मुकाबले के लिए दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 इस प्रकार है।

भारत- अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव (कप्तान), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती।

दक्षिण अफ्रीका- रीजा हेंड्रिक्स, क्विंटन डिकाक (विकेटकीपर), एडेन मार्करम (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, मिलर, डोनोवान फेरेरा, जार्ज लिंडे, यानसेन, कार्बिन बाश, लुंगी एनगिडी, ओटेनिल बार्टमैन।

## शुभमन गिल चोटिल हुए या दिया गया आराम

**टीम के उपकप्तान गिल के बाहर होने पर फैंस ने दी प्रतिक्रिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान शुभमन गिल के दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से बाहर रहने पर अटकलों का बाजार गर्म हो गया है। गिल इस मैच के लिए उपलब्ध नहीं थे। गिल पैर की अंगुली में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के शेष दो मैचों से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि गिल को ये चोट ट्रेनिंग सत्र के दौरान लगी थी। हालांकि, गिल के बाहर होने पर फैंस सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इन्होंने सवाल उठाए हैं कि क्या वाकई गिल चोटिल हुए हैं या उन्हें ड्रॉप किया गया है। गिल को इससे पहले टेस्ट सीरीज के दौरान गर्दन में चोट लगी थी और उन्होंने टी-20 सीरीज से मैदान पर वापसी की थी। गिल को कोलकाता टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गिल इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में भी नहीं खेले थे। टी-20 सीरीज के लिए गिल को टीम में शामिल किया गया था, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर था।

# भारत डोपिंग में लगातार तीसरी बार टॉप पर, 260 सैंपल पॉजिटिव

**● जिन देशों में 5000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे पॉजिविटी रेट है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ल्ड एंटी-डोपिंग एजेंसी (वाडा) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2024 में लगातार तीसरी बार डोपिंग मामलों में दुनिया में पहले नंबर पर रहा। रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के 260 सैंपल डोपिंग टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए, जो किसी भी देश से सबसे ज्यादा हैं। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है, जब भारत 2030 कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है और 2036 ओलिंपिक की मेजबा. नी के लिए भी दावेदारी पेश कर चुका है। इसी साल जुलाई में जब भारतीय प्रतिनिधिमंडल लाजेन गया था, तब इंटरनेशनल ओ. लिंपिक कमेटी (ओआईसी) ने भारत में डोपिंग की बढ़ती समस्या पर चिंता जताई थी। नेशनल एंटी-डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने 2024 में कुल 7,113 डोपिंग टेस्ट किए। इनमें 6,576 यूरिन और 537 ब्लड सैंपल शामिल थे। इन टेस्ट में 260 मामले पाजिटिव निकले, यानी डोपिंग की दर 3. 6प्रतिशत रही। जिन देशों में 5,000 से ज्यादा टेस्ट हुए, उनमें यह सबसे ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। नाडा नाडा का कहना है कि डोपिंग के ज्यादा मामले सामने आना खिलाड़ियों में डोपिंग बढ़ने की वजह से नहीं, बल्कि सख्त जांच और बेहतर टेस्टिंग सिस्टम के कारण है। नाडा के मुताबिक, पहली नजर में ये आंकड़े चिंता. जनक लग सकते हैं, लेकिन असल में ये भारत के मजबूत एंटी-डोपिंग प्रयासों और ज्यादा टेस्टिंग का नतीजा हैं। नाडा ने बताया कि 2023 में कुल 5,606 सैंपल की जांच की गई थी, जिनमें 213 केस पौंजिटिव पाए गए। वहीं 2025 में अब तक 7,068 टेस्ट किए जा चुके हैं, लेकिन पॉजिटिविटी रेट घटकर सिर्फ 1. 5प्रतिशत रह गया है और 110 मामले ही सामने आए हैं। इससे साफ है कि टेस्टिंग बढ़ने के साथ डोपिंग पर नियंत्रण भी हुआ है। डोपिंग रोकने के प्रयास जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खेलों में कुछ गहरी समस्याएं हैं। इनमें वैज्ञानिक रिसर्च की कमी और कोच, डाक्टर व फिजियोथेरेपिस्ट को दवाओं और सप्लीमेंट्स की सही जानकारी न होना शामिल है। इससे डोपिंग के मामले सामने आते हैं। डोपिंग रो. कने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इंडियन ओलिंपिक एसोसिएशन ने नया एंटी-डोपिंग पैनल बनाया है और सरकार ने नेशनल एंटी-डोपिंग बिल पास किया है। नाडा ने 2024 में 280 जागरूकता वर्कशाप कराईं, जिनमें करीब 37 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा 'नो योर मेडिसिन' ऐप पर अब तक 2. 4 लाख बार सर्च किए जा चुके हैं।

**खेल विशेष**

## मैच रद्द होने पर शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा

**नई दिल्ली।** भारत-साउथ अफ्रीका मैच कोहरे के कारण रद्द होने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बीसीसीआई को घेरा है। मुकाबला 17 दिसम्बर को लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में होना था, लेकिन घने कोहरे की वजह से टास भी नहीं हो सका। वहीं, थरूर के अलावा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सरकार को घेरा है। थरूर ने लखनऊ में वायु गुणवत्ता की आलोचना की है और ऐसी परिस्थिति में इंटरनेशनल मुकाबले की मेजबानी सौंपने के फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट फैन लखनऊ में इंडिया और साउथ अफ्रीका मैच शुरू होने का व्यर्थ ही इंतजार कर रहे हैं। उत्तर भारत के अधिकांश शहरों में घने कोहरे और 411 एक्यूआई के कारण विजिबिलिटी इतनी खराब है कि क्रिकेट मैच संभव नहीं है। उन्हें बीसीसीआई यह मैच तिरुवनंतपुरम में आयोजित करना चाहिए था, जहां एक्यूआई लगभग 68 है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, दिल्ली का प्रदूषण अब लखनऊ तक पहुंच गया है। इसीलिए लखनऊ में होने वाला इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हो पा रहा है। दरअसल इसकी वजह कोहरा या फाग नहीं, स्माग है। हमने जो पार्क लखनऊ की शुद्ध हवा के लिए बनवाए थे, भाजपा सरकार वहां भी इवेंटबाजी करवाकर उन्हें बर्बाद करना चाहती है। भाजपाई न इंसान के सगे हैं, न पर्यावरण के। मुंह ढक लीजिए कि आप लखनऊ में हैं। दर्शक बोला कि तीन बोरा गेहूं बेचकर मैच देखने आए मैच के रद्द होने से दर्शकों में काफी नारा. जगी और आक्रोश है। उन्होंने पैसा वापस करने की मांग की। एक दर्शक ने बताया कि हम तीन बोरे गेहूं बेचकर मैच देखने आए हैं, हमार टिकट का पैसा वापस करो। कई अन्य दर्शकों ने भी इसी प्रकार की मांग रखी।

## विश्वनाथ आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर



**विश्वनाथन आनदं को देश के सबसे बड़े बैकपैपर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया**

**बेंगलुरु, वार्ता।** भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।

इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा कि विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों, लेकिन वह आधुनिक भारतीय मिलेनियल का प्रतिनिधित्व करते हैं - फोकस्ड, टैलेंटेड, और फिर भी बाहर निकलने, मजे करने और घूमने से नहीं डरते। इस साझेदारी के जरिए, हमारा मकसद भारत के बैकपैकर हॉस्टल्स में विश्वास और जागरूकता लाना है, एक ऐसा क्षेत्र जिस पर पारंपरिक रूप से अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का दबदबा रहा है। वहीं विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यात्रा ने शतरंज के बोर्ड पर और उससे बाहर भी मेरे नजरिए को व्यापक बनाया है। मैं द हॉस्टल कंपनी के साथ साझेदारी करके बहुत खुश हूं, एक ऐसा ब्रांड जो पूरे भारत में यात्रा को सुरक्षित, किफायती और अनुभवों से भरपूर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। गोवा, ऋषिकेश, कसोल और वर्कला जैसे जगहों पर 200 से अधिक वेरिफाइड बैकपैकर हॉस्टल्स के साथ, द हॉस्टल कंपनी 250 रुपये से शुरू की थी।

# अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

**● फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लेम खिताब व 22 टूर्नामेंट जीते**



**मैड्रिड, वार्ता।** दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नए साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नए कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया कि हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की।

### पाक ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय सीरीज के लिए उन्नीस साल के मध्यमक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्ईय टीम की घोषणा की है। आईसीसी के अनुसार, पाकिस्तान अंडर-19 टीम अभी दुबई में एसीसी अंडर19 एशिया कप में खेल रही है, जहां ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहने के बाद शुक्रवार को सेमीफाइनल में बंगलादेश से भिडेंगी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट का फाइनल 21 दिसम्बर को होगा।

## वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

**एंटीगुआ, वार्ता।** विंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे व नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्ईय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाबवे और नामीबिया में खेला जाएगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्दापण किया था। जोनाथन को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। आईसीसी के अनुसार, 15 सदस्ईय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतर्राष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया।

## पीएसजी ने पेनल्टी शूटआउट में फ्लेमेंगो को हराकर जीता फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप खिताब



**दोहा, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फ्लेमेंगो को शूटआउट में हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप का खिताब अपने नाम किया। यह पीएसजी की इस वर्ष की छठी ट्रॉफी है। अल रेयान में अहमद बिन अली स्टेडियम में बुधवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन ने फ्लेमेंगो के साथ हुए मुकाबले में अतिरिक्त समय के बाद स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद शुरु हुए पेनल्टी शूटआउट में पीएसजी ने फ्लेमेंगो को 2-1 से हराकर फीफा इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीत लिया। यह इस साल उनकी छठी बड़ी ट्रॉफी जीती। इससे पहले उन्होंने लीग 1, कूप डी फ्रांस, ट्रॉफी डेस चैंपियंस, यूईएफए चैंपियंस लीग और यूईएफए सुपर कप के खिताब जीते है। पीएसजी के लिए पहला गोल ख्विचा क्वारत्सखेलिया ने 38वें मिनट में अपनी टीम को बढ़त दिलाई। ब्रेक के बाद फ्लेमेंगो ने जवाबी हमला करते हुए जोर्जिन्हो ने 62वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर कोपा लिबर्टाडोरेस चैंपियंस को बराबरी पर ला दिया। इस दौरान दोनों ने मौके बनाए लेकिन वे गोल करने में विफल रहे। पीएसजी सामान्य समय के आखिर में गोल के करीब पहुंचा, लेकिन फ्लेमेंगो के गोलकीपर ऑगस्टिन रॉसी ने उन्हें रोक दिया।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने मैच में पकड़ बनाई

**एडिलेड, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क (54) और स्कॉट बोलैंड (नाबाद 14) की जुझारू पारी के दम पर तीसरे एशेज टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को 371 को स्कोर बनाने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड के 213 के स्कोर पर आठ विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंग्लैंड अभी ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में बनाए गए स्कोर से 158 रन पीछे है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्रा आर्चर (नाबाद 30) संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए क्रीज पर टिके हुए है। यहां ऑस्ट्रेलिया ने कल के आठ विकेट पर 326 रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में ऑस्ट्रेलिया का नौवां विकेट 348 के स्कोर पर मिचेल स्टार्क (54) के रूप में गिरा।

92वें ओवर की पहली गेंद पर जोफ्र आर्चर ने नेथन लायन (नौ) को पगबाधा कर ऑस्ट्रेलिया की पारी का 371 के स्कोर पर अंत कर दिया। इंग्लैंड के लिए जोफ्र आर्चर ने पांच विकेट लिए। ब्राइडन कार्स और विल जैक्स को दो-दो विकेट मिले। जॉश टंग ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 71 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। जैक क्रॉली (नौ), ऑली पोप (तीन), बेन डकेट (29) और जो रूट (19) रन बनाकर आउट हुए। हैरी ब्रूक और कप्तान बेन स्टोक्स ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन भी बटोरे। 37वें ओवर में कैमरून ग्रीन ने अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे हैरी ब्रूक का शिक. ार कर लिया। हैरी ब्रूक ने 63 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। जेमी स्मिथ (22), विल जैक्स (छह) और ब्राइडन कार्स बिना खाता खेले ही पेवलियन लौट गए। 168 पर आठ विकेट गिरने के संकट के समय बल्लेबाजी करने आए जोफ्र आर्चर ने स्टोक्स के साथ मोर्चा संभाला। बेन स्टोक्स ने बहादुरी से मुकाबला किया, 151 गें. दों का सामना किया और चार घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 45 रन बनाए, लेकिन कप्तान को मैदान पर ज्यादा साथ नहीं मिला। दिन का खेल समाप्त होने के समय इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 213 रन बना लिए है और बेन स्टोक्स (नाबाद 45) और जोफ्र आर्चर (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद है। ऑस्ट्रेलिया के लिए पैट कमिंस ने तीन विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड और नेथन लॉयन को दो-दो विकेट मिले। कैमरन ग्रीन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। मैच के दौरान स्निको को लेकर भी काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी को लेकर अपनी निराशा साफ कर दी। इंग्लैंड क्रिस गैफेनी, तीसरे अंपायर, से नाराज थे, जिन्होंने पहले दिन एलेक्स कैरी के आउट न होने के विवाद के बाद, रियल-टाइम स्निकोमीटर के सबूत के आधार पर जेमी स्मिथ को कमिंस की गेंद पर कैच आउट दिया था। स्मिथ कुछ देर पहले ही अजीब हालात में आउट होने से बचे थे, गैफेनी ने फैसला किया था कि गेंद उनके हेलमेट से लगी थी, जबकि टीवी तस्वीरों से लग रहा था कि गेंद ग्लव्स से लगी थी, जैसा कि ऑस्ट्रेलिया ने तर्क दिया था (हालांकि गेंद स्लिप पर उस्मान ख्वाजा तक पहुंची थी या नहीं, यह एक अलग मामला था)।



**● मैच के दौरान स्निको को लेकर काफी हंगामा हुआ, दोनों टीमों ने टेक्नोलॉजी लेकर अपनी निराशा साफ कर दी**

## टॉम लेथम और कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

**● कप्तान टॉम लेथम ने 137 और कॉन्वे ने नाबाद 178 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली**

**न्यूजीलैंड, वार्ता।** कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्द्धशतक पूरे किए। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ। इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

# 8.40 करोड़ में बिके आकिब की दिलचस्प दास्तां



**● बारामूला जिले के तेज गेंदबाज को पिता डाक्टर बनाना चाहते थे, परीक्षा भी दी, दिल्ली के लिए खेलेंगे**

**जम्मू, वार्ता।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के तेज गेंदबाज आकिब नबी डार को आईपीएल आक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने 8. 40 करोड़ रुपए में खरीदा। इस सफलता के पीछे आकिब की मेहनत के साथ उनके परिवार का भी अहम योगदान रहा। आकिब के पिता गुलाब नबी डार ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि उनका सपना था कि बेटा डाक्टर बने। इसी वजह से आकिब ने मेडिकल कॉलेज में एडमिशन के लिए परीक्षा भी दी, लेकिन कुछ अंकों से चूक गए। इसके बाद उन्होंने दोबारा परीक्षा देने से इन्कार कर दिया और क्रिकेट को ही अपना करियर बनाने का फैसला किया, जो आज उन्हें आईपीएल तक ले आया। नबी ने बताया कि आकिब पढ़ाई में भी अव्वल था। उसने आठवीं और दसवीं कक्षा में जोनल लेवल पर टॉप किया था और 12वीं में साइंस स्ट्रीम चुनी। पढ़ाई के साथ-साथ वह बच्चों के साथ क्रिकेट भी खेलता रहता था। 12वीं के बाद जब वह गांव से कॉलेज की पढ़ाई के लिए बारामूला गया, तो उसका फोकस क्रिकेट पर और बढ़ गया। गुलाब नबी ने कहा कि उन्होंने बेटे से बस इतना कहा था कि अगर क्रिकेट ही खेलना है, तो पूरी मेहनत और ईमानदारी से खेलो। आकिब की एक बहन भी है, जिसने साइंस से पोस्ट-ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी की है। गुलाब नबी ने कहा कि आक्शन के वक्त घर में जश्न का माहौल था। पिछले दो-तीन सालों से आकिब डोमेस्टिक क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, इसलिए उन्हें भरोसा था कि कोई न कोई टीम उसे जरूर खरीदेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें इससे ज्यादा रकम की उम्मीद थी, लेकिन जो भी मिला, अल्लाह की मेहरबानी है और वही उनके लिए बेहतर है। इस रणजी ट्रॉफी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बालर आकिब अपनी सटीक यार्कर और बेहतरीन लेंथ के लिए पहचाने जाते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025-26 में आकिब ने 7 मैचों में 15 विकेट झटके थे। वहीं 29 साल के आकिब रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन के पहले फेज में 29 विकेट के साथ दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। इस सूची में उनसे आगे सिर्फ सिद्धार्थ देसाई हैं, जिनके नाम 35 विकेट हैं। दिलीप ट्रॉफी के इस सीजन में आकिब ने इतिहास रच दिया। वे टूर्नामेंट के इतिहास में लगातार चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इसके साथ ही उन्होंने 1979 के फाइनल में कपिल देव द्वारा बनाए गए तीन गेंदों पर तीन विकेट (हैट्रिक) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। नार्थ जोन की ओर से ईस्ट जोन के खिलाफ खेलते हुए आकिब ने 28 रन देकर 5 विकेट झटके। इस प्रदर्शन के साथ वे दिलीप ट्रॉफी में हैट्रिक लेने वाले गेंदबाजों कपिल देव और साईराज बहुतुले की सूची में शामिल हुए और चार लगातार विकेट लेकर उनसे भी आगे निकल गए। दो आईपीएल टीमों के नेट बालर रहे आकिब इससे पहले दो आईपीएल टीमों के साथ नेट बालर की भूमिका निभा चुके हैं। वे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और एसआरएच के लिए नेट बालर रहे हैं।

## शूटिंग लीग ऑफ इंडिया: यूपी फ्रेंचाइजी की यूपी प्रोमेथियंस शामिल

**● अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फ्रेंचाइजी की घोषणा हुई**

**नई दिल्ली, वार्ता।** शूटिग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) ने गुरुवार को अगले वर्ष 16 से 26 फरवरी तक चलने वाले अपने पहले सीजन के लिए उत्तर प्रदेश की फेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस को लीग में शामिल करने की घोषणा की। यहां इस अवसर पर लीग में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए, एनआरएआई के अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हमें शूटिग लीग ऑफ इंडिया परिवार में यूपी प्रोमेथियंस का स्वागत करते हुए खुशी हो रही है। उत्तर प्रदेश में खेल की अपार क्षमता है और एक मजबूत शैक्षिक और विकासात्मक दर्शन वाली फ्रेंचाइजी के आने से लीग को बहुत फायदा होगा। बुनियादी ढांचे और शिक्षा के माध्यम से अवसर पैदा करने की मुकेश शर्मा की प्रतिबद्धता एसएलआई के विजन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। एक स्थाई इकोसिस्टम बनाना जो प्रतिभा को पोषित करे, युवाओं को प्रेरित करे, और भारतीय शूटिग को अगले स्तर पर ले जाए। लीग में प्रवेश को लेकर फ्रेंचाइजी यूपी प्रोमेथियंस के मालिक मुकेश शर्मा ने कहा कि शूटिग भारत के सबसे मजबूत ओलंपिक खेलों में से एक है और उत्तर प्रदेश में इस सफर में बहुत बड़ी भूमिका निभाने की प्रतिभा और क्षमता है।

यूपी प्रोमेथियंस के जरिए, हमारा मकसद एक स्ट्रक्चर्ड, प्रोफेशनल प्लेटफॉर्म बनाना है जहां एथलीटों को सही इंफस्ट्रक्चर, कोचिग और कॉम्पिटिटिव एक्सपोजर के साथ सपोर्ट मिले। शूटिग लीग ऑफ इंडिया इकोसिस्टम को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, और मुझे इस पहले सीजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है।

# जनपद के थाना-कोतवालियों में मनाया गया विश्व अल्पसंख्यक दिवस

## गंगनहर पुलिस ने चौपाल लगाकर अवाम को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर जनपद के सभी थानों व कोतवालियों में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें अल्पसंख्यक समाज के जिम्मेदार लोगों को जागरूक करने के साथ पीडितों की समस्याएं भी सुनी गयी।

अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कहा कि कोतवाली गंग नहर में हुए कार्यक्रम में उत्तराखंड पुलिस का भी विशेष सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य अल्पसंख्यक समुदाय की समस्याओं का निराकरण,उत्थान,शिक्षा एवं समाज में उनकी सहभागिता तथा अल्पसंख्यकों के संबंध में प्रचलित कानून व नियम आदि विषयों पर संगोष्ठी कर तमाम जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। वरिष्ठ उप निरीक्षक दीप कुमार ने कहा कि ये दिवस सभी नागरिकों के लिए समानता,न्याय और समावेशन के प्रति भारत की संवैधानिक प्रतिबद्धता की याद दिलाता है।भारत विश्व स्तर पर विविधता में एकता के लिए जाना जाता है,जहाँ विभिन्न धर्मों,भाषाओं,संस्कृतियों और



परंपराओं के लोग साथ रहते हैं। ऐसे बहुलतावादी समाज में,अल्पसंख्यक समुदायों के अधिकारों की रक्षा,सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर उप निरीक्षक करुणा रौंकली,पूजा रावत,एचएम तेजपाल,मदन कुमार,सरदार अमरजीत सिंह,प्रधान साहब सिंह,शमीम अहमद,मोहम्मद तजमीन,राव रोहतास अली,सोनू सैनी,ताहिर हुसैन,जमशेद अली,मोहम्मद फुरकान,समय सिंह,ललित सैनी,मोहम्मद गुलजार,राव मुर्तजा,जमील अहमद,साबिर अली,मोहम्मद आबिद,तौकीर अहमद तथा मोहम्मद राशिद आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## सिविल लाइन पुलिस ने इंटर की छात्रा नर्गिस को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने इंटरमीडिएट की छात्रा को प्रशस्ति पत्र सम्मानित किया। विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर कोतवाली रुड़की पर अल्पसंख्यकों के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुस्लिम एवं सिख समुदाय के व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया और अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित पुस्तकों को वितरित किया गया



और समस्त संभ्रांत व्यक्तियों को सूक्ष्म जलपान कराया गया फोटोग्राफी कर अल्पसंख्यक आयोग की वेबसाइट पर अपलोड की गई। अल्पसंख्यक के इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा कुमारी नरगिस पुत्री मुशर्रफ निवासी रामपुर रुड़की जनपद हरिद्वार को प्रशस्ति पत्र देकर मनीष उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुड़की द्वारा सम्मानित किया गया।

## मंगलौर, भगवानपुर व झबरेड़ा थाने में भी किया गया जनता को जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर/भगवानपुर/झबरेडा।।** कोतवाली परिसर में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक,क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार और कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी भी दी गई।

गुरुवार को कोतवाली परिसर में विश्व अल्पसंख्यक दिवस को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय जनता व जनप्रतिनिधियों को बुलाकर सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान मंगलौर क्षेत्राधिकारी के द्वारा शिक्षा के दौरान



हाई स्कूल, और इंटर की दो बालिकाओं को नब्बे प्रतिशत से ऊपर अंक लाने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार ने बताया है कि विश्व अल्पसंख्यक दिवस के अवसर पर पुलिस द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में स्थानीय जनता वह जनप्रतिनिधियों को बुलाकर अल्पसंख्यकों के सम्बन्ध में चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। इस दौरान सीओ मंगलौर विवेक कुमार 10 वी कक्षा वह बारहवीं कक्षा की दो कन्याओं को 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने पार प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष मोहिउद्दीन अंसारी, जमीर हसन, शोभित गुप्ता, डॉ शमशाद, मरगूब कुरैशी, इरशाद अंसारी, सरफराज सिद्दीकी, नय्यर अंसारी, सोनू अंसारी, आदि लोग मौजूद रहे।

**वहीं भगवानपुर विश्व अल्पसंख्यक दिवस** के अवसर पर कोतवाली भगवानपुर पर अल्पसंख्यकों के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय के व्यक्ति उपस्थित रहे गोष्टी में अल्पसंख्यक समाज के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनकर समस्याओ का समाधान कर उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गोष्टी में मौजूद व्यक्तियों को अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित पुस्तके को वितरित किया गया। साथ ही समाज में फैल रहे नशे के दुष्प्रभाव व साइबर अपराध व यातायात सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

**इसके अलावा झबरेडा में थानाध्यक्ष द्वारा अल्पसंख्यक दिवस** पर थाना परिसर में अल्पसंख्यक समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों की बैठक कर उन्हें अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित पुस्तक वितरित की गई तथा उन्हें उनके अधिकारों के बारे में भी जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष अजय शाह द्वारा अल्पसंख्यक दिवस पर थाना प्रांगण में मुस्लिम व सिख समुदाय के व्यक्तियों की बैठक कर उन्हें उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। अल्पसंख्यक आयोग से संबंधित पुस्तक भी उन्हें वितरित की गई। उन्होंने बताया कि संविधान में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का कुछ विशेष अधिकार दिए गए हैं ।जिनकी जानकारी होना अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को आवश्यक है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो वह बेझिझक होकर उनसे अपनी समस्या को बतानी चाहिए जिससें समय रहते समस्या का हल किया जा सके। इस अवसर पर राव कुर्बान अली शमशाद सुलेमान मलिक जुल्ककर सलमान अहमद मुनव्वर हुसैन बाबू अहमद सत्तर अहमद मुस्तफा अहमद वकील अहमद नवीन चौहान मुकेश तथा रणवीर चौहान आदि उपस्थित रहे।

## लक्सर में खुला गन्ना क्लीनिक व परामर्श केंद्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड लक्सर द्वारा गन्ना किसानों की सुविधा एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र तथा पूछताछ केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र समिति कार्यालय परिसर में स्थापित किया गया है, जिसका शुभारंभ आज हुआ है इस संबंध में समिति की ओर से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं प्रबंध समिति के सभी सदस्यों को सूचना जारी कर कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। बताया गया कि गन्ना क्लीनिक के माध्यम से किसानों को खेती से जुड़ी तकनीकी जानकारी, समस्याओं का समाधान तथा आवश्यक परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा।समिति के सचिव प्रभारी ने बताया कि इस पहल से क्षेत्र के गन्ना किसानों को सीधे लाभ मिलेगा और उनकी शिकायतों व समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण संभव हो सकेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समिति पदाधिकारियों एवं किसानों की उपस्थिति से आयोजन की गरिमा बढ़ेगी।

## मंगलौर पुलिस ने दबोचा पोक्सो में फरार 25 हजार का इनामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** करीब एक वर्ष से फरार चल रहे 25 हजार के इनामी पॉक्सो के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी नौकरी करने दुबई जाने की अफवाह फैलाकर हैदराबाद में रह रहा था

मंगलौर निवासी द्वारा कोतवाली मंगलौर आकर शिकायत दी गई थी कि मोहम्मद अब्बास द्वारा उनकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसला कर ले जाया गया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिया था। नामजद आरोपी मोहम्मद अब्बास अत्यंत शातिर किस्म का अपराधी था, जिसने पुलिस को भ्रमित करने के उद्देश्य से अपने परिजनों के माध्यम से यह प्रचारित किया कि वह नौकरी के सिलसिले में दुबई जा रहा है तथा देहरादून से फ्लाइट पकड़कर निकल गया है। एक ओर आरोपी के खिलाफ नामजद एफआईआर थी, वहीं दूसरी ओर परिजन आरोपी के विदेश में होने की बात बता रहे थे। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा अनेक पहलुओं से जाँच की गई। आरोपी की गिरफ्तारी हेतु इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर लगातार प्रयास किए गए, परंतु पूर्व नियोजित रणनीति के कारण आरोपी लंबे समय तक पुलिस की पकड़ से बाहर रहा। चूंकि मामला पोक्सो अधिनियम से संबंधित था, अतः आरोपी की गिरफ्तारी एवं अपहृता की बरामदगी अत्यंत आवश्यक थी। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा गिरफ्तारी पर घ25,000/- का इनाम घोषित किया गया तथा कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। लगातार प्रयासों के फलस्वरूप विशेष इनपुट प्राप्त हुआ कि अभियुक्त वर्तमान में हैदराबाद में निवास कर रहा है। पुलिस टीम द्वारा हैदराबाद में डेरा डालकर आरोपी की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी गई। आरोपी द्वारा मंगलौर लौटने की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घ25,000/- के इनामी को हिरासत में लिया गया। इनामी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह,वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली,अपर उप निरीक्षक ललित,कांस्टेबल रविन्द्र, विनोद वर्तवाल और वसीम (एसओजी) शामिल रहे।

## किसी कीमत पर नहीं रुकेगी चकबंदी की पैमाइश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** इब्राहिमपुर गांव में पैमाइश के विवाद पर दोनों पक्षों के लोग तहसील स्थित चकबंदी विभाग के दफ्तर में पहुंचे। इस दौरान भाकियू रोड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड़ ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करते हुए कहा कि पैमाइश में जो भी शंकाएं हैं उसे अधिकारी दूर करेंगे। किसी भी कीमत पर पैमाइश का काम नहीं रुकेगा। करीब दो घंटे की जद्दोजहद के बाद दोनों पक्ष पैमाइश पर रजामंद होकर लौट गए। इब्राहिमपुर मसाई गांव में एक पक्ष के करीब 10-12 किसान चकबंदी पैमाइश का विरोध कर रहे थे। इसके बाद भारतीय किसान यूनियन रोड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदम सिंह रोड़ के नेतृत्व में मसाई के किसानों की समस्या पर प्रदर्शन भी किया गया था। मामला तहसील प्रशासन तक पहुंचने पर पैमाइश करने का फैसला लिया गया।

## दुनिया के साथ दीनी तालीम भी जरूरी : मौलाना हुसैन कासमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मदरसा इरफानुल उलूम रामपुर में हुए सालाना जलसे में हजरत मौलाना मोहम्मद हुसैन कासमी ने कहा कि आखिरी पैगंबरे-इस्लाम हजरत मोहम्मद(सल्ल0)को अल्लाह ने किसी एक कौम का नहीं,बल्कि पूरे आलम के लिए रहमत बनाकर भेजा।मोहम्मद का कार्य किसी एक कौम या मुल्क या दौर के लिए मखसूम नहीं है,वरन् तमाम नौए इंसानी के लिए और तमाम जमानों के लिए आम है।

उन्होंने कहा कि एक खुदा की बंदगी और पवित्र आचरण की शिक्षा को हमेशा दुनिया के सच्चे पैगंबर पहले से ही देते रहे हैं और वही हजरत मोहम्मद ने भी दी है।आज हमें उन्हीं की शिक्षाओं पर चलने की जरूरत है,जो शिक्षा हमें हजरत मोहम्मद ने दी है।कहा कि आज हमें परस्पर एक दूसरे से मोहब्बत करने,एक दूसरे के पास बैठने और एक दूसरे से मुलाकात करने के साथ ही आपस में एक दूसरे पर खर्च करने की भी जरूरत है।इस्लाम की शिक्षा यह है कि हम सबसे प्रेम करें,सब के शुभचिंतक बन कर रहें और सेवा कार्यों के साथ ही पड़ोसियों का ख्याल रखें।हजरत मौलाना मोहम्मद अखलाक ने कहा कि पैगंबर के बताए मार्ग पर चलकर ही हमें कामयाबी मिल सकती है।हजरत मोहम्मद



ने शांति और सद्भावना का संदेश देकर पूरी दुनिया में इंसानियत को जिंदा किया।उन्होंने कहा कि आज के समय में समाज में विभिन्न प्रकार की बुराइयां बढ़ती जा रही हैं,जिसे हजरत मोहम्मद और कलाम-ए-पाक के बताए रास्ते पर चलकर ही दूर किया जा सकता है।जलसे का आगाज तिलावत-ए-पाक से हुआ।इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद आबिद,मुफ्ती मोहम्मद रियासत अली,मौलाना मोहम्मद मुस्लिम कासमी,मौलाना मोहम्मद हारुन कासमी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## ट्रेनों के आवागमन पर पड़ने लगा कोहरे का असर

**रुड़की।** घने कोहरे का असर ट्रेनों के संचालन पर भी पड़ने लगा है। सर्दियों में कोहरे के दौरान संरक्षा कारणों से रेलवे लंबी दूरी की कई ट्रेनों का संचालन पहले ही तीन माह के लिए स्थगित कर चुका है। जो ट्रेनें चल रहीं हैं कोहरे के कारण वह भी अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से गंतव्य तक पहुंच रहीं हैं। घने कोहरे के बीच अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जंक्शन जनसेवा एक्सप्रेस, हावड़ा-देहरादून उपासना एक्सप्रेस, लालगढ़-डिब्रूगढ़ अवध असम एक्सप्रेस, डिब्रूगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस, अमृतसर-टाटानगर एक्सप्रेस स्थगित रहीं।

## खानपुर विधायक ने धूमधाम से कराई 151 गरीब कन्याओं की शादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर विधायक ने आज लक्सर किसान इंटर कॉलेज में 151 कन्याओं की शादी बड़ी धूमधाम से लक्सर किसान इंटर कॉलेज के परागण लक्सर में कराई है जिसमें हजारो से भी ज्यादा की संख्या में लोग धराती और बाराती आए और सभी ने इस शादी मे कन्याओं को आशीर्वाद दिया खानपुर विधायक उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि यह ऊपर वाले की कृपा है कि मेरे द्वारा आज 151 गरीब बच्चियों की शादी कराई जा रही है उन्होंने कहा इससे पहले भी मैंने 701 कन्याओं की शादी कराई है कुल मिलाकर आज 852 शादी में आप लोगों के आशीर्वाद से करा चुका हूं उन्होंने यह भी कहा कि आज लक्सर इंटर कॉलेज का परागण गवाह है कि इस प्रांगण में इतने लोग कभी भी नहीं आए होंगे उन्होंने कहा मैं चाह रहा हूं कि 2026 में 500 और कन्याओं की शादी करवाऊंगा जिससे करीब 13 00 कन्याओं की शादी मेरे द्वारा पूर्ण हो जाएगी उन्होंने यह भी कहा कि अगर जनता ने मुझे आगे मौका दिया या ना दिया तो अगली पंचवर्षीय योजना में मैं 2000 कन्याओं की शादी करवाने की पूरी कोशिश करूंगा उन्होंने कहा मेरे द्वारा बाईपास बनवाया गया और उप जिला अस्पताल बनवाया गया और खानपुर क्षेत्र में सिडकुल की स्थापना की जा रही है जिसमें 20000 से भी ज्यादा बच्चे रोजगार पा सकेंगे जो बड़े काम है उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा कोई गांव नहीं है जिसमें मेरे द्वारा बड़ा काम नहीं कराया गया हो आज के इस प्रोग्राम में कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए बाबा भूरी वाले कश्मीरी ने भी आशीर्वाद दिया

## लिब्बरहेडी गन्ना समिति में खुला गन्ना क्लीनिक व परामर्श केंद्र

## किसानों की समस्याएं होगी हल : राठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर राज्य की समस्त सहकारी गन्ना विकास समितियों में गन्ना क्लिनिक एवं परामर्श केन्द्र खोले गए हैं, जिसके निमित्त आज गन्ना विकास समिति लिब्बरहेड़ी में गन्ना क्लीनिक एवं परामर्श केंद्र खोला गया, जिसका शुभारंभ गन्ना समिति की अध्यक्ष नीशू राठी ने फीता काटकर किया, नीशू राठी ने बताया कि गन्ना मंत्री के निर्देश पर आज गन्ना समिति लिब्बरहेड़ी में गन्ना क्लिनिक एवं परामर्श केन्द्र खोला गया है, जिसका उद्देश्य गन्ना कृषकों को त्वरित परामर्श उपलब्ध कराना, औसत उपज में वृद्धि हेतु मार्गदर्शन प्रदान करना, रोग एवं कीट से होने वाली समस्याओं का समयबद्ध निदान कराना, उर्वरक प्रबंधन, बीज एवं भूमि उपचार तथा नवीन गन्ना किस्म की जानकारी उपलब्ध कराना, वैज्ञानिक पद्धतियों एवं आधुनिक कृषि तकनीक से कृषकों को अवगत कराना आदि है, यह परामर्श केंद्र प्रत्येक कार्यदिवस में खुला रहेगा, जिसमें एक गन्ना विकास निरीक्षक एवं गन्ना पर्यवेक्षक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे, इस अवसर पर सहायक गन्ना आयुक्त हरिद्वार कपिल मोहन, सुशील राठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आदित्य कुमार, सचिव प्रभारी अनन्त



सिंह,संचालक पवन सैनी, रोहित प्रधान, मोनू प्रधान, अवनीश चेयरमैन, पारुल कुमार, रोबिन कुमार,सोनू जमींदार, सोनित चौधरी, अवनीश बब्बू, सतेन्द्र कुमार, गन्ना विकास निरीक्षक अक्षय शर्मा, शैलेश कुमार समेत समस्त गन्ना प्रयवेक्षक एवं समिति कर्मचारी उपस्थित रहे!

## भाविप ने किया शिक्षकों व छात्रों को सम्मानित

### गुरु के बिना ज्ञान नहीं व ज्ञान के बिना शिष्य अधूरा : राकेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भारत विकास परिषद समर्पण शाखा द्वारा गुरु बन्दन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम के अन्तर्गत श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल अशोक में किया गया और गुरु शिष्य के महत्व को रेखांकित करते हुए स्कूल के दो शिक्षकों एवं 4 विद्यार्थियों को उनके एकादमिक कार्य के आधार पर शाखा की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाखा अध्यक्ष ईंजि राकेश गर्ग हर्ष प्रकाश काला द्वारा सभी शाखा पदाधिकारियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष ईंजि राकेश गर्ग ने कहा गुरु को श्रेष्ठ क्यों माना गया है उसके पीछे कई तर्क हैं परन्तु मैं समझता हूं जैसा कहा गया है गुरु बिन होय न ज्ञान, गुरु के बिना ज्ञान कदापि सम्भव नहीं है और बिना ज्ञान के उन्नति नहीं है। इसी लिए कहते हैं गुरु बिन ज्ञान नहीं ज्ञान के बिना उन्नति नहीं। रुड़की के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अजय भार्गव ने जीवन को स्वस्थ रखने और मन की एकाग्रता पर जोर दिया। वहीं इस अवसर पर स्कूल के दो शिक्षकों जिनमें रवि कुमार संगीत शिक्षक एवं श्रीमती किरण शाही जी हिन्दी शिक्षक को सर्वोच्च कार्य करने केलिए एवं स्कूल में, अनुशासन, शिक्षा एवं विभिन्न कार्यकलापों में अपनी




दक्षता के अग्रणी चार विद्यार्थियों को जिनमें कु मनीषा रावत 10वीं कक्षा, कु सोनाक्षी गुप्ता 9वीं कक्षा,कु माधवी 8वीं कक्षा एवं मंयक गुंसाई 7वीं कक्षा को स्कूल के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों के लिए स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र,शाल और बैग देकर सम्मानित किया गया। वहीं अंत में डाक्टर संजय जैन ने अपने को देश के प्रति समर्पित भावना रखने के लिए शपथ दिलाई।

### नौका ग्रंट में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भगवानपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत नौका ग्रंट में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ द्वारा की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत क्षेत्र से प्राप्त विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं का संबंधित विभागों की उपस्थिति में मौके पर ही गहन समीक्षा करते हुए निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में सभी विभागों से आए हुए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्होंने जनसमस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत में कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों के स्टाल भी लगाए गए। संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री दीपक रामचंद्र सेठ (पै) ने स्टालों का निरीक्षण कर महिलाओं के प्रयासों की सराहना की तथा उनके उत्पादों को प्रोत्साहन देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

यह कार्यक्रम शासन की जनकल्याणकारी सोच को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सशक्त पहल है, जिससे आम जनता को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने और त्वरित समाधान



प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। इस दौरान कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 20 का निस्तारण किया गया। बाकी के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र सेठ , भगवानपुर तहसीलदार दया राम सहित अनेक विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। ग्रामीणों में अशोक सैनी , पवन राठौर , सरदार गुरमीत सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# जी राम जी बिल पारित

हालिया विरोध के बावजूद आखिर सरकार लोकसभा में भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी विधेयक 2025 लोकसभा में पारित करने में सफल हो गई। इस विधेयक को मनरेगा के स्थान पर लाया गया है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिव. राज सिंह चौहान ने इस बिल के पक्ष में संसद में उम्मीद जताई है कि यह विधेयक महिला, युवा, गरीबों की जिंदगी बदलने का काम करेगा। यह विधेयक गरीबों की जिंदगी बदलेगा और आदर्श समाज की स्थापना करेगा। शिवराज सिंह चौहान के अनुसार कांग्रेस ने मनरेगा को पूरी तरह से भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया था। इस विधेयक पर लोकसभा में मध्य रात्रि तक बहस चली। जहां सत्ता पक्ष इस विधेयक के फायदे गिना रहा है, वहीं कांग्रेस व अन्य उसके सहयोगी विपक्षी दल उसका जमकर विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव प्रियंका गांधी ने जमकर इस बिल का विरोध किया और कहा कि यह संशोधन विधेयक 2025 गरीब विरोधी है और यह सरकार की मनरेगा को खत्म करने की रणनीति है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक से आने वाले महीनों में मनरेगा खत्म हो जाएगा, क्योंकि उनकी नजर में इसका बोझ राज्यों पर पड़ने वाला है। इसलिए यह योजना धीरे-धीरे खत्म हो जाएगी। दिलचस्प बात यह है कि मनरेगा में जहां एक वर्ष में सौ दिनों की काम की गारंटी दी गई थी, इस विधेयक में 125 दिनों की गारंटी दी गई है, लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं मानती। प्रियंका गांधी ने कहा भी कि सौ दिन से 125 दिन की मजदूरी वाली बात सिर्फ एक चालाकी है और इस बिल से आने वाले समय में मनरेगा खत्म हो जाएगी। कांग्रेस के अनुसार योजना देश के गरीब लोगों के लिए रोजगार का सहारा थी, जो कोरोना जैसे मुश्किल हालात में साथ देती थी। भले ही मनरेगा को खत्म कर दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस के रूप से लगता है कि वह इस मुद्दे को ऐसे नहीं छोड़ने वाली और इसे लेकर दूर तक जाने वाली है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा भी कि यह मनरेगा का केवल नाम बदलने का मामला नहीं है बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार योजना की योजनाबद्ध हत्या है और नए विधेयक के जरिये भाजपा सरकार उस अधिकार को छीन रही है जो कांग्रेस ने दिया था। यह काम के अधिकार को छीनने की जरूरत है। यह बड़ा मुद्दा है और पिछड़े वर्ग, दलित वर्ग व गरीबों के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस मनरेगा को लेकर हर राज्य और जिले में लड़ेगी, सरकार की भले ही इसके पीछे कुछ भी मंशा रही हो और मनरेगा में सरकार को खामियां ही खामियां नजर आ रही हों, लेकिन इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि इस योजना के चलते बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूरों को लाभ पहुंचा है। खामियां हर योजना में होती हैं, अच्छा होता कि सरकार सबको साथ लेकर आगे बढ़ती।

## मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है योगी सरकार



योगी सरकार जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों पर चर्चा से बचना चाहती है, इसलिए विधानसभा में वंदे मातरम जैसे विषयों को उठाया जा रहा है, जबकि इस पर पहले ही लोकसभा में चर्चा हो चुकी है, भाजपा की विचारधारा से जुड़े लोगों ने आजादी से पहले और बाद में कभी वंदे मातरम नहीं गाया और अब जरूरी मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए इस पर बहस कराई जा रही है, एकरंगी सरकार इमोशनल चर्चा करना चाहती है, सरकार के पास जनता के मुद्दे का कोई जवाब नही है, खाद का हाल देखा सभी ने, लाइन लगाने के बावजूद किसानों को किल्लत उठानी पड़ी, धान खरीद का मौसम है, बताए कितना तैयारी है, कारखाना एक भी बनाया, बिजली का निजीकरण किया जा रहा है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# बॉन्डी बीच हमले पर दिखी एक साधारण इंसान की वीरता





रजनीश कपूर

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉन्डी बीच पर हुआ आतंकी हमला पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। 14 दिसंबर 2025 को हनुक्का उत्सव के दौरान यह दिल दहला देने वाली घटना घटी, जब दो आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इस हमले में 15 निर्दोष लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए। आतंकवादी साजिद अक्रम और उनके बेटे नवेद अक्रम थे, जो इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित थे। यह हमला न केवल यहूदियों पर लक्षित था, बल्कि मानवता पर एक बड़ा आघात था। ऐसे में जब चारों तरफ अफरा-तफरी और डर का माहौल था, एक साधारण इंसान ने जो साहस दिखाया, वह न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि हमें यह सिखाता है कि संकट की घड़ी में आम आदमी भी असाधारण बहादुरी दिखा सकता है। एक साधारण नागरिक, अहमद अल-अहमद ने जो साहस दिखाया, वह इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया। जब चारों तरफ लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे, उस वक्त अहमद ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने एक हमलावर की ओर दौड़ लगाई, उससे बंदूक छीनी और उसे निरस्त्र कर दिया। इस संघर्ष में अहमद खुद घायल हो गए, लेकिन उनकी इस बहादुरी से अनगिनत जानें बच गईं। वीडियो फुटेज में साफ दिखता है कि कैसे एक आम इंसान ने मौत को आंखों में झांककर आतंकवादी का मुकाबला किया। अहमद अल-अहमद कोई प्रशिक्षित सैनिक नहीं हैं और न ही कोई पुलिस अधिकारी हैं। 43 वर्षीय अहमद एक सीरिया मूल के मुस्लिम हैं, जो ऑस्ट्रेलिया में फल बेचने का साधारण काम करते हैं। लेकिन, जब संकट आया तो उन्होंने सोचा नहीं, बस आगे बढ़ गए। यह वीरता हमें याद दिलाती है कि साहस दिल में होता है, पद या हथियार में नहीं। आज की दुनिया में जहां आतंकवाद जैसे खतरे बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे उदाहरण दुर्लभ लेकिन बेहद जरूरी हैं। अहमद की यह बहादुरी न केवल बॉन्डी बीच के पीड़ितों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए प्रेरणा बन गई है। अहमद की यह वीरता इसलिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमला इस्लामिक स्टेट की विचारधारा से प्रेरित था और अहमद खुद एक मुस्लिम हैं।

उन्होंने साबित कर दिया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह घृणा और हिंसा की विच. ारधारा है, जो किसी भी समुदाय को निशाना बना सकती है, लेकिन साहस और मानवता की भावना हर धर्म और समुदाय में मौजूद है। अहमद ने न केवल यहूदियों की जान बचाई, बल्कि पूरे मुस्लिम समुदाय को एक संदेश दिया कि सच्चा धर्म सेवा और सुरक्षा में है, न कि हिंसा में। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री और पुलिस ने उन्हें श्हीरोश करार दिया है।

अस्पताल में भर्ती अहमद ने कहा कि वे फिर से वही करेंगे, क्योंकि उन्होंने निर्दोषों को मरते देखा और चुप नहीं रह सके। दुनिया भर के नेताओं ने उनकी प्रशंसा की और 'गोफंडमी' जैसे प्लेटफॉर्म पर उनके लिए सहायता राशि जुटाई जा रही है। यह सम्मान उन्हें इसलिए मिला क्योंकि उन्होंने साबित किया कि एक साधारण व्यक्ति भी बड़ा बदलाव ला सकता है। आतंकवाद आज वैश्विक समस्या है। भारत हो या ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस हो या अमेरिका . कहीं न कहीं नफरत की यह आग भड़कती रहती है। ऐसे में सरकारें, पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां अपना काम करती हैं, लेकिन कभी-कभी स्थिति इतनी तेजी से बिगड़ती है कि आम नागरिक को ही आगे आना पड़ता है। बॉन्डी बीच की घटना हमें यही सिखाती है। अगर हम डरकर चुप रहें, भागें या नजर फेर लें, तो आतंकवादी अपने मकसद में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन अगर एक व्यक्ति भी खड़ा हो जाए, तो पूरी स्थिति बदल सकती है।


अहमद ने यही किया। उनकी वीरता ने न केवल हमलावर को रोका बल्कि अन्य लोगों को भी प्रेरित किया कि संकट में एकजुट होकर मुकाबला करें। भारत जैसे देश में, जहां हम आए दिन आतंकी खतरों का सामना करते हैं, अहमद की यह कहानी विशेष रूप से प्रासंगिक है। याद कीजिए 26/11 के मुंबई हमलों में ताज होटल के कर्मचारियों ने कैसे जान जोखिम में डालकर मेहमानों को बचाया था। यानी आम नागरिकों की बहादुरी भी कम नहीं। बॉन्डी बीच की घटना हमें बताती है कि साहस कोई जन्मजात गुण नहीं, बल्कि परिस्थिति में लिया गया निर्णय है। हमें अपने बच्चों को यही सिखाना चाहिए . कि गलत के खिलाफ खड़ा होना जरूरी है, चाहे परिणाम कुछ भी हो। आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया और आराम की जिंदगी में डूबी है। ऐसे में अहमद जैसे उदाहरण उन्हें जगाते हैं। वे दिखाते हैं कि हीरो फिल्मों में नहीं, असल जिंदगी में पैदा होते हैं। एक साधारण इंसान, जब फैसला लेता है कि अब बस बहुत हुआ, तो वह असाधारण बन जाता है। अहमद की कहानी हमें यह भी सिखाती है कि विविधता में एकता ही हमारी ताकत है। ऑस्ट्रेलिया एक बहुसांस्कृतिक देश है, ठीक भारत की तरह। वहां मुस्लिम नागरिक ने यहूदी समुदाय को बचाया . यह संदेश दुनिया भर में फैलना चाहिए कि नफरत की विचारधारा को हराने के लिए हमें सीमाओं से ऊपर उठना होगा।

सरकारों को भी इस घटना से सबक लेना चाहिए। ऑस्ट्रेलिया में बंदूक कानूनों को और सख्त करने की बात हो रही है। भारत में भी आतंकवाद विरोधी नीतियों को मजबूत करना जरूरी है। लेकिन साथ ही, नागरिकों में जागरूकता और साहस का संचार भी आवश्यक है।

स्कूलों में, सामुदायिक कार्यक्रमों में ऐसी कहानियां सुनाई जानी चाहिए जो लोगों को प्रेरित करें। अहमद अल-अहमद की वीरता को दुनिया भर में सम्मानित किया जाना चाहिए, जैसे कि कोई पुरस्कार या कोई स्मारक। क्योंकि ऐसे लोग समाज के असली रक्षक होते हैं। बॉन्डी बीच हमला दर्दनाक है, लेकिन अहमद की बहादुरी इसे उम्मीद की कहानी बना देती है। यह हमें याद दिलाती है कि अंधेरे में भी प्रकाश होता है, बशर्ते हम दिया जलाने की पहल करें। हर आम इंसान में एक हीरो छिपा है। जब कभी संकट आए, तो डरें नहीं, आगे बढ़ें। अहमद की तरह साहस दिखाएं। यही हमारी जीत होगी, केवल आतंकवाद पर नहीं, बल्कि मानवता की जीत।

# प्राचीन सौर तूफान से तबाही के चिन्ह

**सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवे. शित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।**



लगभग 14,300 साल पहले फ्रांस स्थित चीड़ के जंगल में एक असाधारण घटना घटी थी, जिसके निशान हाल ही में उजागर हुए हैं। मियाके इवेंट नामक इस घटना में सौर कणों की इतनी शक्तिशाली बमबारी हुई थी कि ऐसी घटना यदि आज हुई होती तो इससे संचार उपग्रह तो नष्ट होते ही, साथ में दुनिया भर की बिजली ग्रिड को भी गंभीर नुकसान हुआ होता। यह दिलचस्प जानकारी पेरिस स्थित कॉलेज डी फ्रांस के जलवायु विज्ञानी एडुआर्ड बार्ड के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन से मिली है। उन्होंने फ्रांस के आल्प्स जंगलों में नदी के किनारे दबे पेड़ों के वलयों की जांच करके यह जानकारी दी है। ऐसा माना जाता है कि मियाके घटनाएं सूर्य द्वारा उत्सर्जित उच्च-ऊर्जा प्रोटॉन्स के परिणामस्वरूप होती हैं, क्योंकि आधुनिक समय में अभी तक ऐसी कोई भी घटना नहीं देखी गई है इसलिए वैज्ञानिक इस रहस्य को जानने का प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सूरज से ऊर्जावान कणों के बौछार की घटनाएं देखी गई हैं लेकिन मियाके घटना अब तक ज्ञात दस सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। इसका ऊर्जा स्तर 1859 की सौर चुंबकीय कैरिंगटन घटना से भी अधिक था। गौरतलब है कि सूरज से ऊर्जित कणों से सम्बंधित घटनाओं के सबूत पेड़ की वलयों और बर्फ के केंद्रीय भाग में दर्ज हो जाते हैं, जिसमें आवेशित सौर कण वायुमंडल के अणुओं से संपर्क में आने पर कार्बन के रेडियोधर्मी समस्थानिक, कार्बन-14 में वृद्धि करते हैं। कार्बन-14 समय के साथ क्षय होता रहता है और इसके क्षय की स्थिर दर इसे कार्बनिक पदार्थों की डेटिंग के लिए उपयोगी बनाती है। पेड़ की वलयों में कार्बन-14 की बढ़ी हुई मात्रा मियाके घटना की ओर इशारा करती है।

विशेषज्ञों के अनुसार आखिरी ग्लेशियल मैक्सिमम के अंत में बर्फ की चादरों के पिघलने से नदियों का बहाव तेज हो गया। बहाव के साथ आने वाली तलछट के नीचे ऑक्सीजन विहीन पर्यावरण में पेड़ों के तने संरक्षित रहे। ये पेड़ आज भी सीधे खड़े हैं। 172 पेड़ों से लिए गए कार्बन-14 नमूनों का अध्ययन करने पर 14,300 साल पहले कार्बन-14 की अतिरिक्त मात्रा का पता चला। समय की सही गणना के लिए शोधकर्ताओं ने सौर गतिविधि के एक अन्य संकेतक-बर्फीली कोर में बेरीलियम-10 - अध्ययन किया और पाया कि कार्बन-14 और बेरीलियम-10 दोनों में वृद्धि एक ही समय दर्ज हुई हैं, जो अभूतपूर्व सौर गतिविधि का संकेत है।

फिलॉसॉफिकल ट्रांजेक्शन्स ऑफ रॉयल सोसायटी-ए में प्रकाशित यह खोज इसलिए दिलचस्प मानी जा रही है कि यह घटना अपेक्षाकृत शांत सौर हलचल के दौरान हुई। अनुमान है कि सूर्य की सतह के नीचे चुंबकीय क्षेत्र बनकर सौर तूफान के रूप में फूट गया होगा। वैज्ञानिक सौर तूफानों की आवृत्ति और उसके नतीजों को बेहतर समझने का प्रयास कर रहे हैं। आज प्रौद्योगिकी पर हमारी अत्यधिक निर्भरता के कारण इनके परिणाम घातक हो सकते हैं। संचार, पॉवर ग्रिड और जीपीएस पर निर्भर वित्तीय बाजार अधिक प्रभावित होंगे।

**स्रोत फीचर्स**

# दयालुता मानवीय जीवन का सौंदर्य है



आज दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिए प्रतिवर्ष 13 नवम्बर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लाएगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरुआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनी. तिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की।

'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाए'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाएं और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि ह्मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।ह्व इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं, क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है। 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियां साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है। इसमें कोई शक नहीं कि इसे समझना आसान नहीं है लेकिन एक छोटा सा कार्य भी बदलाव ला सकता है। आज एक दयालु दुनिया को निर्मित करने की अपेक्षा है, जिसके नागरिकों में समानुभूति हो, सुनने का अच्छा कौशल हो, सामाजिक सहयोग की भावना हो दान करने की प्रवृत्ति हो। उदारता, परोपकार, मददगार, विनम्रता की भावना से दुनिया को अधिक मानवीय बनाय जा सकता है। इसी एक भाव में दुनिया की जटिल समस्याओं के समाधान निहित है, चाहे वह युद्ध हो, हिंसा हो, भूख हो, गरीबी हो, अभाव हो, पीड़ा एवं परेशानी हो। खलील जिब्रान ने कहा भी है कि दया बर्फ की तरह है। यह जिस चीज को ढक लेती है उसे सुंदर बना देती है। विश्व दयालुता दिवस हमें यह विश्वास करने के लिए भी प्रेरित करता है कि दयालुता का एक कार्य हमारे बीच, समाज में और समुदाय में वैश्विक परिवर्तन ला सकता है। यह एक ऐसा गुण है जिसे मिलनसार, उदार और विचारशील होने के रूप में परिभाषित किया गया है। दयालुता से संबंधित शब्द स्नेह, गर्मजोशी, नम्रता, चिंता, देखभाल आदि हैं। दयालु होने के लिए साहस और शक्ति की आवश्यकता होती है। यह एक पारस्परिक कौशल एवं मानवीय संवेदना है। दयालुता दूसरे की सफलता का जश्न मनाने और जरूरत पड़ने पर किसी जरूरतमंद, अभावग्रस्त एवं पीड़ित व्यक्ति की मदद करने की इच्छा की अभिव्यक्ति का माध्यम है। यह एक अलौकिक मानवीय गुण है जो हमें मुस्कानों से भरकर ताजा एवं ईश्वरतुल्य बना देता है। इसीलिए दयालुता पवित्र आभामंडल के ऊध्वारोहण का संवाहक है। आज जरूरत ऐसे दयालु चरित्रवाल व्यक्तियों की है जो प्रेम, संवेदनशीलता एवं सदाचार की फसल उगा सके। भीड़ में उभरते हुए ऐसे दयालु व्यक्तित्व ही वार्तमानिक समस्याओं का रचनात्मक समाधान देने में सक्षम हो सकते हैं। नए सोच के साथ नए रास्तों पर फिर एक बार उस सफर की शुरुआत करें जिसकी गतिशीलता जीवन-मूल्यों को फौलादी सुरक्षा दे सके।

**...साभार डीटी**




प्रयागराज। वीबी-जी राम जी विधेयक के तहत मनरेगा का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में प्रदर्शन करते कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता।

## चीन ने हैनान के मुख्य बंदरगाह द्वीप पर शुरू किए विशेष कस्टम अभियान

**बीजिंग।** चीन ने हैनान के मुक्त व्यापार बंदरगाह (एफटीपी) पर विशेष सीमा शुल्क अभियान शुरू किया है। इसका मुख्य उद्देश्य विदेशी सामानों का आसान प्रवेश, बिना शुल्क दिए व्यापार और उसके अधिक अनुकूल उपायों लागू करना है। इस कदम को दुनियाभर में बढ़ते संरक्षणवाद के समय में मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और खुलेपन का विस्तार करने के चीन के चल रहे प्रयासों के तहत एक ऐतिहासिक निर्णय के रूप में देखा जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत 30000 वर्ग किमी से अधिक के इस द्वीप को एक विशेष कस्टम निगरानी क्षेत्र के रूप में नामित किया गया है।

## ऑस्ट्रेलिया आतंकी हमले पर हमें बेवजह बदनाम किया: पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने कहा कि आस्ट्रेलिया में आतंकी हमले को लेकर उन्हें बेवजह बदनाम किया गया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने इसे भारत-इजरायल जैसे दुश्मन देशों की साजिश बताया। मीडिया ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि हमलावर को पाकिस्तान से जोड़ने का मकसद देश की छवि को खराब करना था। उन्होंने कहा कि बिना किसी सबूत और दस्तावेज के पाकिस्तान पर आरोप लगाए गए। तरार ने आरोप लगाया कि इस झूठी खबर को खासतौर पर भारत और इजरायल में सोशल मीडिया और इलेक्ट्रानिक मीडिया के जरिए फैलाया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि झूठी खबरों से पाकिस्तान को जो नुकसान हुआ।

# लंदन में मिले भारत के दो भगोड़े

## देश से फरार कारोबारी ललित मोदी ने ऐसे मनाया विजय माल्या का 70वां जन्मदिन

**लंदन।** देश से फरार कारोबारी ललित मोदी और विजय माल्या एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह है लंदन में हुई एक भव्य पार्टी, जिसमें ललित मोदी ने अपने दोस्त माल्या के 70वें जन्मदिन से पहले खास आयोजन किया।

भारत में जिन दोनों पर करोड़ों रुपये के घोटाले और कर्ज न चुकाने के आरोप हैं, वे विदेश में खुलकर जश्न मनाते नजर आए। पूर्व आईपीएल चेयरमैन ललित मोदी ने यह प्री-बर्थडे पार्टी अपने लंदन स्थित आलीशान घर में रखी। विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था। 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी। पार्टी की जानकारी अंतर्राष्ट्रीय फोटोग्राफर



■ विजय माल्या का जन्म 18 दिसम्बर 1955 को हुआ था, 16 दिसम्बर को यह पार्टी रखी गई थी

जिम राइडेल ने सोशल मीडिया पर शेयर की। उन्होंने ललित मोदी और विजय माल्या की तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा कि ललित ने अपने सुंदर घर में विजय माल्या के लिए शानदार प्री-70वां बर्थडे पार्टी रखी। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए ललित मोदी ने लिखा कि सभी मेहमानों का धन्यवाद, जिन्होंने उनके घर आकर उनके दोस्त विजय माल्या का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विजय माल्या ने भी इस पोस्ट को रीट्वीट किया। इस पार्टी में मशहूर बिजनेसवुमन और बायोकान की संस्थापक किरण मजूमदार-शा भी मौजूद रहीं। इसके अलावा हालीवुड अभिनेता इद्रिस एल्बा और फेमस फैशन डिजाइनर मनोवीराज खोसला भी पार्टी में नजर आए। सोशल मीडिया पर आई तस्वीरों में किरण मजूमदार-शा को कभी मनोवीराज खोसला के साथ खड़े देखा गया तो कभी वह इद्रिस एल्बा से बातचीत करती दिखीं। जिम राइडेल ने इंस्टाग्राम पर पार्टी का इनविटेशन कार्ड भी साझा किया। इस कार्ड में लिखा था कि रीमा और ललित अपने प्रिय मित्र विजय माल्या के सम्मान में एक ग्लैमरस शाम का आयोजन कर रहे हैं। कार्ड में विजय माल्या को 'किंग आफ गुड टाइम्स' कहा गया था। यह पहली बार नहीं है जब ललित मोदी और विजय माल्या साथ दिखे हों। इससे पहले 29 नवम्बर को ललित मोदी ने लंदन में अपना 63वां जन्मदिन भी बड़े धूमधाम से मनाया था। यह पार्टी लंदन के मैफेयर इलाके के मशहूर मैडाक्स क्लब में आयोजित की गई थी। उस पार्टी में भी विजय माल्या शामिल हुए थे।

# भारत-ओमान के बीच अहम व्यापार समझौता

## आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत, खाड़ी क्षेत्र में भारतीय उत्पादों के लिए खुला रास्ता

**मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं**

**नई दिल्ली।** भारत और ओमान ने आज अपने आर्थिक संबंधों में एक नए युग की शुरुआत की है। दोनों देशों के बीच गुरुवार को आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता न केवल भारतीय निर्यातकों के लिए भारी अवसर लेकर आया है, बल्कि 2006 में अमेरिका के साथ हुए समझौते के बाद ओमान की ओर से किसी भी देश के साथ किया गया यह पहला द्विपक्षीय व्यापार समझौता है।

व्यापारिक नजरिये से देखें, तो वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 10 अरब डालर के पार पहुंच चुका है। ओमान में करीब सात लाख भारतीय रहते हैं, जो सालाना लगभग 2 अरब डालर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यह समझौता इन संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगा। ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डालर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्रा 5.31 प्रतिशत है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा। मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कारपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है। भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, आडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) कर सकेंगी। शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, काफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें (इनसपवद) और स्क्रैप धातु जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है। ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा (टीआरआईक्यू) उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों। ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

## पीएम मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान

**मस्कट।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया गया है। ओमान ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान के लिए उन्हें 'आर्डर ऑफ ओमान' से सम्मानित किया है। राजधानी मस्कट में ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अल सईद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। पीएम मोदी अभी ओमान के दौरे पर है, जो उनके तीन देशों के दौरे का अंतिम पड़ाव है, वे आज ही ओमान से वापस स्वदेश लौटेंगे। वे 15 से 18 दिसम्बर के बीच जार्डन, इथियोपिया और ओमान के दौरे पर गए थे। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया ने भी 'ग्रेट आनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया था। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डा. अबी अहमद अली ने उन्हें दिया था। बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने



■ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए मिला 'आर्डर ऑफ ओमान'

वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है।


## भारत और नीदरलैंड रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और सहयोग बढ़ाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत और नीदरलैंड ने रक्षा क्षेत्र में साझेदारी और रक्षा प्रौद्येगिकी तथा उद्योग के क्षेत्रा में सहयोग बढाने के लिए गुरुवार को यहां आशय पत्रों का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील मौजूद थे। सिंह ने यहां वैन के साथ वार्ता की और दोनों देशों के बीच मजबूत तथा बढ़ती रक्षा साझेदारी की पुष्टि की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए प्राथमिकता वाले क्षेत्रों सहित कई द्विपक्षीय सुरक्षा और रक्षा मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने रणनीतिक साझेदारी के एक प्रमुख स्तंभ के रूप में रक्षा सहयोग विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सैन्य-से-सैन्य सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। बातचीत के दौरान भारत और नीदरलैंड ने स्वतंत्रा, खुले, समावेशी और नियम-आधारित हिन्द प्रशांत क्षेत्रा के प्रति साझा प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मंत्रियों ने घनिष्ठ रक्षा साझेदारी और दोनों देशों के रक्षा उद्योगों को खासकर विशिष्ट प्रौद्योगिकी के क्षेत्रा में जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों मंत्रियों की उपस्थिति में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और भारत में नीदरलैंड की राजदूत सुमारिसा गेराड्र्स ने रक्षा सहयोग पर आशय पत्रा का आदान-प्रदान किया।

## दिल्ली से मुंबई तक भारत हार नहीं भूलेगा: शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी सेना ने भारत को कभी न भूलने वाला सबक दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मुंबई तक भारत इस हार का दर्द कभी नहीं भूलेगा। शहबाज ने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने देश की जनता की दुआओं से यह जीत हासिल की। उन्होंने यह बयान खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में हरिपुर यूनिवर्सिटी में दिया।

शहबाज ने दावा किया कि 87 घंटे तक चले इस संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत के 6 लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। साथ ही कई ड्रोन भी मार गिराए। पाकिस्तानी पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले का पाकिस्तान पर गलत इल्जाम लगाया है। इसके बाद उन्होंने हम पर सैन्य कार्रवाई की। पहलगाम में 22 अप्रैल को टूरिस्टों पर आतंकवादी हमला हुआ, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। ये आतंकी पाकिस्तान से जुड़े थे। 22 अप्रैल को पहलगाम की बायसरन घाटी में आतंकियों ने टूरिस्ट्स पर गोली चलाई थीं। हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। शहबाज इससे पहले भी ऐसी बयानबाजी कर चुके हैं। हालांकि इससे पहले उन्होंने सितम्बर में भारत के 7 विमान



■ पाकिस्तानी पीएम ने कहा: मोदी सरकार को सबक सिखाया, 6 लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया

गिराने का दावा किया था। उन्होंने यूएन में दिए गए भाषण में भारत पर पाकिस्तान की जीत का दावा किया था। शहबाज ने कहा कि उन्होंने पहलगाम हमले की निष्पक्ष अंतर्राष्ट्रीय जांच की अपील की थी, लेकिन भारत ने उस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। उन्होंने कहा कि भारत का कटरपंथी हिंदुत्व दुनिया के लिए एक गंभीर खतरा है। शरीफ ने कहा कि वे पिछले साल ही यूएन के मंच से चेतावनी दे चुके थे कि पाकिस्तान किसी बाहरी हमले को सहने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी चेतावनी सच साबित हुई। इस साल मई में बिना उकसावे के पाकिस्तान पर हमला हुआ।

## वेनेजुएला के साथ जंग की घोषणा कर सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी ब्राडकास्टर टकर कार्लसन ने दावा किया है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प वेनेजुएला के साथ युद्ध की घोषणा कर सकते हैं। टकर कार्लसन ने यह बात अपने आनलाइन शो 'जजिंग फ्रीडम' में कही। उनके मुताबिक, एक अमेरिकी सांसद ने उन्हें बताया कि सांसदों को ट्रम्प के संबोधन से पहले एक बंद कमरे में ब्रीफिंग दी गई थी।

इस ब्रीफिंग में कहा गया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच सैन्य टकराव की स्थिति बन सकती है और राष्ट्रपति इसे भाषण में सार्वजनिक कर सकते हैं। यह दावा ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से

■ अमेरिकी राष्ट्रपति बोले: वेनेजुएला ने हमारी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था, चुराई संपति वापस करे

■ वेनेजुएला हमारे तेल और ऊर्जा अधिकारों को वापस जिन्हें अवैध रूप से छीन लिया गया था

छीन लिया गया था। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला ने 1976 में अमेरिकी तेल कंपनियों को जबरन भगाया था और उनकी संपत्ति भी जब्त कर ली थी। ट्रम्प ने वेनेजुएला पर दबाव बढ़ाते हुए प्रतिबंधित तेल टैंकरों के वेनेजुएला आने-जाने पर पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया है। ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफार्म पर लिखा कि वेनेजुएला दक्षिण अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़ी नौसेना घेराबंदी से घिरा हुआ है। यह घेराबंदी और बढ़ेगी, जब तक कि वेनेजुएला अमेरिका से चुराए गए तेल, जमीन और दूसरी संपत्तियों को वापस नहीं लौटाता। ट्रम्प का दावा है कि वेनेजुएला ने अमेरिकी कंपनियों के तेल अधिकार अवैध रूप से छीन लिए थे। दरअसल, 1976 में वेनेजुएला की सरकार ने (राष्ट्रपति कार्लोस आंद्रेस पेरेज के समय) पूरे तेल उद्योग का राष्ट्रीयकरण कर दिया। इसका मतलब था कि विदेशी तेल कंपनियां (ज्यादातर अमेरिकी, जैसे एक्सान, गल्फ आयल, मोबिल आदि) जो दशकों से वहां तेल निकाल रही थीं, उनके सभी आपरेशंस और संपत्तियां वेनेजुएला की नई सरकारी कंपनी पेट्रोलियोस डे वेनेजुएला (पीडीवीएसए) के पास चली गईं।

## इजरायल, मिस्र के बीच ऐतिहासिक गैस निर्यात समझौता

**काहिरा।** इजरायल ने मिस्र के साथ देश के इतिहास का सबसे बड़ा गैस निर्यात समझौता किया है, जिसकी कीमत 112 बिलियन शेकेल (34.6 बिलियन डॉलर) है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि इजरायल के प्रिय नागरिकों, आज मैंने इजरायल के इतिहास के सबसे बड़े गैस सौदे को मंजूरी दी है। यह सौदे 112 बिलियन शेकेल का है। इसमें से 58 बिलियन शेकेल (17.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर) सरकारी खजाने में जाएंगे। अमेरिकी कंपनी शेवरॉन के साथ हुए इस सौदे में इजरायली भागीदार भी शामिल हैं और वे मिस्र को गैस की आपूर्ति करेंगे।

# हिजाब विवाद पर पाकिस्तान का आया बयान

## इस्लामाबाद ने भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया

**इस्लामाबाद।** भारतीय राज्य बिहार में मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार से जुड़े एक विवादित वीडियो को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिक्रिया शुरू हो गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब कथित तौर पर जबरन हटाने की घटना की कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान ने इसे भारत में मुस्लिम महिलाओं के अपमान को सामान्य बनाने की कोशिश करार दिया है।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने गुरुवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता द्वारा सार्वजनिक मंच पर एक मुस्लिम महिला का हिजाब जबरन हटाना और फिर उसका मज़ाक उड़ाया जाना बेहद चिंताजनक है और इसकी कड़ी निंदा होनी चाहिए। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने पत्राकारों से बात करते हुए कहा: इस तरह की घटनाएं भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों, खासतौर पर मुस्लिम समुदाय के साथ हो रहे



■ यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ

दुर्व्यवहार को दर्शाती हैं। पाकिस्तान ने भारत सरकार से अपील की कि वह इस घटना की गंभीरता को समझे, अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा करे, धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान करे और मानवीय गरिमा को सुरक्षित रखे। यह विवाद तब शुरू हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक सरकारी कार्यक्रम के दौरान एक मुस्लिम महिला डाक्टर का हिजाब हटाते नजर आ रहे हैं। यह घटना 15 दिसम्बर को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित एक नियुक्ति पत्रा वितरण समारोह के दौरान हुई, जहां डाक्टरों को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौंपे जा रहे थे। हालांकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस कार्यक्रम की तस्वीरें अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा की हैं, लेकिन जिस महिला डाक्टर का हिजाब हटाने का आरोप है, उसकी तस्वीरें पोस्ट में शामिल नहीं हैं। वीडियो सामने आने के बाद देशभर में तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। घटना के बाद विपक्षी दलों, सामाजिक संगठनों और आम लोगों ने मुख्यमंत्री के व्यवहार को असंवेदनशील और अपमानजनक बताया। कई लोगों का कहना है कि एक संवैधानिक पद पर बैठे नेता से इस तरह के आचरण की उम्मीद नहीं की जा सकती, खासकर जब मामला धार्मिक आस्था और व्यक्तिगत सम्मान से जुड़ा हो।







# 'टैरिफ' मेरा फेवरेट अंग्रेजी शब्द: ट्रम्प

## कहा: इससे 8 जंग रुकवाई, अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को कहा कि टैरिफ अंग्रेजी का उनका फेवरेट शब्द है। ट्रम्प ने दावा किया कि इसकी मदद से उन्होंने अपने कार्यकाल के पहले 10 महीनों में दुनिया भर में 8 युद्धों को रोका। ट्रम्प ने अपने कार्यकाल के 11 महीने पूरे होने पर व्हाइट हाउस से राष्ट्र को संबोधित किया। ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने सत्ता छोड़ते समय उन्हें एक बड़ा संकट सौंपा था।

ट्रम्प ने अमेरिका में महंगाई के मुद्दे को नजरअंदाज करते हुए जोर दिया कि कनाडा, मैक्सिको, ब्राजील और भारत सहित कई देशों पर लगाए गए टैरिफ से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि टैरिफ की वजह से अमेरिका ने उम्मीद से ज्यादा पैसा कमाया है। वहीं, डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने ट्रम्प के भाषण की आलोचना की है। सांसद



■ विपक्ष बोला: राष्ट्रपति सिर्फ 'मैं' 'मैं' करते हैं

क्रिस वैन होलेन ने कहा कि आज रात ट्रम्प ने कितने झूठ बोले, इसका हिसाब रखना तो मुश्किल है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रम्प पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज राष्ट्रपति के भाषण में सिर्फ एक शब्द सुनाई दिया, मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं मैं। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अब दुनिया अमेरिका का मजाक नहीं उड़ाती, बल्कि उसका सम्मान करती है। ट्रम्प ने आगे कहा कि हमारा राष्ट्र मजबूत है। अमेरिका का सम्मान है, और हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत होकर उभरा है। हम एक ऐसे आर्थिक उछाल के लिए तैयार हैं जैसा दुनिया ने पहले कभी नहीं देखा। ट्रम्प ने अपने भाषण में महंगाई और जीवन यापन पर ज्यादा बात नहीं की। हालांकि उन्होंने कहा कि किराने का सामान, कारें और अन्य वस्तुओं की कीमतें नीचे आ रही हैं। अपनी खास नीतियों से बढ़ी महंगाई को वे ठीक कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने दावा किया कि ऊर्जा और भोजन की कीमतें अब नियंत्राण में आ रही हैं। हालांकि, आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भोजन और ऊर्जा की कीमतें अभी भी बढ़ रही हैं। ट्रम्प की टैरिफ नीतियों को भी कीमतें बढ़ाने का एक कारण बताया जा रहा है, हालांकि वे इन्हें देश के लिए राजस्व का बड़ा स्रोत बताते हैं।

## कंबोडिया-थाईलैंड सीमा संघर्ष में अब तक 18 नागरिकों की मौत

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सीमा पर जारी झड़पों के बीच कंबोडिया में नागरिकों की मौत का आंकड़ा बढ़कर 18 हो गया है। कंबोडिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता टच सोखक ने गुरुवार सुबह एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि बुधवार शाम 6 बजे तक संघर्ष में मारे गए कंबोडियाई नागरिकों की कुल संख्या 18 तक पहुंच गई है और घायलों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। सोखक ने कहा कि विस्थापित लोगों की कुल संख्या बढ़कर 144066 परिवारों तक पहुंच गई है, जिसमें 476179 व्यक्ति शामिल हैं। इनमें 240000 से अधिक महिलाएं और लगभग 130000 बच्चे शामिल हैं।